रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरूवार 06 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-284 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### सौम्या-रानू की बढ़ी रिमांड, 14 दिन के लिए जेल भेजा



**रायपुर।** बहुचर्चित कोयला घोटाले में एक बार फिर से निलंबित आईएएस अफसर रानू साहू और राज्य सरकार की अफसर रही सौम्या चौरसिया को जेल भेज दिया गया है। बुधवार को विशेष कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश जारी किया। इसके मुताबिक अब 18 जून तक रानू साहू और सौम्या चौरसिया को जेल में रहना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि, रिमांड खत्म होने के बाद ईओडब्ल्यू ने दोनों को विशेष कोर्ट में पेश किया था।

### भाजपा ने सभी निर्वाचित सांसदों को दिल्ली बुलाया

**रायपुर।** मोदी एनडीए गठबंधन के नेता चुने गए है। वे तीसरे बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे। प्रधानमंत्री आवास में आयोजित एनडीए की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित हुआ। वहीं भाजपा ने अपने सभी निर्वाचित सांसदों को दिल्ली बुलाया है। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री को भी दिल्ली बुलाए गए हैं। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और नव निर्वाचित सभी दस सांसद कल दिल्ली जाएंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर गठित प्रबंध समितियों की बैठक होगी, जिसमें सीएम साय भी शामिल होंगे।

### रेवंत रेड्डी ने कांग्रेस को समर्थन देने के लिये लोगों का धन्यवाद किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने राज्य के लोगों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि लोगों ने कांग्रेस के 100 दिन के शासन को पसंद किया है। रेड्डी ने अपने आवास पर मीडिया को बताया कि विधानसभा चुनावों की तुलना में संसदीय चुनावों में कांग्रेस के वोटों का प्रतिशत बढ़ा है, जो उनके एजेंडे के लिए लोकप्रिय समर्थन का संकेत देता है। उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस के 100 दिनों के शासन का समर्थन किया है। उन्होंने भारत राष्ट्र समिति नेताओं पर भारतीय जनता पार्टी के लाभ के लिए अपनी ही पार्टी को कमजोर करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआरएस ने इस चुनाव में अपनी आत्मा का बलिदान दिया है।

# राजग दलों ने मोदी को सर्वसम्मति से चुना नेता

## फिर मोदी सरकार बनने की उम्मीद में बाजार ने लगाई ऊंची छलांग

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव में बहुमत हासिल करने के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 15 घटक दलों की बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें सभी दलों ने सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित करके मोदी को गठबंधन का नेता चुना और उनके नेतृत्व में राजग सरकार का समर्थन किया। मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं गृह मंत्री अमित शाह के अलावा गठबंधन के दूसरे सबसे बड़े घटक दल तेलुगु देशम पार्टी के नेता एन चंद्रबाबु नायडू, जनता दल यू के नीतीश कुमार, राजीव रंजन सिंह एवं संजय झा, लोजपा रामविलास के चिराग पासवान, शिवसेना के नेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे, जनता दल सेकुलर के नेता एच डी कुमारस्वामी, हिन्दुस्तानी अवाम पार्टी के जीतनराम मांझी, अपना दल (सोनेलाल) की अनुप्रिया पटेल, जनसेना पार्टी के पवन कल्याण, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुनील तटकरे एवं प्रफुल्ल पटेल, राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी, यूपीपीएल के प्रमोद बोडो, असम गण परिषद के अतुल बोरा, एसकेएम के इंद्र हांग सुब्बा, ऑल झारखण्ड स्टूडेंट्स यूनियन के सुदेश महतो शामिल हुए। बैठक करीब डेढ़ घंटे चली जिसमें सहयोगी दलों ने मोदी के नेतृत्व में राजग की नयी सरकार के गठन के लिए अपने अपने समर्थन पत्र सौंपे तथा एक प्रस्ताव पारित किया कि 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। बहुत लंबे अंतराल, लगभग छह दशक बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। प्रस्ताव में कहा गया, हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव राजग ने मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता।



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद सहयोगी दलों के समर्थन से केंद्र में एक बार फिर मोदी सरकार बनने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले दिवस के कोहराम से उबरकर शेयर बाजार ने ऊंची छलांग लगाई। मतगणना में भारतीय जनता पार्टी ने अपने दम पर 240 सीटें जीती हैं। साथ ही अन्य सहयोगियों के समर्थन से केंद्र में एक बार फिर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। इससे निवेशकों का भरोसा लौटा और उनकी निवेश धारणा मजबूत होने से बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2303.19 अंक अर्थात 3.20 प्रतिशत की उड़ान भरकर 74,382.24 अंक हो गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 735.85 अंक यानी 3.36 प्रतिशत उछलकर 22,620.35 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह दिग्गज कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 4.41 प्रतिशत की छलांग लगाकर 42,585.97 अंक और स्मॉलकैप 2.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,277.55 अंक पर रहा।

### मोदी ने मंत्रिपरिषद् के साथ राष्ट्रपति मुर्मु को इस्तीफा सौंपा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलकर उन्हें अपना और अपनी मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा सौंप दिया। राष्ट्रपति ने उनका और मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है तथा उन्हें नयी सरकार के गठन तक कार्यभार संभालने का अनुरोध किया है। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि मोदी ने मुर्मु से मुलाकात की और अपना तथा मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा उन्हें सौंप दिया। राष्ट्रपति ने केन्द्र में नयी सरकार का गठन होने तक प्रधानमंत्री को कार्यभार संभाले रखने का अनुरोध किया है। इससे पहले मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक हुई जिसमें 17 वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गयी। सत्रहवीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है। उल्लेखनीय है कि 18वीं लोकसभा के चुनाव एक जून को संपन्न हुए थे और चार जून को हुई मतगणना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को सरकार बनाने का जनादेश मिला है।

### मोदी के खिलाफ है 18वीं लोकसभा का जनादेश : खडगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि 18वीं लोकसभा का जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ है और यह उनकी राजनीतिक ही नहीं, नैतिक हार भी है। खडगे ने अपने आवास पर इंडिया समूह के नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि गठबंधन की सभी नेता पूरी ताकत से लड़े हैं और अपना संदेश जनता तक पहुंचने में सफल रहे हैं और उसी का परिणाम है कि जनमत पूरी तरह से मोदी के खिलाफ आया है। गठबंधन के नेताओं का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा, मैं इंडिया गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूँ। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताक़त से लड़े। आप सबको बधाई। उन्होंने कहा कि चुनाव मोदी के नाम और चेहरे पर लड़ा गया था। उन्होंने कहा, 18वीं लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ख़िलाफ़ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत ना देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ़ संदेश दिया है। व्यक्तिगत रूप से मोदी जी के लिए यह न सिर्फ राजनैतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है, लेकिन हम सब उनकी आदतों से वाक़िफ़ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हर संभव कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, हम यहाँ से यह भी संदेश देते हैं कि इंडिया गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है जो भारत के संविधान के प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते है और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों से प्रतिबद्ध है।

### लोकसभा निर्वाचन में सहभागिता देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, संगठनों और मतदाताओं के प्रति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आभार व्यक्त किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में सहभागिता देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोक सेवी संस्थाओं तथा मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी है। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों का प्रभावी रूप से प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका खारिज, न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली की एक विशेष अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मेडिकल अधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिका ठुकराते हुए विशेष अदालत ने बुधवार को उनकी न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ा दी। राउज एवेन्यू स्थित प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने यह आदेश पारित किया। विशेष अदालत ने केजरीवाल के स्वास्थ्य की चिंताओं से संबंधित उनके अधिवक्ता के सवालों पर कहा कि मेडिकल जांच से संबंधित कुछ निर्देश दिए गए हैं। जरूरत के मुताबिक याचिकाकर्ता की अर्जी पर आगे भी विचार किया जाएगा। अदालत ने मुख्यमंत्री की न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ाने का भी आदेश दिया। केजरीवाल की याचिका पर विशेष अदालत ने एक जून को संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला पांच जून के लिए सुरक्षित रख लिया था।

### वृक्षारोपण करें, शहरों और जंगलों को हरा-भरा बनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर अपनी धर्मपत्नी कौशल्या साय एवं परिवार जनों के साथ अपने निवास परिसर में चीकू, नीम और रुद्राक्ष का पौधा रोपा। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपने घरों में और आस-पास पौधा लगाने और पौधों को जीवित रखने की जिम्मेदारी लेने की अपील की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आने वाले मानसून में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें और अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव और शहरों और जंगलों को खूब हरा-भरा बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस अवसर पर डीएफओ लोकनाथ पटेल, एसडीओ व्ही. एन. मुखर्जी एवं मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## प्रियंका जरकीहोली बनी सबसे कम उम्र की सांसद

वार्ता < बेंगलुरू
www.dailypioneer.com



कर्नाटक की चिक्कोड से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीत का परचम बुलंद करने वाली प्रियंका जरकीहोली सबसे कम उम्र की सांसद बनकर भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के चार जून को आये परिणाम में जीत हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की प्रियंका (27) संसद के गलियारों की ओर कदम बढ़ाने वाली आदिवासी महिला बन गयी है, उनकी यह उपलब्धि समुदाय और लिंग दोनों की दृष्टि से एक मील का पत्थर साबित हुई है। लोकसभा के मंगलवार को आये नतीजों में कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अन्नासाहेब जोले पर प्रभावशाली जीत हासिल की। प्रियंका ने जोले को 90,000 से अधिक मतों के अंतर से हराया। कांग्रेस उम्मीदवार ने कुल 7,13,461 मत हासिल किये, जो उनके निर्वाचन क्षेत्र में व्यापक समर्थन का प्रमाण है। प्रियंका की राजनीतिक यात्रा उनके पारिवारिक विरासत निहित है। वह कर्नाटक के लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली पुत्री हैं और राजनीति उनके खून में है। कांग्रेस नेता प्रियंका ने हालांकि अपने प्रभावशाली परिवार की पहली महिला हैं जो चुनावी मैदान में उतरी हैं। उनकी जीत ने न केवल उनके परिवार की राजनीतिक विरासत को एक नया आयाम दिया है, बल्कि भविष्य की महिला उम्मीदवारों के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया है। प्रियंका का चुनाव न केवल एक व्यक्तिगत जीत है, बल्कि भारतीय राजनीति में आदिवासी प्रतिनिधित्व के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वह कर्नाटक में अनारक्षित सीट जीतने वाली पहली आदिवासी महिला हैं, जिन्होंने अपने समुदाय के लिए नई जमीन तैयार की है। इसके अलावा, वह कोट्टुरु हरिहरप्पा रंगनाथ के पदचिह्नों पर चलते हुए आरक्षित समुदाय से सामान्य सीट हासिल करने वाली दूसरी नेता बन गई हैं, यह उपलब्धि उन्होंने आखिरी बार 1984-89 में हासिल की थी। चुनाव के बाद प्रियंका ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### नैनीताल में मैक्स वाहन खाई में गिरा

## पांच की मौत, कई घायल

वार्ता < नैनीताल
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के नैनीताल जिले में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया जहां जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र उखल कांड में मैक्स वाहन खाई में गिर गया जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई एवं पांच अन्य घायल हो गये। हादसे के वक्त वाहन में 10 लोग सवार थे, जिनमें से पांच की मौत हो गई। बाकी के पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में भी कुछ की हालात गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक हादसा भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा ब्लॉक इलाके में हुआ है। बताया जा रहा है कि नैनीताल शहर से करीब 80 किमी दूर पतलट सड़क मार्ग पर ये हादसा हुआ है। मैक्स वाहन में करीब 10 लोग सवार थे। सभी मैक्स वाहन के साथ खाई में गिर गए। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मौत का आंकड़ा बढ़ने की भी आशंका है। सीओ सिटी सुमित पांडे ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही नजदीकी क्षेत्र खांसियों से पुलिस को मौके पर भेजा गया है। इसके अलावा एसडीआरएफ की टीम को भी घटना स्थल के लिए रवाना किया गया है। फिलहाल स्थानीय लोग घटनास्थल पर रेस्क्यू कर रहे हैं। अभीतक पांच लोगों के मरने की ही पुष्टि हुई है। गाड़ी में कौन लोग सवार थे, हादसे कैसे हुआ, इसके बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### इंडोनेशिया में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत, तीन घायल

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत नॉर्थ सुमात्रा में एक राजमार्ग पर कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में तीन शिशुओं सहित पांच लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। प्रांत के यातायात पुलिस प्रमुख मुजी एडियांतो ने बुधवार को बताया कि मंगलवार दोपहर को बिंजई और लांगसा को जोड़ने वाले राजमार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गयी, जिसमें तीन शिशुओं सहित पांच लोगों की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि आठ लोगों को लेकर जा रही कार अचानक अनियंत्रित होकर ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गयी। माना जा रहा है कि कार चालक का ध्यान भटक जाने के कारण यह हादसा हुआ।

## इंडिया समूह के घटक दलों की पहली बैठक



फाइल फोटो

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनावों के बाद इंडिया समूह के घटक दलों की पहली बैठक बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर आयोजित की गयी। जिसमें कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी भी शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनावों परिणाम और आगे रणनीति पर चर्चा की गई लोकसभा में चुनावों कांग्रेस सहित इंडिया समूह के घटक दलों को 234 सीटें प्राप्त हुई हैं। बैठक में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के सीताराम येचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के डी राजा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद) के शरद पवार एवं सुप्रिया सूले द्रमुक के एम के स्टालिन, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के चंपई सोरेन और कल्पना सोरेन और अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया।

### राहुल मुश्किलों का बहादुरी से सामना करने वाले शख्स हैं : प्रियंका गांधी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कांग्रेस नेता एवं अपने भाई राहुल गांधी के लिए एक भावुक नोट लिखा और उन्हें मुश्किलों का दृढ़ता से सामना करने और मजबूती से खड़ा रहने वाला शख्सियत बताया। वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा, आप हमेशा मजबूती से खड़े रहे। चाहे उन्होंने आपके साथ कुछ भी किया या कहा हो, आप कभी पीछे नहीं हटे। चाहे वे आपकी आस्था पर कितना भी संदेह करें, आपने कभी भी सच्चाई के लिए लड़ना बंद नहीं किया। उन्होंने झूठ का इतना प्रचार किया है लेकिन आपने कभी भी क्रोध और घृणा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया, भले ही वे आपको ऐसा हर दिन उपहार में देते रहे हों। नफरत का प्रेम और करुणा से सामना करने के लिए अपने भाई की प्रशंसा करते हुए वाड्रा ने कहा, आपने अपने दिल में प्रेम, करुणा और सच्चाई लिए लड़ाई लड़ी।

### देश के उत्तर, पश्चिम हिस्सों में वर्षा के आसार

**नयी दिल्ली।** देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में अगले चार-पांच दिनों में धूल भरी आंधी चलने के साथ-साथ वर्षा होने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के तहत, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में आठ जून को गरज और 40 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से हवाएं चलने के साथ-साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है।

# छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों में भी चला सीएम साय का जादू



## लोग दे रहे हैं सुपर स्ट्राइकर सीएम की संज्ञा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

देश में हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। छत्तीसगढ़ में 10 सीटों सहित पूरे देश में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन ने 293 सीटों पर जीत हासिल की है। इसके साथ ओडिशा विधानसभा चुनाव में पहली बार भाजपा ने बहुमत हासिल किया है, तो दूसरी ओर आंध्रप्रदेश विधानसभा चुनाव में भी एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत हासिल हुई है। छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश और ओडिशा में भाजपा की प्रचंड जीत में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का अहम योगदान रहा। उन्होंने जहाँ-जहाँ सभाएं की वहां अधिकतर जगहों में भाजपा का परचम लहराया। साय का छत्तीसगढ़ में 91 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 100 प्रतिशत और ओडिशा में 86 प्रतिशत सक्सेस स्ट्राइक रेट रहा। इसलिए लोग अब विष्णु देव साय को सुपर स्ट्राइकर सीएम की संज्ञा दे रहे हैं।

### विष्णु ने जिम्मेदारियों का किया निष्ठा पूर्वक निर्वहन

केंद्रीय भाजपा द्वारा मिली जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए विष्णु देव साय छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्यप्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत में अहम किरदार साबित हुए और मोदी की रणनीति को सफल बनाने में कामयाब हुए। इससे उनके सियासी कद में वृद्धि हुई, इसमें कोई संदेह नहीं है।

### यह जीत संगठन की मेहनत और जनता के आशीर्वाद का प्रतिफल है - सीएम साय

मेहनत का कोई विकल्प नहीं का सूत्र वाक्य अंगीकार कर चुनावी महासमर में सफलता के नए आयाम तक पहुंचने वाले सीएम साय इसका श्रेय संगठन के कार्यकर्ताओं और जनता को देते हैं। उनका कहना है कि भीषण गर्मी की परवाह न कर कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की। संगठन के हर नेता ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, जिसका नतीजा सामने है। वह यह नहीं बताते कि पूरे चुनावी यात्रा में उसी भीषण गर्मी से उन्हें भी दो-चार होना पड़ा। अपनी मेहनत पर उन्हें चर्चा पसंद नहीं वे इसे अपना कर्तव्य मानते हैं। जनता से मिले आशीर्वाद को सिर झुका कर स्वीकार करने वाले सीएम साय की यही नम्रता और सरलता उनके सियासी कद को बड़ा बनाती है।

### छत्तीसगढ़ में 91 प्रतिशत रहा सक्सेस स्ट्राइक रेट

छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों में साय ने कुल 64 जनसभाएं एवं रोड शो की। जहाँ उन्होंने बस्तर लोकसभा में 7 जनसभा और रोड शो किया। दूसरे चरण के अंतर्गत कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद में कुल 15 जनसभाएं की। इन चारों लोकसभा सीटों में भाजपा ने जीत दर्ज की। तीसरे चरण की बची हुई 7 सीटों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सरगुजा और कोरबा में सीएम साय ने कुल 42 जनसभाएं की। जिसमें कोरबा लोकसभा में मामूली अंतर से हुई हार को छोड़ दें तो ग्यारह में से 10 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की और अपना परचम लहराया। अगर इसका विनिंग प्रतिशत निकालें तो मुख्यमंत्री साय की सभाओं का सक्सेस रेट 91 प्रतिशत रहा। मतलब सीएम साय सुपर स्ट्राइकर साबित हुए और अपने तूफानी दौरों की बदौलत से कांग्रेस के पसीने छुड़ा दिए। अपनी हर सभा में कांग्रेस को सबक सिखाने की बात करने वाले सीएम साय ने कांग्रेस को गहरा सबक सिखाया।

### ओडिशा के 86 प्रतिशत सक्सेस स्ट्राइक रेट ने बढ़ाया सीएम साय का सियासी कद

सीएम साय ने ओडिशा में भी जमकर पसीना बहाया। यहाँ सात लोकसभा सीटों में उन्होंने तूफानी जनसभाएं ली और भाजपा को 6 लोकसभा सीट बरगढ़, बलांगीर, कालाहांडी, नबरंगपुर, संबलपुर और सुंदरगढ़ सीटें जिताकर दी। विधानसभा स्तर पर भी यदि देखें तो यहाँ झारसुगुड़ा, कोटपाड़, उमरकोट, कोरापुट, तलसरा, बीजेपुर, बीरमहाराजपुर और कुचिंदा सीट को मिलाकर कुल आठ विधायक भी जिताने में वो कामयाब रहे। यहाँ लोकसभा चुनाव में उनका सक्सेस स्ट्राइक रेट 86 प्रतिशत रहा। बता दें कि ओडिशा की अपनी हर जनसभा में साय वहां की बीजेडी सरकार और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ मुखर रहे। उन्होंने ओडिशा की जनता को भाजपा द्वारा दी गई गारंटियों को बड़े ही विस्तार से बताया। नवीन पटनायक को रिमोट कंट्रोल सीएम और कांग्रेस को आदिवासियों का विरोधी बताते हुए ओडिशा के विकास में बाधक होने की बात कही। ओडिशा में साय की हर जनसभाओं में जनता की भारी भीड़ उमड़ी, जो चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट के रूप में फलीभूत हुई।

### मध्यप्रदेश में 100 प्रतिशत रहा सक्सेस स्ट्राइक रेट

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में भी 8 जनसभाएं की। जिसमें कुल चार लोकसभा सीट खजुराहो, शहडोल, मंडला, सीधी में उन्होंने मोर्चा संभाला। इन चारों सीटों पर भी भाजपा ने बम्पर मतों से जीत हासिल की है। इसमें मुख्यमंत्री की सभाओं का सक्सेस रेट देखें तो पूरे सौ प्रतिशत का सक्सेस रेट है।

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने लगाया नव गुरुकुल में हरि शंकरी का पौधा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



पर्यावरण दिवस पर रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और नगर निगम रायपुर के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने हरिशंकरी पौधे का रोपण कर इसके महत्व से भावी पीढ़ी को भी अवगत कराने का आह्वान सभी से किया। नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा तथा उद्यान विभाग के प्रभारी सोहन गुप्ता भी इस दौरान उपस्थित थे।

**हरिशंकरी का महत्व**

हरिशंकरी का अर्थ होता है भगवान विष्णु और शंकर की छायावली होता है।मत्स्य पुराण में भी हरिशंकरी से जुड़ी कथा का उल्लेख है।पुराण के अनुसार पार्वती जी के श्राप से भगवान विष्णु पीपल, भगवान शिव बरगद और ब्रह्मा पलाश वृक्ष बन गए.इसीलिए पीपल, बरगद व पाकड़ के सम्मिलित रोपण को 'हरिशंकरी' कहते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार पाकड़ को वनस्पति जगत का नायक कहा जाता है. वैदिक अनुष्ठान व हवन आदि में इसकी ख़ास अहमियत होती है।

**एक तने के रूप में नजर आते हैं तीन वृक्ष**

हरिशंकरी वृक्ष तैयार करना एक अत्यंत पुण्य व परोपकारी काम माना जाता है। हरिशंकरी के तीनों पौधों अर्थात पीपल, बरगद और पाकड़ को एक ही स्थान पर इस तरह रोपते हैं कि तीनों वृक्षों का संयुक्त छत्र विकसित हों। इससे तीनों वृक्षों के तने विकसित होने पर एक तने के रूप में नजर आते हैं। वैसे तो हरिशंकरी पौधे देशभर में लगाए जाते हैं लेकिन उत्तर प्रदेश के बलिया, गाजीपुर, मऊ व आसपास के क्षेत्र में विशेष रूप से किया जाता है. हरिशंकरी की छाया में दिव्य औषधीय गुण व पवित्र आध्यात्मिक प्रवाह होता है। इसके नीचे बैठने वाले को पवित्रता, आरोग्य और ऊर्जा मिलती है।

**बच्चों को बताएं हरिशंकरी का महत्व**

पर्यावरण संरक्षण व जैव विविधता के नजरिए से पीपल, बरगद व पाकड़ सर्वश्रेष्ठ प्रजातियां मानी जाती हैं। इसे सड़क किनारे, धर्म स्थलों, सामुदायिक भवनों और गौठान आदि के आसपास लगाना चाहिए। अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत इसके पौराणिक एवं पर्यावरणीय महत्व के बारे में अधिक से अधिक लोगों को बताना चाहिए। भविष्य में यह विरासत बची रहे इसके लिए हमें बच्चों को खासतौर पर इसकी अहमियत के बारे में जानकारी देनी होगी।

**जीव-जंतुओं के लिए भी उपयोगी**

हरिशंकरी के तीनों वृक्षों पीपल, बदगद व पाकड़ का अत्यन्त ही महत्व है। हरिशंकरी में तमाम पशु-पक्षियों व जीव-जन्तुओं को आश्रय व खाने को फल मिलते हैं। इस प्रकार हरिशंकरी के रोपण से इन जीव-जन्तुओं का आशीर्वाद मिलता है, इस पुण्यफल की बराबरी कोई भी दान नहीं कर सकता. यह हमेशा हरा भरा रहने वाला वृक्ष है। शीत ऋतु के अंत में थोड़े समय के लिए पतझड़ में रहता है। इसका छत्र काफी विस्तृत और घना होता है।

# बृजमोहन अग्रवाल की रणनीति से ओडिशा में पटनायक को पटखनी

## कांटाबांजी से साधारण कार्यकर्ता ने नवीन पटनायक को हराया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर लोकसभा में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले बृजमोहन अग्रवाल भले ही करीब 35 सालों से छत्तीसगढ़ की राजनीति में हो। लेकिन इस बार के चुनाव में बृजमोहन अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। अपने कुशल प्रबंधन और दूर दृष्टि के दम पर बृजमोहन अग्रवाल ओडिशा में बड़ा उलटफेर करने में कामयाब रहे जिसके चलते 25 सालों से सत्ता में काबिज नवीन पटनायक को मुंह की खानी पड़ी।

न केवल ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बहुमत हासिल किया बल्कि कांटाबांजी से मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को भाजपा के आम कार्यकर्ता के हाथों हार का सामना करना पड़ा।यहां बृजमोहन अग्रवाल ने करीब एक सप्ताह में कई रोड शो और दर्जनों बैठक ली थी। जिसके बाद से कांटाबांजी में भाजपा के पक्ष में माहौल बनने लगा था। कांटाबांजी से लक्ष्मण बाग ने नवीन पटनायक को 16344 मतों से हराया। इसके अलावा बृजमोहन अग्रवाल ने तितलागढ़ विधानसभा के लिए नवीन जैन, संबलपुर से जयनारायण मिश्र, चिल्का से पृथ्वीराज हरिचंदन और अंगुल से प्रताप चंद्र प्रधान के लिए प्रचार किया था। जहां भाजपा ने अपनी जीत दर्ज कराई है। इसके साथ ही बृजमोहन अग्रवाल ने बोलंगीर लोकसभा से संगीता कुमारी सिंहदेव, संबलपुर से धर्मेंद्र प्रधान, पुरी से संबित पात्रा और कटक लोकसभा से भतृहरि महताब के पक्ष में प्रचार कर वोट मांगे थे। जहां से भाजपा ने जीत हासिल की है। ओडिशा में भाजपा की सफलता पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि, ओडिशा की जनता पटनायक और पांडियन से त्रस्त हो गई थी। वहां की जनता ने भाजपा की नीति और मोदी जी पर विश्वास जताया।ओडिशा के भाजपा कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम का नतीजा है कि, वहां पटनायक सरकार के 25 सालों का तिलिस्म टूट गया। बृजमोहन अग्रवाल ने यह भी कहा कि उचित प्रबंधन, कठिन परिश्रम और जमीनी स्तर पर योजनाओं का कार्यान्वयन किसी भी चुनाव को जीतने का मूल मंत्र है जिसपर काम करते हुए ओडिशा में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा समेत राष्ट्रीय और ओडिशा भाजपा नेतृत्व ने उनपर भरोसा जताया जिसके लिए वो सभी का आभार व्यक्त करते हैं।

### ओड़िशा में भारी जीत के बाद लता उसेंडी का बड़ा कद



**कोण्डगांव।** लता उसेंडी के ओडिशा प्रदेश कि सह प्रभारी बनने के बाद ओडिशा मे 24 साल के बाद लोकसभा चुनाव एवम विधानसभा चुनाव मे भारी जीत के बाद लता उसेंडी ने जनता का आभार व्यक्त करते हुवे कहा कि ओडिशा कि जनता ने मोदी जी पर भरोसा किया और मोदी जी कि गारंटी के कारण ही इतनी बड़ी जीत मिली। ये जीत ओडिशा के जनता कि है प्रदेश का मुखिया ओड़िया बोलने वाला ओड़िया समझने वाला चाह रहे थे। ओडिशा एवं भाजपा के सभी प्रदेश से आए कार्यकर्ताओं कि मेहनत जिसका परिणाम ओडिशा में दिख रहा हैं, जिसके कारण लोकसभा में 21 में 20 लोकसभा और 24 साल के बाद विधानसभा में भाजपा को बहुमत मिला। लता उसेंडी ने सहप्रभारी बनने के बाद लगातर ओडिशा में प्रवास में रही जिसका परीणाम लोकसभा और विधानसभा चुनाव ओडिशा में दिखा।

### गुमसुदा



**तिल्दा-नेवरा।** तिजू निषाद पिता स्व. प्रेम निषाद,,उम्र-37 वर्ष, साकिन स्वामी आत्मानंद वार्ड मांक 02 सासाहोली, तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) का निवासी है। जो कि शारिक रूप से लकवा ग्रसित होने के कारण उनके दाहिने पैर दाहिने हाथ लकवाग्रस्त है। और बात करने में असमर्थ हैं। जो की घर से बिना बताये बिते दिन सोमवार 07/05/2024/ सुबह 7.30 घर से लापता है। जो की अभी तक घर नही आया है। उनकी माँ विमला निषाद ने बताया है। कि उनके लड़के तिजु निषाद लकवा ग्रसित है। और बोलने में असमर्थ है। बीते दिन फीका नीला का शर्ट काला रंग का पैंठ, पहना हुआ है। व गमच्छा लाल रंग का व तुलसी माला पहना हुआ है। घर से लापता है। जिस किसी को मिले कृपया इस मोबाईल नंबर 6265911767 पर संपर्क करें।

### सुक्खू ने पूर्व मुख्य सचिव के निधन पर जताया शोक



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव कंवर शमशेर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शमशेर सिंह का 80 वर्ष की आयु में शिमला में निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंवर शमशेर सिंह ने विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रहते हुए राज्य की सेवा की और वह एक समर्पित अधिकारी थे। उनके द्वारा प्रदान की गई सेवाएं लंबे समय तक याद रखी जाएंगी। सुक्खू ने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवारजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### विश्व पर्यावरण दिवस :राज्यपाल ने पौधा रोपा, बर्ड वाचिंग भी की

**नैनीताल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह ने नैनीताल राजभवन परिसर में औषधीय गुणों से भरपूर जिन्को बाइलोबा पौधे का रोपण किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण-संवर्धन का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हम अपने पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। पेड़ लगाने के साथ-साथ इनकी देखभाल भी जरूरी है।

### केंद्र की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जनादेश : महर्षि

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मीडिया चेयरमैन राजीव महर्षि ने लोकसभा चुनाव परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी सरकार की जन विरोधी, किसान विरोधी, बेरोजगार विरोधी, महिला विरोधी एवं संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ जनादेश दिया है। महर्षि ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में जिस प्रकार देश की जनता को अपनी हिटलरशाही से प्रताड़ित किया, उसका जवाब देशवासियों ने देशभर में भाजपा के खिलाफ मतदान के रूप में दिया। महर्षि ने कहा कि मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकालों में महंगाई और बेरोजगारी अपने चरम पर रही है। आम जरूरत की चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं तथा आम आदमी को दो जून की रोटी के लिए संघर्ष करना पड रहा है। देश में बेरोजगारों की फौज दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। मोदी सरकार ने अग्निवीर जैसी योजना लागू कर देश के नौजवानों का भविष्य चौपट करने का काम किया है।

# अटल टनल रोहतांग में विश्व पर्यावरण दिवस आयोजित

एजेंसी ‹ केलांग
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के जिला लाहौल स्पीति के अटल टनल रोहतांग (10,075 फुट) ऊँचे साउथ पोर्टल पर बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस ज़िला प्रशासन के सहयोग से वन विभाग की ओर से आयोजित किया गया। वन अरण्यपाल वन वृत्त कुल्लू संदीप कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और उपायुक्त राहुल कुमार विशेष अथिति के रूप में मौजूद रहे। कुमार ने नार्थ पोर्टल पर रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान देवदार के पौधे रोपित किये गये और और वन विभाग द्वारा एक पखवाड़े से स्थानीय लोगों की सहभागिता से स्वच्छता अभियान के तहत कचरे का उचित निस्तारण भी सुनिश्चित बनाया गया। वन अरण्यपाल संदीप शर्मा ने अपने संबोधन में इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस के थीम भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटाने की क्षमता को लेकर सुझाये गए विषय को लेकर कहा कि जिला लाहौल स्पीति में लोगों में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की जागरूकता के साथ-साथ जमीनी स्तर पर सचेत कार्य योजना को बढ़ाने की जरूरत पर बल देना होगा। जिसके लिए आम जनमानस की सहभागिता नितांत आवश्यक है, तभी हम पर्यावरण को संतुलित रख सकते हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश वन विभाग की जाईका वानिकी परियोजना पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन और आजीविका सुधार परियोजना लाहौल स्पीति के तहत करवाए जा रहे हैं कार्यों का जिक्र करते हुए कहा की इस परियोजना के माध्यम से संचालित स्वयं सहायता समूहों का भी आर्थिक स्वालंबन की राह पर बढ़ना अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायक है। राहुल कुमार ने ज़िला में वानिकी प्रबंधन के साथ-साथ बढ़ते पर्यटन व्यवसाय को और अधिक मजबूती प्रदान करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा की विकास कार्यो में पर्यवारण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों के कन्वर्जेन्स के माध्यम से विकासात्मक कार्यों को अंजाम दिया जाएगा । ताकि पर्यावरण को संतुलित बनाए जा सके।

# कुमारस्वामी ने कर्नाटक में लोकसभा सीटों पर जीत का श्रेय राजग कार्यकर्ताओं को दिया

एजेंसी ‹ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



कर्नाटक में बेंगलुरु ग्रामीण और मांड्या लोकसभा सीटों पर निर्णायक जीत के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्य जनता दल सेक्यूलर (जेडीएस) अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की आलोचना करते हुए कहा कि यह जीत पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का नतीजा है, काला जादू नहीं है। कुमारस्वामी ने पत्रकारों से कहा, बेंगलुरु ग्रामीण सीट लोगों के आशीर्वाद और भारतीय जनता पार्टी तथा जेडीएस कार्यकर्ताओं के समर्पण के कारण सुरक्षित हुई, न कि किसी भैरवी यज्ञ के कारण। शिवकुमार ने परोक्ष रूप से कुमारस्वामी पर केरल में कांग्रेस सरकार के खिलाफ यज्ञ करने और जानवरों की बलि देने का आरोप लगाया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कुमारस्वामी ने कहा, 'हमारी जीत भैंस, भेड़ या बकरी की बलि देने से नहीं आई। यह हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से हासिल हुई। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के गृह स्थानों पर भी कांग्रेस के उम्मीदवार हार गए। कुमारस्वामी ने मांड्या में उन्हें मिले महत्वपूर्ण समर्थन पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने, 'लोगों ने पैसे के बल पर जीतने की कांग्रेस पार्टी की कोशिशों को खारिज करते हुए मांड्या में मेरा पुरजोर समर्थन किया है। मांड्या मेरी ताकत का स्रोत है। जेडीएस और भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रयासों की बदौलत कोलार में भी हमारा उम्मीदवार विजयी हुआ है। कुमारस्वामी के रिश्तेदार डॉ सीएन मंजूनाथ को उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के भाई डीके सुरेश के खिलाफ बेंगलुरु ग्रामीण से भाजपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया था। कुमारस्वामी ने 2.84 लाख मतों के महत्वपूर्ण अंतर से जीत हासिल की, जबकि मंजूनाथ ने सुरेश को 2.68 लाख मतों से हराया।

### कर्नाटक में महर्षि वाल्मिकी निगम के अध्यक्ष को घोटाले के मामले में किया गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** विशेष जांच दल ने कर्नाटक महर्षि वाल्मिकी अनुसूचित जनजाति विकास निगम से 94.7 करोड़ रुपये के अवैध हस्तांतरण के मामले में हैदराबाद स्थित एक सहकारी समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण को गिरफ्तार किया है। आरोपी सत्यनारायण को सोमवार को गिरफ्तार किया गया था और उसे बेंगलुरु लाया गया और बाद में स्थानीय अदालत में पेश किया गया। सहकारी समित के अध्यक्ष की गिरफ्तारी बेंगलुरु के वसंत नगर में निगम के कार्यालय पर एसआईटी अधिकारियों द्वारा की गई। छापेमारी के दौरान इस घोटाले से संबंधित डिजिटल और कागजी दोनों दस्तावेज जब्त किए गए थे। जांच के मद्देनजर संदिग्ध आरोपी से जुड़े 14 बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। साथ ही आगे की पूछताछ के लिए एक टीम को हैदराबाद भेजा गया है। उन्होंने बताया कि यह गिरफ्तारी उस जांच का हिस्सा है जिसमें पुलिस ने 31 मई को बेंगलुरु के बाहरी इलाके में प्रबंध निदेशक जेजी पद्मनाभ और लेखा अधिकारी परशुराम को हिरासत में लिया था। दोनों को शनिवार को मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया था और फिलहाल दोनों छह जून तक पुलिस हिरासत में हैं।

# पर्यावरण संतुलन के लिये अपने व्यवहार में परिवर्तन लायें : डॉ के. सुब्रमणियम

## मण्डल द्वारा आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में दिव्यांग श्रेणी से प्रथम कु. आसिया बानो व द्वितीय गौकरण पटेल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा 5 जून, 2024 को न्यू कन्वेन्शन हॉल नवीन विश्राम गृह, सिविल लाईन, रायपुर में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का विषय जलवायु परिवर्तन सदी की सबसे बड़ी चुनौती रखा गया। पोस्टर प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए डॉ के. सुब्रमणियम, सदस्य राज्य योजना आयोग ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिये हमें अपनी जीवन शैली में परिवर्तन लाना होगा। हमारा जीवन जितना सरल होगा, हमारी आदतें व व्यवहार जितना कम भौतिकवादी होगा, उतना ही हम पर्यावरण को सुरक्षित रख पायेंगे। डॉ सुब्रमणियम ने पर्यावरण संरक्षण के लिये स्कूली बच्चों को आगे आ कर इस अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। मण्डल द्वारा आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता चार आयु वर्ग में रखी गई थी। प्रथम वर्ग 12 वर्ष तक, द्वितीय वर्ग 13 से 17 वर्ष, तृतीय वर्ग 18 से 21 वर्ष एवं चतुर्थ वर्ग दिव्यांग जन आयोजित की गई। प्रदेश स्तरीय आयोजित इन प्रतियोगिताओं में लगभग चार सौ पचास स्कूली व महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता - 12 वर्ष तक आयु वर्ग में प्रथम कु. नेहा कोसले, द्वितीय कु. कीर्ति कमार, तृतीय प्रियांशु साहू, आयु वर्ग 13 से 17 वर्ष तक प्रथम ललित नायक, द्वितीय आदित्य चौरसिया, तृतीय भारती यादव, आयु वर्ग 18 से 21 तक प्रथम आंचल चौरसिया, द्वितीय रितिक पहारिया, तृतीय आलोक पटेला, इसी क्रम में पोस्टर प्रतियोगिता हेतु दिव्यांग श्रेणी से प्रथम आसिया बानो, द्वितीय गौकरण पटेल एवं तृतीय गिरिजा शंकर साहू रहे। प्रतिभागियों को आकर्षक नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उद्योग प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण के अधिकारी व बडी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नदियों व जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण को प्रभावी प्रयास किये जाएं : धामी

वार्ता ‹ देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जल संरक्षण और पौधारोपण अभियान, 2024 के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल संरक्षण और जल संचय की दिशा में तेजी से कार्य किये जाए। नदियों और जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। इसके लिये सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि 10 से 16 जून तक प्रदेशभर में जल उत्सव सप्ताह व्यापक स्तर पर मनाया जाय। धामी ने यह निर्देश बुधवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक आधार पर जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए तेजी से कार्य किये जाए। इसके लिए यूकॉस्ट, यूसर्क एवं जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिए कार्य करने वाली अन्य संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी अभियान को सफल बनाने में जन सहभागिता बहुत अहम होती है। जल संरक्षण एवं संवर्द्धन की दिशा में कार्य करने वालों के साथ ही इस दिशा में जन भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन नदियों और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए अभी तक चिन्हित किया गया है, उनका बेस लाईन डाटा भी बनाया जाय। इनके पुनर्जीवीकरण के लिए लघुकालिक और दीर्घकालिक योजना के साथ कार्य किये जाए। वर्षा जल संचय की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए बनाई गई नीति का नियमानुसार पालन सुनिश्चित करवाया जाय। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि वनाग्नि से संभावित क्षेत्रों में वनाग्नि पर नियंत्रण के लिए ऐसे क्षेत्रों में नमी संरक्षण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए वन विभाग पूरी योजना बनाकर कार्य करें।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले के अधिकारियों ने किया पौधरोपण, अमृत सरोवर के मेड़ पर भी लगाया जा रहा पौधा

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




बस्तर वन मंडल के द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार परिसर में पौधारोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम में सीसीएफ आरसी दुग्गा ने बादाम के पौधे, कलेक्टर विजय दयाराम के ने आम के पौधे, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने जामुन के पौधे, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे ने नीम के पौधे, वनमण्डलाधिकारी उत्तम गुप्ता ने आम के पौधे का रोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीसीएफ आरसी दुग्गा ने कहा कि वन है तो जल है, जल है तो कल है, इसके लिए हमे अधिक-अधिक पेड़ लगाने है, पौधों-पेड़ों का संरक्षण करना है ताकि पर्यावरण को हराभरा बनाए रखे। उन्होंने पेड़ों के महत्व को बताया कि पेड़ के आसपास अन्य जगह से चार डिग्री तापमान की कमी रहती है, इसके अलावा वायु, ध्वनि प्रदूषण को रोकने में अहम भूमिका निभाती है। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि हम ईको फ्रेंडली के रूप में पैदा हुए और जीवन को बेहतर करने के लिए पर्यावरण का अपने हिसाब से उपयोग किए। पर्यावरण को नुकसान भी हुआ, इस नुकसान की भरपाई के लिए सभी अपने स्तर पर प्रयास करते है। ईको फ्रेंडली को बढ़ावा दे कर आने वाले भावि पीढ़ी हेतु पर्यावरण को बचाने के लिये हमे पेड़ों के महत्व को समझना होगा और अधिक से अधिक पौधे लगाने होगें। विश्व पर्यावरण दिवस पर शासन के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायतों में चिन्हांकित अमृत सरोवर के मेड़ों में जनपद पंचायतों के द्वारा पौधरोपण किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ सर्वे ने जनपद जगदलपुर के ग्राम बिलौरी के सरोवर में पौधरोपण किया। पौधरोपण का कार्यक्रम के तहत सभी अमृत सरोवरों में पौधे लगाने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण को बचाने की शपथ भी ली। टाउन हाल के कार्यक्रम में बच्चों ने फैंसी ड्रेस में पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए निबंध, चित्रकला, फैंसी ड्रेस, रंगोली की आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। ज्ञात हो कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का फैसला वर्ष 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा स्टॉकहोम सम्मेलन में किया गया था। पर्यावरण संरक्षण के लिए पहली बार वर्ष 1974 में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था, पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'एक पृथ्वी' थी। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना था, पर्यावरण में दिन-प्रतिदिन जो क्षति हो रही है, उसे रोकने के लिए जागरूक करना और पर्यावरण में वनों की कटाई को रोकने, समुद्री प्रदूषण, जनसंख्या नियंत्रण, ग्लोबल वार्मिंग जैसे मुद्दों पर लोगों को जागरूक करना है।

# छत्तीसगढ़ में राहुल-प्रियंका की सभाएं हुईं फ्लॉप, जनता ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को भी नकारा : रोहरा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने छत्तीसगढ़ के 11 में से 10 संसदीय क्षेत्रों में भाजपा को मिली शानदार जीत के प्रदेश की जनता का आभार मानते हुए कांग्रेस की राजनीतिक दुर्दशा पर तीखा कटाक्ष किया है। रोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राहुल गांधी ने दो, प्रियंका वाड्रा ने तीन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक सभा की जो पूरी तरह फ्लॉप शो साबित हुईं। रोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी बजाय आत्ममंथन करने के अपनी तथाकथित जीत का झूठा प्रचार करके मुंगेरीलाल का चरित्र प्रदर्शित कर रहे हैं। प्रदेश के कांग्रेस नेताओं को यह अच्छी तरह याद रखना चाहिए कि देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अपना अडिग विश्वास व्यक्त कर भाजपा और भाजपानीत राजग को सरकार बनाने के लिए जनादेश दिया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री रोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने अपनी राजनीतिक दुर्गति की यह पटकथा खुद अपने राजनीतिक आचरण की कलम से लिखी है। जिस कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का सम्मान तक नहीं किया गया, उनके साथ जरखरीद गुलामों की तरह बर्ताव किया गया, उस कांग्रेस की छत्तीसगढ़ में यह दुर्दशा तो नियति ने ही तय कर दी थी। रोहरा ने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी और अंतर्कलह की पराकाष्ठा से क्षुब्ध पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को अलविदा कहा, लेकिन कांग्रेस का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व इस ओर से आँखें मूंदे बैठा रहा। कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में मन की बात रखने वाले कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल बताने तक का अहंकार प्रदर्शित किया गया।

महिला नेत्रियों ने भी चुनाव के दौरान कांग्रेस के रवैए से व्यथित होकर जिस भारी संख्या में कांग्रेस से अपना नाता तोड़ा, उससे भी कांग्रेस संगठनात्मक धरातल पर कंगाल हो गई। भाजपा प्रदेश महामंत्री रोहरा ने कहा कि जिस कांग्रेस को लोकसभा में अपने दम पर 100 सीटों तक के लाले आखिरी दम तक पड़े हुए थे, उस कांग्रेस के लोगों को आखिर जीत की झूठी खुशफहमी पर शर्म क्यों महसूस नहीं हो रही है? कांग्रेस का पूरा ठगबंधन इंडी अलायंस ले-देकर जितनी सीटें जुटा पाया है, उससे ज्यादा सीटें तो भाजपा ने अकेले अपने दम पर जनता के आशीर्वाद से जीती हैं और भाजपानीत गठबंधन केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रहा है। रोहरा ने कहा कि कांग्रेस की सत्ता-पिपासा जनादेश का अपमान करने से भी बाज नहीं आ रही है, यह शर्मनाक है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेता सत्ता के हसीन सपनों में गोता लगाने के बजाय पहले इस बात को साफ करें कि प्रदेश में कांग्रेस की इस दुर्गति के लिए किसके सिर पर ठीकरा फोड़ने की तैयारी है? अपनों-अपनों को रेवड़ियों की तरह टिकट दिलाकर कांग्रेस को रसातल में पहुँचाने वालों की पहचान करके उनकी जिम्मेदारी तय करने के बजाय कांग्रेस के लोग बगलें बजाने में मशगूल हैं।

# क्रीड़ा परिसर में प्रवेश के लिए 20 जून तक आवेदन पत्र आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित बालक क्रीडा परिसर धरमपुरा में 38, कन्या क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में 40 तथा कन्या क्रीड़ा परिसर भानपुरी में 24 रिक्त सीटों पर नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 के तहत प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 6 वीं से 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 11 वर्ष से 18 वर्ष के मध्य हो से 20 जून 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। प्राप्त आवेदन पत्रों की स्कूटनी पश्चात प्रवेश हेतु टेस्ट देना अनिवार्य है। जिसका प्रत्येक टेस्ट 10 अंक का होगा। कुल 100 अंकों के टेस्ट में प्रत्येक छात्र-छात्राओं को प्रत्येक टेस्ट में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। छात्र-छात्राओं की चयन सूची मेरिट के आधार पर जारी होगा। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जावेगा। 21 से 27 जून तक प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक टेस्ट बालक क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में आयोजित किया जावेगा। चयनित छात्र-छात्राओं की सूची 30 जून तक बालक क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में चस्पा होगा। चयनित छात्र-छात्राओं को उपरोक्तानुसार छात्रावास में हॉस्टल मासिक शिष्यवृत्ति एवं पोषण आहार, स्पोटर्स किट्स, विशेष कोचिंग एवं अन्य सुविधाएं आदि निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

# राज्य शासन के निर्देश पर संयुक्त समिति सदस्यों द्वारा रायपुर नगर निगम क्षेत्र में कचरा प्रबंधन एवं निपटान के संबंध में क्रियान्वयन का स्थल निरीक्षण 11 से 14 जून तक प्रस्तावित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में कचरा प्रबंधन एवं निपटान के संबंध में भौतिक क्रियान्वयन का संयुक्त समिति के सदस्यों द्वारा स्थल निरीक्षण 2 चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस अनुक्रम में प्रथम चरण का स्थल निरीक्षण 11 से 14 जून 2024 तक प्रस्तावित किया गया है। प्रथम चरण में नगर पालिक निगम, रायपुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम- 2016 अनुसार सेग्रीगेटेड वेस्ट कलेक्शन, जीवीपी, सड़क सफाई, नाली सफाई, सार्वजनिक स्थानों की सफाई तथा उत्पन्न कूड़े के परिवहन तथा प्रसंस्करण एवं लिगेसी वेस्ट प्रसंस्करण कार्य, कंसट्रक्शन एण्ड डिमोलेशन वेस्ट प्रोसेसिंग रूल्स- 2016 अनुसार सीएण्डडी वेस्ट कलेक्शन, ट्रांसपोर्टेशन तथा इसके प्रसंस्करण कार्य, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 अंतर्गत प्रावधानों के पालन तथा नगर पालिक निगम, रायपुर क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमेंट तथा उपचारित सीवेज के पुर्नउपयोग के संबंध में रायपुर शहर में हो रहे कार्यो का निरीक्षण कर उपरोक्त वर्णित नियमों के परिपेक्ष्य में फील्ड में हो रहे अनुपालन के संबंध में प्रतिवेदन राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ के निर्देश पर प्रस्तुत किया जायेगा। जोन क्षेत्रांतर्गत उपरोक्त नियमों एवं संबंधित उपविधियों का जोन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ फील्ड स्तर पर शत प्रतिशत पालन किये जाने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित किया जाना है। राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार रायपुर संभाग के संयुक्त संचालक पी.बी. काशी ने नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में नगर निगम अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता सहित उपायुक्त डॉ. आर.के. डोंगरे, सभी जोन कमिश्नरों, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रघुमणी प्रधान, कार्यपालन अभियंता अमृत मिशन अंशुल शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के सहायक अभियंता योगेश कडु एवं रामकी कंपनी के प्रोजेक्ट हेड योगेश कुमार की उपस्थिति में बैठक लेकर राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ के निर्देश पर संयुक्त समिति के सदस्यों द्वारा 11 से 14 जून 2024 तक रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में प्रथम चरण में प्रस्तावित निरीक्षण के संबंध में शासन के निर्देशानुसार आवश्यक जानकारी देते हुए तैयारियों के संबंध में जानकारी लेकर समीक्षा करते हुए आवष्यक निर्देश दिये।

# आदिवासी होते हैं जंगल के सच्चे रखवाले : कश्यप



पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वनमंत्री केदार कश्यप ने आज जगदलपुर की नक्षत्र वाटिका में पौधरोपण किया। उन्होंने पूर्व में लगाए गए वृक्षों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर वनमंत्री केदार कश्यप कहा कि अपने आसपास के परिवेश को हराभरा रखने की नैतिक जिम्मेदारी हम सबकी है। पूरा विश्व इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम का फोकस 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और बढ़ते प्रदूषण के चलते पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन की रक्षा हम वर्षो से करते आ रहे हैं। वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हम आदिवासी वनों को काटने वालों में से नही हैं, बल्कि हम लोग वनों को संरक्षित करने का कार्य करते हैं।

# अमृत सरोवर में किया गया पौधरोपण

■ 5 से 12 जून तक चलेगा स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले के अमृत सरोवरों में पौधरोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत आयोजित किए गए इस अभियान में पंचायत प्रतिनिधि, समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों ने अपनी भागीदारी देते हुए वृक्षारोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों में 5 से 12 जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का उद्देश्य हमारे गाँवों में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। 05 जून से 12 जून तक स्वच्छ-हरित ग्राम सप्ताह अंतर्गत गाँवों को उपयुक्त स्थानों की पहचान करने और वर्षा जल का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने के लिए सोखने वाले गड्ढों का निर्माण करने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जाएगा। गांवों को जैविक कचरे के प्रबंधन और मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए वर्मी कम्पोस्टिंग पिट , नाडेप पिट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना है।

# छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस, बुजुर्गों और बच्चों ने किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय नवा रायपुर में बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा की अध्यक्षता में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारा एक नयी पहल करते हुए बैंक के सेवायुक्तों के बुजुर्ग माता पिता एवं बच्चों के माध्यम से वृक्षारोपण करवाया गया एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके जुड़ाव का सन्देश दिया गया। बैंक के अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है एवं प्रत्येक नागरिक को इसे संरक्षित करने का अधिकतम प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान नीम, अशोक, कदम के विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए बैंक के सभी सेवायुक्तों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की देखभाल, समय-समय पर पानी देने तथा उनकी निगरानी करने की की शपथ ली गई। यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि इससे समाज के विभिन्न आयु वर्गों के बीच एकता और सहयोग की भावना भी मजबूत हुई। ग्रामीण बैंक का यह प्रयास निश्चित रूप से एक प्रेरणादायक कदम है, जो आने वाले समय में अन्य संस्थाओं को भी इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नपा के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को नगर पालिका परिषद किरंदुल के द्वारा मणिकंचन केंद्र एवम वार्ड क्रमांक 18 में स्थित गौठान में विभिन्न प्रजातियों के 100 फलदार वृक्ष लगाए गए। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय, पार्षद राजू कुंजाम, दिनेश प्रसाद, इला पटेल, गायत्री साहू, उप अभियंता टीआर सिन्हा, लेखा पाल विनीत साव सहायक राजस्व निरीक्षक डी एस साहू, गौरी शंकर तिवारी, नरेश साहू, मनराखन ठाकुर, सुमंत पटेल, मनीषा ठाकुर एवम नगर पालिका स्टाफ एवम समस्त स्वच्छता दीदी उपस्थित रहे। नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने कहा कि विकास के नाम पर वृक्षों की अंधाधुंध कटाई और बेलगाम बढ़ती जनसंख्या से धरती पर पर्यावरण संकट बढ़ता जा रहा है।सरकारों को जितना हरियाली के लिए प्रयास करना चाहिए था उतना नहीं हुआ है। पर्यावरण दिवस का सराहना करते हुए कहा कि सभी युवा अपने-अपने स्तर पर पौधारोपण में आगे आएं तभी पर्यावरण को जल्दी बचाया जा सकता है। और साथ ही अध्यक्ष ने कहा कि विकास की दौड़ में कहीं न कहीं हम सभी प्रकृति की उपेक्षा कर रहे हैं, जिसका खामियाजा भी हमें ही भुगतना पड़ रहा है। इसे संरक्षित करना होगा। भारतीय संस्कृति में पेड़, पौधे, नदी आदि पर्यावरण से संबंधित प्राकृतिक संसाधनों की पूजा की जाती है। इसके पीछे इन सभी का महत्व समझने का संदेश छिपा होता है।

## निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 185 प्रशिक्षणार्थी हुए शामिल

# प्रशिक्षणार्थियों के लिए बानगांव घूमर गांव में पिकनिक कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वाधान में संचालित ब्लॉक इकाई फरसगांव के द्वारा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों के लिए बानगांव घूमर गांव में पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फरसगांव ब्लॉक में प्रशिक्षणार्थी लगातार पिछले तीन महीने से प्रशिक्षण ले रहे हैं लगातार प्रशिक्षण के बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों का मनोबल बढ़ाने के मकसद से पूर्व सैनिकों के द्वारा पिकनिक का आयोजन किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने पिकनिक मे मटका फोड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, एकल नृत्य, सामुहिक नृत्य, एकल गान, सामुहिक गान और कबड्डी में भाग लिया इसके बाद सभी को भोजन कराकर पिकनिक का समापन किया गया। पिकनिक कार्यक्रम को सफल बनाने में लाडो ज्वेलर्स के मालिक हरीश कुमार, आटो रिक्शा शो रूम के मालिक अभिषेक जयसवाल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कैशीयर कंचन, यशोदा मरकाम, नरेश पुरोहित, गरीब साय मरकाम, गायत्री टेन्ट हाउस फरसगांव, फोटोग्राफर डिसेनद बैद्य, गौतम पांडे, आदर्श और गुलाब कश्यप का सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद फरसगांव के ब्लॉक सचिव रिकेश कुंवर, ब्लॉक उपाध्यक्ष बलदेव नेताम, पूर्व सैनिक मनमोहन प्रसाद, सेवारत सैनिक रूपेश कुमार, कमलेश नेताम, बस्तर फाइटर के जवान राजेश पांडे, हेमलाल मरकाम, सनत मरकाम सरंक्षक और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे कुल 185 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# बस्तर में कमल खिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा सीट के परिणाम आते ही दंतेवाड़ा में विधायक चैतराम अटामी समेत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।बस्तर में कांग्रेस से भाजपा ने पिछले बार जीती हुई सीट वापस ले ली है। सरपंच रहे भाजपा के लोकप्रिय बस्तर प्रत्याशी महेश कश्यप ने पूर्व मंत्री और कोंटा विधानसभा से विधायक कवासी लखमा को 55245 मतों से पराजय कर दिया है। महेश कश्यप को कुल 458398 वोट मिले। जबकि कवासी लखमा को 403153 मतों के साथ संतुष्ट होना पड़ा और इसके साथ ही भाजपा कार्यकर्ता जीत का जश्न मनाते हुए मंगलवार रात रैली के शक्ल में बस स्टैंड दंतेवाड़ा पहुंचे और आतिशबाजी एवं एक दुसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। विधायक चैतराम अटामी ने कहा की बस्तर में कमल खिला है और हमारे प्रत्याशी महेश कश्यप विजयी हुए है, बस्तर की जनता ने फिर डबल इंजन सरकार पर भरोसा जताया है, विश्व के लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र सरकार बन रही है,जनता ने भाजपा को जो आशीर्वाद दिया है उस हेतु समस्त मतदाताओं का में आभार व्यक्त करता हूं। इस दौरान भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड ने मनाया पर्यावरण दिवस






पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

हर साल पर्यावरण दिवस बड़े धूम धाम से मनाया जाता हैं, हमें याद दिलाने के लिए कि हम प्रकृति से जुड़े हुए हैं न कि प्रकृति हमसे और समय रहते हम प्रकृति को बचाने के लिए पहल नहीं करेंगे तो इसका खामयाज़ा हमारी आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड सकता हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड द्वारा मशीनरी डिवीज़न मंदिर हसौद के शक्ति विहार फेज 2 में 250 आम व अमरुद के पौधे लगाकर पर्यावरण एवं प्रकृति को बचाने का सन्देश दिया गया। यहाँ प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियो कर्मचारियों सहित छोटे छोटे बच्चो ने भी पौधे लगाए व पर्यावरण को किन चीजों से सुरक्षित रखा जाये इसकी भी जानकारी दी गयी पौधे रोपने के बाद जहां बताया गया की रोजमर्रा की चीजों से हम प्लास्टिक को किस तरह से कम कर सकते हैं। प्लास्टिक की जगह हम मिटटी, स्टील या दोना पत्तल का इस्तेमाल किस तरह से कर सकते हैं इसकी भी जानकारी दी गयी और प्लास्टिक को कम से कम इस्तेमाल करने की अपील की गयी। आजकल किस तरह से ई-वेस्ट से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा हैं उसकी भी जानकारी दी गयी साथ ही उसके समाधान के बारे में बताया गया।

## अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड इकाई कुकुरदीह सीमेंट वर्क्स में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण सप्ताह मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड इकाई कुकुरदीह सीमेंट वर्क्स में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण सप्ताह मनाया गया, जिसमें इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट हेतु पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए सुझाव दिया। प्रयोजना प्रमुख केशव नागूरी ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में अपना वक्तव्य रखा तथा पर्यावरण से संबंधित विभिन्न गम्भीर मुद्दों पर चर्चा कर कार्य योजना तैयार करने की बात कही। इस मौके पर संयंत्र के सभी कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ लिया। तकनीकी प्रमुख अभिजीत जोशी ने सर्कुलर इकोनॉमी के महत्व पर प्रकाश डाला और सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर वैकल्पिक वस्तुओं के उपयोग के लिए सुझाव दिया तथा प्लास्टिक वेस्ट का ज्यादा से ज्यादा मात्रा को संयंत्र में वैकल्पिक ईंधन (ए.एफआर) के रूप में उपयोग करने के लिए सलाह दी। मानव संसाधन प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह ने पर्यावरण और वर्क लाइफ बैलेंस की बात कही और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से अवगत कराया। खदान प्रमुख मयंक सैनी ने जल और वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव को बताया और इसे कैसे नियंत्रित कर सकते हैं? इस विषय पर चर्चा की। वाणिज्य प्रमुख शिवम पोरवाल ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ई-वेस्ट प्रबंधन, बैटरी वेस्ट प्रबंधन तथा फ्लाई एश मैनेजमेंट के बारे में बताया। पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के दौरान बच्चों, महिलाओं व संयंत्र के सभी कर्मचारियों के लिए ड्राइंग व पोस्टर प्रतियोगिता, सेल्फी विथ प्लांटेशन प्रतियोगिता व पर्यावरण क्विज आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उमंग और उत्साह के साथ भाग लिया। साथ ही संयंत्र के कर्मचारियों के द्वारा आस पास के गाँवों में जाकर पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए तालाब निर्माण करने हेतु स्थान का अवलोकन कर कार्य की शुरूआत की। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण प्रमुख अभिषेक मिश्रा, सुरक्षा विभाग प्रमुख शांतनु श्रीकृष्णा जांब्रे व सुरक्षा अधिकारी सिबाराम गौड़ा ने किया। इस मौके पर सी.एस.आर. से रूपेन पटनायक व संयंत्र के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कला केंद्र में विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पोस्टर प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रायपुर के कला केंद्र में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट पोस्टर बनाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। थीम आधारित प्रतियोगिता में बच्चों ने खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में 10 वर्ष तक के बच्चों से लेकर 16 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रथम वर्ग में प्रदूषण रोको पृथ्वी बचाओ, द्वितीय वर्ग प्लास्टिक प्रदूषण को हराना है, तृतीय वर्ग पारिस्थितिकी तंत्र का पुर्नोद्धार विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय के रिजनल ऑफिसर पी.के. रबड़े और वैज्ञानिक नवीन चंद्र मालवीय ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया और सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में 16 वर्ष से अधिक वर्ग में प्रथम स्थान दीक्षा पटले ने प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं महक चंद्राकर ने द्वितीय व भूमिका सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया है। 11 से 15 वर्ष के वर्ग आयु में वल्लभी ठाकुर ने प्रथम, द्वितीय गार्गी व तृतीय विथिका ठाकुर ने हासिल किया है। इसके अलावा 5 से 10 वर्ग की आयु में आद्या मरकाम ने प्रथम, अंशुमान ने द्वितीय व अन्नु ने तृतीय स्थान हासिल किया है। प्रथम विजेता को एक हजार रूपए, द्वितीय विजेता को 750 रूपए, तृतीय विजेता को 500 रूपए प्रदान किए गए। प्रत्येक वर्ग में दो-दो सांत्वना पुरस्कार दिए गए। पोस्टर प्रतियोगिता की जज सोनल शर्मा रही है।

## अल्ट्राटेक सीएसआर रावन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अल्ट्राटेक रावन सीमेन्ट संयंत्र हमेशा प्रतिबद्धता दिखायी है। इसी तारतम्य में विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एवं एफएच एच आर बिनोद नांबियार के मार्गदर्शन मे पूरे सप्ताह निकटवर्ती गाँवों में आयोजित किया गया। मुख्य कार्यक्रम 5 जून को रावन सी एस आर सेन्टर परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें भूमि बहाली मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता थीम पर रंगोली ड्राईंग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्षेत्र के विभिन्न गाँवों में विगत एक सप्ताह से कार्यक्रमो का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से रावन गांव मे महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी ग्राम पेंड्री मे महामाया परिसर मे हुये जागरुकता कार्यक्रम मे संगीत मंडली द्वारा वाद्ययंत्र के साथ साथ एक जागरुकता रैली कार्यक्रम तथा एक विशाल पीपल के पेड मे रक्षा धागा बांधकर शपथ पत्र मे हस्ताक्षर किया गया और यह वादा किया कि हर व्यक्ति एक पेड लगाएगा और उसे बचायगा साथ ही झीपन में रंगोली प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही साथ सेल्फी विथ प्लांट थीम पर एक प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में कुल 350 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी दी तथा पर्यावरण संवर्धन तथा संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। सीएसआर सेन्टर रावन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जनप्रतिनिधी महिला समूह पदाधिकारी वृक्षमित्रों एवं प्रशिक्षण प्रशिक्षणार्थीयों की भागीदारी रही। सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षित एवं संवर्धित होगा तो ही हम सब सुरक्षित रहेगे वही पर्यावरण प्रमुख संजय यादव ने कहा हमे अपने प्रयास से पृथ्वी पर सभी जीव के लिए पर्यावरण को हरा भरा और स्वस्थ्य रखने के प्रयास में अपने योगदान देना चाहिये। सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति ने 3 ग्रामों में विश्व पर्यावरण दिवस भूमि बहाली मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता के उपर किये कार्यक्रमों के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि लोग अब प्लास्टिक के उपयोग पर गंभीर हो रहे है व यथा संभव कम करने की शपथ भी लिये है। युवाओं को इस मुहिम में आगे आने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए रंजय पाण्डेय ने कहा की पेड़ लगाना ही काफी नही है इनको सुरक्षित रखना महत्वपूर्ण है। विगत दिनों सीएसआर द्वारा विभिन्न ग्रामों के सड़क किनारे वृक्षारोपण किया गया था, जो पेंड का रूप ले लिया है, साथ ही वृक्षारोपण हेतु पौधों का वितरण किया है। हम आगे भी इस दिशा में ग्रामीणों के मदद से वृक्षारोपण करते रहेंगे व प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम स्तर ग्राम पंचायत पदाधिकारी तथा सी एस आर कार्यकर्ता दया वर्मा सुरेन्द्र यादव द्वारिका वर्मा जानकी यादव ताराचंद वर्मा साहिल पैकरा धनेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा।

## 9 जून से विप्र भवन में दण्डी स्वामी श्रीमज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज जी की श्रीमदभागवत कथा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



विप्र भवन समता कालोनी में ब्राह्मण समाज द्वारा जेठ शुक्ल तृतीया 9 जून से नवमी 15 जून तक सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के प्रमुख, प्रकाण्ड विद्वान, वेदों के ज्ञाता तथा बेमेतरा क्षेत्र के प्रसिद्ध कथावाचक दण्डी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज जी का राजधानी में पहली बार श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित श्रीमदभागवत कथा में 11,000/-रु की सहयोग राशि के द्वारा श्रद्धालुगण अपने स्वजनों की स्मृति में यजमान के रूप में शामिल हो सकते हैं। श्रीमद्भागवत कथा में 20 सदस्यों ने यजमान के रूप में शामिल होने पंजीयन किया है। कथा आयोजन हेतू तैयारी की समीक्षा के लिए 2 जून को विप्र भवन में समीक्षा बैठक की गई।सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा निर्माण सेवा समिति रायपुर शाखा ने श्रद्धालु भक्तों से कथा में सपरिवार ईष्ट मित्रों सहित उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## योगेश तिवारी ने लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बृजमोहन अग्रवाल और सांसद विजय बघेल को दी बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




सर्व हिन्दू संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने बृजमोहन अग्रवाल और दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल से मुलाकात कर दूसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर बधाई दी। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी का और प्रदेश के मुख्यमंत्री बिष्णुदेव सांय का नेतृत्व का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव में 11 में से 10 सीटों पर जीत दर्ज की और अग्रसर है ।सांसद विजय बघेल ने एक बार फिर लंबे अंतर से अपने प्रतिद्वंदी राजेंद्र साहू को हराने में सफलता पाई है। इसी प्रकार रायपुर प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। बृजमोहन अग्रवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विकास उपाध्याय को ऐतिहासिक मतों से विजय करने और आने वाले समय फिर से एक बार भाजपा एनडीए की सरकार बनने जा रही है उसके लिये सभी प्रदेशवासीयों कि बधाई दी है।

## 2024 नीट परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर परिवार में खुशी का माहौल

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



मुश्ताक बेग के पुत्र आसिफ बेग नीट में सफलता हासिल कर अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसे नीट 2024 की परीक्षा में 720 में 603 नंबर मिला है। मगंलवार की देर शाम परीक्षाफल आने के बाद पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। मुस्ताक बेग ने बताया कि यह आसिफ का प्रथम प्रयास था। लगातार कड़ी मेहनत से उसे शुरू से ही अच्छे नंबर आने की आशा थी। आसिफ के पिता प्रॉपर्टी डीलर्स हैं। आसिफ ने बताया उसने गुरुकुल स्कूल 10+2 की परीक्षा के बाद नीट की तैयारी रायपुर आकाश कोचिंग से नानी घर में रहकर पूरी की है! उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों को देते हुए कहा कि सफल डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करूंगा।

## एनटीपीसी सीपत द्वारा 12 लाख से अधिक वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





एनटीपीसी सीपत में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बालिका सशक्तिकरण अभियान की बालिका और अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं ने नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन कर पर्यावरण संरक्षण के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पांडे ने अपने संबोधन में एनटीपीसी सीपत और एनटीपीसी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति किए जा रहे पहल का उल्लेख किया। साथ ही साथ उन्होने जल संरक्षण और जैव विविधता को बनाए रखने और कृषि उत्पादकता का समर्थन करने में विभिन्न जीव के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख तथा श्रीजित कुमार, महाप्रबंधक (सीपीजी-2) ने उपस्थित सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इसके अलावा रविन्द्र कुमार, निदेशक प्रचालन एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा जारी जो पर्यावरण संरक्षण संदेश को पढ़ा। इस कार्यक्रम में अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) महाप्रबंधकगण, संगवारी महिला समिति के वरिष्ठ सदस्या तथा बड़ी संख्या में अधिकारीगण, यूनियन व एशोसिएशन के प्रतिनिधि तथा कर्मचारियों सम्मिलित हुए। तत्पश्चात पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा वृहत स्तर पर मियावाकी पद्धति के द्वारा उच्चभाटी गांव में 32,000/- पौधारोपण का पहल करते हुए परियोजना प्रमुख तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसके अलावा एनटीपीसी सीपत के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा रांक ग्राम में सरपंच प्रतिनिधि के साथ मिलकर पेड़ लगाए, जो हरित आवरण बढ़ाने में सहायक होगा। इन प्रयासों द्वारा एनटीपीसी सीपत हरित राज्य के निर्माण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अग्रसर है।

## गांव की लड़कीं ने घर पर हीं पढ़ाई कर नीट में लाए अच्छे अंक

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बेलसोंडा निवासी तिरिथ चन्द्राकर, रिम्पी चन्द्राकर की सुपुत्री राशि चन्द्राकर ने नीट में बिना कोचिंग कर 643 अंक प्राप्त कर गांव का नाम गौरवान्वित किया हैं। आजकल कोचिंग कर नीट की तैयारी करने बच्चों को माँ बाप दिल्ली कोटा रायपुर या कोई भी बड़े शहरों में एडमिशन कराने का फैशन बन गया, लेकिन एक गांव की लड़की ने अपने पिता के साथ घर पर ही रहकर नीट की तैयारी की और सफलता मिल ही गई। होनहार राशि अन्य बच्चों के लिए प्रेणास्त्रोत बन गई हैं और यह याद दिलाती हैं कि अगर बच्चे में कुछ कर गुजरने की तमन्ना हो तो असम्भव कार्य भी संभव हो जाता हैं। राशि के पिता भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारी हैं। लड़कीं की पड़ने की इच्छा को देखते हुये घर से तैयारी के बजाय कोचिंग करने की सलाह दी लेकिन उनकी पुत्री ने घर मे रहकर ही तैयारी करने की ठानी और सफलता मिल गई। राशि ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता को देते हुए कहा कि अगर खुद की दिली इच्छा पढ़ने की हो कोई कार्य असंभव नहीं हो सकता हैं।

## कलेक्टर अग्रवाल ने किया वृद्धाश्रम का आकस्मिक निरीक्षण

### कलेक्टर ने वृद्धजनों के मेडिकल सुविधा एवं भोजन व्यवस्था की जानकारी ली





पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिला मुख्यालय गरियाबंद के समीप ग्राम भिलाई में समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संस्था प्रेरक द्वारा संचालित सियान सेवा सदन, वृद्धाश्रम एवं घरौंदा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर द्वारा संस्था में निवासरत प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों से मिलकर व्यक्तिगत चर्चा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गई एवं संस्था के कर्मचारियों से चर्चा किया गया। संस्था में निवासरत वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों को फ्ल, बिस्कीट एवं शीतल पेय का वितरण किया गया। संस्था प्रमुख को वृद्धजनों की आवश्यक देख-रेख, मेडिकल सुविधा, चिकित्सकीय जाँच, भोजन एवं भवन के रख-रखाव तथा परिसर में आवश्यक पेंड़-पौधे लगाकर सुसज्जित करने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा, उप संचालक समाज कल्याण दोनर प्रसाद ठाकुर, प्रेरक स्वैच्छिक संस्था के अध्यक्ष रामगुलाल सिन्हा तथा वृद्धाश्रम के प्रबंधक कोमलराम साहू उपस्थित थे।

## काट रहे उपज से भरी बोरियां, प्रांगण से बाहर चोरी की पहली शिकायत हुई दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

लचर सुरक्षा व्यवस्था की पोल तब खुल गई, जब नांदघाट, खपरी के किसान पीतांबर बंजारे ने अपनी कृषि उपज की चोरी किए जाने की कोशिश की शिकायत दर्ज करवाई। शहर थाने से जांच के लिए पहुंची पुलिस ने आश्वस्त किया है कि असामाजिक तत्व जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। मंडी प्रांगण और बाहर में जैसी अव्यवस्था बनी हुई है, उसका लाभ अब असामाजिक तत्व उठाने लगे हैं। जिम्मेदारी बनती है मंडी प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था की। शहर पुलिस को भी स्वतः संज्ञान लेना चाहिए किसानों और कृषि उपज की सुरक्षा की लेकिन दोनों ने जैसी लापरवाही दिखाई, उसका खामियाजा किसान पीतांबर बंजारे को उठाना पड़ा।

### क्या है मामला

नांदघाट के समीप ग्राम खपरी निवासी पीतांबर बंजारे आज सुबह रबी फसल को बेचने के लिए कृषि उपज मंडी पहुंचा, लेकिन लंबे जाम की वजह से उसे अपनी ट्रैक्टर प्रांगण के बाहर ही खड़ी करनी पड़ी। दोपहर तक जब प्रवेश नहीं मिला तो वह साथ में आए अन्य सहयोगी किसानों के साथ भोजन के लिए करीब की ही होटल में चला गया। वापस लौटने पर उसने बड़ी मात्रा में सड़क पर धान गिरा हुआ पाया। पूछताछ करने पर चोरी का प्रयास किए जाने की जानकारी मिली।

### मंडी प्रशासन ने झाड़ा पल्ला

पीतांबर बंजारे के साथ कुछ अन्य किसान भी, जिनके साथ भी ऐसी ही घटनाएं हुई थी, विचार विमर्श के बाद मंडी कार्यालय पहुंचे। किसानों को सलाह दी गई कि शहर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाएं। इससे अधिक कुछ नहीं कर सकते। परेशान किसानों ने अंततः शहर पुलिस स्टेशन पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज करवाई। जांच के लिए पहुंची पुलिस ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही आरोपी पकड़ लिए जाएंगे।

### रोज हो रही ऐसी घटनाएं

पीतांबर का मामला सामने आने के बाद अब ऐसे किसान भी सामने आने लगे हैं, जिनकी उपज की चोरी हो चुकी है। वाहन मालिक और वाहन चालक भी वाहन को नुकसान पहुंचाने और टूल बॉक्स से सामान की चोरी की शिकायत पुलिस से करने की तैयारी में है। ध्यान देना होगा मंडी और पुलिस प्रशासन को क्योंकि यह घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहीं हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हरी–भरी हो धरती के लिए लगाये गये पौधे





पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रो में वृक्षारोपण किया गया। नगर निगम भिलाई के विभिन्न जगहो पर वृक्ष लगाने गढढे किये गये है। जैसे मानसून की पहली बारिश शुरू होगी सघन वृक्षारोपण शुरू हो जायेगा। जिसमें प्रियदर्शिनी परिसर जोन-1, जोन-2 ट्रेचिंग ग्राउण्ड, ढ़ौर तालाब इत्यादि जगहो पर वृक्षारोपण किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, एम.आई.सी. सदस्य संदीप निरंकारी, केशव चैबे, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षदगण, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.एस. राजपूत, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महापौर नीरज पाल ने सब से अपील की है कि पेड़ पौधे लगाकर हम बढ़ती गर्मी पर्यावरण के असंतुलन को दुर कर सकते है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में हम लोग बड़े पौधे लगा रहे है जो एक वर्ष के अंदर वृक्ष का रूप ले लेगा। हम सब यह भी प्रयास कर रहे है कि जो भी पेड़ लगे वो पुरी तरह सुरक्षित रहे और नागरिको से भी यही अपील है सब आगे आये और वृक्ष लगाये। नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर कुसुम कानन नर्सरी में निःशुल्क पौधे उपलब्ध है जिसमे करंज, नीम, गुलमोहर, मुनगा, पीपल, बरगद, आम इत्यादि सभी प्रकार के पौधे है। समय पर जाकर आप अपनी इच्छानुसार पौधा ले करके लगा सकते है। वहीं पर उद्यान अधिकारी के नाम पर एक आवेदन देना है उसी में कितना पौधा चाहिए लिख देना है वही पर आपको पौधा मिल जायेगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी से आवहन किया है कि पौधा निगम उपलब्ध करायेगा। आप अपने बुर्जुगो के नाम से, बच्चो के नाम से पौधा लगाये और उसे बचाये। एक यादगार निशानी होगा, पर्यावरण मित्र बालू राम वर्मा ने बताया कि स्कंध पुराण के अनुसार एक वृक्ष लगाना 100 पुत्रो के समान है। बहुत ही नेक और पवित्र कार्य है।

## घुटकू नवापारा में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस




पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में आज ग्राम पंचायत घुटकूनवापारा में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन, जल संरक्षण एवं संवर्धन, पॉलीथिन मुक्त पंचायत आदि विषयों पर आधारित चर्चा की गई। साथ ही जल स्त्रोतों एवं पेड़ पौधों के समीप साफ सफाई किया गया। साथ ही लगाए गए पेड़ो के देखभाल एवं संरक्षण के लिए पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। पर्यावरण संरक्षण के विषय में बताया गया की शुभ अवसर पर पौधे गिफ्ट कर लोगों को पर्यावरण जागरूकता का संदेश देना चाहिए। समूह की महिलाए अपने घर





में फलदार पेड़ लगाए जिससे स्वास्थ्य और पोषण को भी बढ़ावा मिलेगा। अत्यधिक जल के दोहन को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करे और पेड़ लगाने के प्रेरित करे। कार्यक्रम में गांव को स्वच्छ बनाने के लिए पॉलीथिन मुक्त पंचायत बनाने के लिए भी लोगो को जागरूक किया गया। इस अभियान में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, यूनिसेफजिला सलाहकार, सुपरवाइजर, कार्यकर्ता, गांव के सरपंच, ग्राम पटेल, समूह की महिलाए उपस्थित रहे।

# गरियाबंद जिले अंतर्गत 13 पंजीकृत निजी अस्पताल संचालित 3 क्लिनिक, 2 लैब एवं 2 डायग्नोस्टिक सेंटर पंजीकृत

### जिलेवासी पंजीकृत चिकित्सा संस्थानों से ही ईलाज के लिए रहे जागरूक

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा गरियाबंद जिले में नर्सिंग होम एक्ट के तहत संचालित पंजीकृत निजी चिकित्सालय एवं लैब संस्थानों की सूची जारी की गई है। इसके तहत जिले में 13 निजी चिकित्सालय, 2 लैब, 2 डायग्नोस्टिक सेंटर एवं 3 पंजीकृत क्लिनिक संचालित है। जिलेवासियों को पंजीकृत चिकित्सा संस्थान से ही स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराने के लिए जागरूक रहने की अपील की गई है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल ने सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को आमजनों को जागरुक करने के लिए कहा है। सीएमएचओ कार्यालय गरियाबंद से जारी सूची अनुसार जिले में मान्यता प्राप्त लाईसेंसधारी निजी अस्पताल, पंजीकृत लैब एवं डायग्नोस्टिक सेंटर अंतर्गत सतायु क्लिनिक राजापारा देवभोग, सुरक्षा एडवांस डायग्नोस्टिक सेंटर उपजेल रोड, जिला अस्पताल के पास गरियाबंद, देवमाता हॉस्पिटल धरमगढ़ रोड देवभोग, मॉ यशोदा हॉस्पिटल बस स्टैण्ड रोड मेला ग्राउण्ड के सामने राजिम, कौर मल्टीस्पेशीलिटी हॉस्पिटल राजिम, हरि कृपा भवन गरियाबंद रोड राजिम, सोहम सुपर स्पेशीलिटी हॉस्पिटल प्रेम रतन मैरिज पैलेस के पास गरियाबंद रोड राजिम, लाईफलाईन मल्टीस्पेशीलिटी हॉस्पिटल फिंगेश्वर, निखिल वुड के पीछे रिंग रोड, फिंगेश्वर, डॉ बी. के. गुप्ता मेमोरियल सिटी हॉस्पिटल छुरा, सिन्हा क्लिनिक अमलीपदर, सोनी मल्टीस्पेशीलिटी हॉस्पिटल पितईबंद रोड, राजिम, लक्ष्मीमाता हॉस्पिटल राजिम, गणेश कल्याण हॉस्पिटल, पंडरीपानीडिह छुरा, लीलाबाई संजीवनी हॉस्पिटल कचना धुरवा कॉलेज के पास पंडरीपानी (छुरा), राजधानी लैब वाखाडिया कॉम्प्लेक्स हाई स्कुल रोड गरियाबंद, माईक्रोपैथोलॉजी लैबोरेट्री कांग्रेस भवन के पास तहसील रोड गरियाबंद, लाईफ केयर एडवांस डायग्नोस्टिक सेंटर पथर्रा रोड, राजिम, जगन्नाथ मल्टीस्पेशीलिटी हॉस्पिटल गुरुदेव राईस मिल के सामने पथर्रा रोड राजिम, सोमेश्वर हॉस्पिटल बॉयज स्कुल रोड गरियाबंद, संकल्प छत्तीसगढ़ मिशन हॉस्पिटल हरदी रोड, छुरा, सिटी हॉस्पिटल जनपद पंचायत के पीछे आई.टी.एस. कॉलेज रोड गरियाबंद शामिल है।

# पर्यावरण दिवस पर सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयं सेवी संगठन सहित शहरवासियों ने किया श्रमदान

### धमतरी शहर के 10 तालाबों से निकला 35 ट्रेक्टर से अधिक कचरा

- पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए साफ- सफाई और वृक्षारोपण का लिया संकल्प

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com





जिले में विश्व पर्यावरण दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज नगरपालिक निगम धमतरी क्षेत्र के विभिन्न स्थलों, तालाबों सहित अन्य जल स्त्रोतों की साफ -सफाई की गई। इस साफ -सफाई अभियान में धमतरी शहर के विभिन्न सामाजिक कार्याकर्ता, स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि, ग्रीन आर्मी के सदस्य, प्रेस प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में शहरवासियों ने श्रमदान किया। इस दौरान धमतरी शहर के 10 तालाबों से लगभग 35 ट्रेक्टर से अधिक कचरा निकाला गया। इनमें नागसागर तालाब हटकेशर वार्ड, कांटा तालाब सुभाषनगर वार्ड, आमा तालाब अम्बेडकर वार्ड, बनिया तालाब महंत घासीदास वार्ड, महिमासागर तालाब, बठेना तालाब, कलार तालाब रामपुर वार्ड, मकई तालाब मकेश्वर वार्ड और कठौली तालाब कोष्टापारा वार्ड शामिल है। इस अवसर पर लोगों ने धमतरी शहर को हर हाल में स्वच्छ, सुन्दर बनाए रखने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया।

# कलेक्टर एवं सीईओ जिपं के साथ स्कूली बच्चों ने मचान हट और नेचर ट्रेल का किया भ्रमण




- विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बच्चों ने लिया पेड-पौधों को संरक्षित करने का संकल्प

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज प्राथमिक स्कूल गंगरेल के बच्चों ने कलेक्टर नम्रता गांधी और सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव और वन मण्डलाधिकारी कृष्णा जाधव के साथ गंगरेल स्थित मचान हट और नेचर ट्रेल का भ्रमण किया। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत धमतरी दीपक ठाकुर सहित प्रशिक्षु आईएफएस, संयुक्त वनमंडलाधिकारी धमतरी, वाइल्ड लाइफ वेलफेयर सोसायटी के गोपी साहू, अमन एवं वन प्रबंधन समिति मरादेव, गंगरेल के सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर कलेक्टर गांधी ने बच्चों से रू-ब-रू चर्चा की और जंगल, जीव-जन्तु तथा पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में पूछा तथा बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत किया। इस अवसर पर बच्चों ने पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने, अधिक से अधिक पौधे लगाने, अपने आसपास सफाई बनाए रखने की बात कही।

# कन्हारपुरी में आयोजित जल जगार उत्सव में शामिल हुईं कलेक्टर नम्रता गांधी, मुड़ा तालाब अब बनेगा अमृत सरोवर

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com





जिले में जल संरक्षित करने की दिशा में कलेक्टर नम्रता गांधी की पहल पर सतत् प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कुरूद विकासखण्ड के ग्राम कन्हारपुरी में रेल्वे विभाग द्वारा सीएसआर मद से साढ़े 5 एकड़ क्षेत्र में बनाए जाने वाले तालाब गहरी एवं सौंदर्यीकरण कार्य का कलेक्टर सुश्री गांधी की उपस्थिति में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने आज शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, एसडीएम कुरूद, सीईओ जनपद पंचायत कुरूद सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर गांधी ने कहा कि जिले में भूजल स्तर तेजी से नीचे गिरते जा रहा है, ऐसे में रेल्वे द्वारा तालाब गहरी और सौंदर्यीकरण कार्य कराने से जल संरक्षण में सहयोग मिल जाएगा। उन्होंने इसके लिए रेल्वे विभाग को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे धान के बदले कम पानी वाले फसल जैसे दलहन, तिलहन इत्यादि लें। कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि शासन हर स्तर पर आपकी मदद नहीं कर सकती, कुछ मदद आपको अपने लिए स्वयं करनी होगी। गांवों में व्यर्थ पानी ना बहे, इसके लिए नल को देखते ही बंद करें, तालाबों, अन्य जलस्त्रोतों और नालियों की श्रमदान कर साफ-सफाई करते रहें, तभी आप अपने गांव को आदर्श बनाएंगे तथा पर्यावरण और जल को संरक्षित कर सकेंगे। इस अवसर पर उपस्थित रेल्वे बोर्ड के अधिकारी सूरज प्रसाद ने कहा कि तालाब गहरी और सौंदर्यीकरण कराकर हमें पर्यावरण बचाने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि हम गांव को एक सुन्दर तालाब दे सकें, इसे संभालना आपकी जिम्मेदारी होगी। उन्होंने बताया कि साढ़े पांच एकड़ में बन रहे इस तालाब में 30 नग पौधों का रोपण किया जाएगा। प्रसाद ने कहा कि मुड़ा तालाब अब अमृत सरोवर कहलाएगा। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए जल, वायु, पृथ्वी का योगदान है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को स्वच्छ और सुन्दर बनाए रखें, इससे पर्यावरण संतुलित बना रहेगा। सीईओ ने कहा कि कन्हारपुरी में मुड़ा तालाब गहरी और सौंदर्यीकरण के हो जाने से यहां पर्यटन का अवसर मिलेगा, जिससे आसपास के युवाओं और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं तथा आय बढ़ेगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान को और आगे लेकर जाएं। कार्यक्रम में ग्रीन आर्मी की महिलाओं ने अपने द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी और सफाई रखने लोगों से अपील की। इस अवसर पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफ टॉप स्ट्रक्चर, वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग इत्यादि की जानकारी दी गई और वायु प्रदूषण को कम करने पराली नहीं जलाने की समझाईश दी गई। इस मौके पर गांवों में जल प्रहरी के तौर पर कार्य करने वालों, जल संरक्षण की दिशा में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों सहित अन्य लोगों को टी-शर्ट, टोपी, मग, प्रशस्ति पत्र इत्यादि से सम्मानित भी किया गया।

# जिला पंचायत सीईओ मती यादव ने अमृत सरोवर में वृक्षारोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जीवन का है ये आधार, पर्यावरण सुरक्षा करो अपार, दूषित नहीं करना जल, बर्बाद हो जायेगा कल। उपरोक्त कथन को चरितार्थ करते हुये शासन से प्राप्त निर्देश अनुसार जिला गरियाबंद में विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों की सहभागिता को जोड़ते हुये वृक्षारोपण के साथ-साथ जल सरंक्षण के उद्देश्यों को जोड़ते हुये जिला में निर्मित कुल 75 अमृत सरोवरों में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मती रीता यादव ने विकासखण्ड छुरा के ग्राम पंचायत मड़ेली के अमृत सरोवर तालाब में वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। जिसके तहत सर्वप्रथम प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्यों को लेकर रैली निकाला गया तथा नारा के माध्यम से ग्राम-वासियों को जल





संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया गया। जल संरक्षण के उद्देश्य को चरितार्थ करने के प्रत्येक अमृत सरोवर के पास साफसफाई किया गया जिसमें सरपंच, सचिव, स्व-सहायता की महिला, स्थानीय जन प्रतिनिधि के साथ ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति शपथ, संगोष्ठी, विचार व्यक्त किया गया तथा वृक्षारोपण का कार्य किया गया। अमृत सरोवर कार्यस्थल में लगभग 980 वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया व 3540 व्यक्तियों ने सहभागिता दर्ज करायी। उक्त कार्यक्रम का क्रियान्वयन गरियाबंद के 05 विकासखण्ड में मनरेगा योजनान्तर्गत निर्मित अमृत सरोवर में किया गया।

### विधायक,महापौर,आयुक्त एवं पर्यावरण प्रभारी ने किया पोटिया चौक अमृत मिशन गार्डन में वृक्षारोपण

# भीषण गर्मी से बचने का एक ही उपाय,हर नागरिक वृक्षारोपण की ओर कदम बढ़ायें : विधायक,महापौर

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com




विश्व पर्यावरण दिवस की पूरे शहर वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाओं के साथ शहर को हरा-भरा करने प्रत्येक व्यक्ति वृक्षारोपण की ओर कदम बढ़ायें !पर्यावरण प्रकृति से प्राप्त एक अनमोल धरोहर है ! हमारा कर्तव्य है कि हम अपने शहर के पेड़-पौधों को सुरक्षित कर शहर को हरा-भरा बनायें। उक्त बातें आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं प्रभारी सत्यवती वर्मा, पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा,सहायक अभियंता वीपी मिश्रा, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह समेत अन्य लोगो ने पोटिया चौक अमृत मिशन गार्डन के किनारे में वृक्षारोपण किये।इस अवसर सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल का कहना है कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए पौधारोपण जरूरी है। जितने अधिक पौधे होंगे उतना पर्यावरण स्वच्छ रहेगा। लोगों को भीषण गर्मी से जूझना पड़ रहा है। इससे बचने का एक ही रास्ता अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। गार्डन में छायादार के साथ फलदार पौधे लगाये गये। विधायक व महापौर ने बताया आज विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर हमने शहर वासियों को जनजागरुकता के तहत पोटिया चौक स्थित अमृत मिशन गार्डन में कदम व बादाम के पेड़ समेत अन्य पेड़ लगाए गए। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि शहर के अन्य रिक्त जगहों में पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया जाएगा। लगाए गए पौधे छायादार और फलदार पौधा है जिसमें बादाम एवं कदम के पेड़ शामिल है। विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने शहरवासियों से अपील कर कहा कि शहर को हरा-भरा करने वे भी अपने घर के आस-पास एक पौध अवश्य लगाये। आक्सीजन की कमी को दूर करेगा रोपे गये पौधे वृक्षारोपण के अवसर पर विधायक, महापौर ने वृक्षारोपण कर लोगो के साथ पर्यावरण दिवस मनाया।इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल निगम के अधिकारी से कहा कि शहर के सभी रिक्त स्थानों एवं सड़क किनारे बारिश आते ही रिक्त स्थानों पर अधिक संख्या में पौधे रोपित कर इसे सुरक्षित रखने का प्रयास करेंगे।विधायक एवं महापौर ने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही इसकी देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, इस ओर विशेष ध्यान देकर पौधे को जीवित रखने का प्रयास करें।विधायक गजेंद्र यादव,महापौर धीरज बाकलीवाल व पर्यावरण एवं उद्यान विभाग की प्रभारी सत्यवती वर्मा ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए कहा कि इसको देखते दुर्ग वासियों को पौधारोपण करने की दिशा में आगे बढने की आवश्यकता है।

# डुबान के ऐतिहासिक जीत पर उमेश ने दी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं सांसद रूप कुमारी चौधरी ने फोन से दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव के परिणाम का इंतजार सभी मतदाताओं को था।मतदाताओं का इंतजार खत्म हुआ गिनती शुरू हुई और रुझानों को लेकर और प्रत्याशियों का कुछ राउंड में कम होना कुछ राउंड में प्लस होना और अंत में जीते हुए दल के कार्यकर्ताओं का उमंग देखते ही बन रहा था। इसी कड़ी में धमतरी विधानसभा में डुबान हमेशा कांग्रेस का गढ़ रहा है। वहां हमेशा कांग्रेस को बढ़त मिलती रही है 2023 के चुनाव में आखिरी डूबान के राउंड में ही कांग्रेस को बढ़त मिली और कांग्रेस विधायक धमतरी में चुनकर आए ।लोकसभा चुनाव के राउंड में भी सबकी नजर डुबान पर थी जहां हमेशा कांग्रेस की बढ़त रहती है परंतु इस बार वैसा कुछ भी नहीं हुआ। सांसद प्रतिनिधि और भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे मन के साथ एक संकल्प शक्ति को लेकर काम किया और खुशी उस समय हजार गुना हुई जब इतिहास में पहली बार गंगरेल मंडल को 814 वोट से जीत मिली इस पर मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू ने सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को आभार व्यक्त किए जीनके कठिन परिश्रम से भाजपा को बढ़त लेते हुए लोकसभा चुनाव को जीतने में अपनी भूमिका निभाई। इस माहती जीत को सुनकर सांसद रूप कुमारी चौधरी भी गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू को फोन से शुभकामनाएं दिए।

## संपादकीय

### बढ़ता निर्वनीकरण संकटपूर्ण स्थिति

**बढ़ता निर्वनीकरण संकटपूर्ण स्थिति** है। उच्च न्यायालय के अनुसार, इससे दिल्ली का 'रेगिस्तानीकरण' हो सकता है। महात्मा गांधी ने ठीक ही कहा था कि हम जंगलों के साथ जो करते हैं, वह हमारे अपने साथ किए व्यवहार का द्योतक है। पर्यावरण के प्रति इस संवेदनहीनता के चलते गंभीर परेशानियां सामने आ रही हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कठोर चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यदि निर्वनीकरण की वर्तमान प्रवृत्ति जारी रही तो शहर एक बंजर रेगिस्तान बन जाएगा। इस खतरनाक पूर्वानुमान को देखते हुए टिकाऊ पर्यावरणीय नीतियां व्यावहारिक रूप से तुरन्त लागू की जानी चाहिए। शहरीकरण के साथ निर्माण कार्य और प्रदूषण बढ़ता है जिसके चलते दिल्ली व अन्य महानगरों में वनाच्छादन तेजी से घट रहा है। इसके कारण अनेक गंभीर परिस्थितिकीय तथा जलवायु संबंधी परिणाम सामने आ रहे हैं। दिल्ली में निर्वनीकरण संकट कई कारणों से है जिनमें बेलगाम निर्माण, पेड़ों की अवैध कटाई तथा शहरी क्षेत्र का विस्तार शामिल हैं। शहर के हरित क्षेत्र घट रहे हैं जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है, तापमान बढ़ रहा है तथा प्राकृतिक भूमिगत जल का पुनर्भरण घट रहा है। शहर में गिरती वायु गुणवत्ता के साथ ही जाड़े के महीनों में स्माग व हवा में कणों की उपस्थिति बढ़ रही है। वनाच्छादन घटने के कारण शहरी 'हीट आईलैंड' प्रभाव बढ़ रहा है जिससे गर्मी में दिल्ली में रहना बहुत कठिन हो जाता है।

उच्च न्यायालय की कठोर चेतावनी पर्यावरण क्षरण के व्यापक प्रभावों को रेखांकित करती है। पेड़ कार्बन स्थिरीकरण, तापमान नियमन तथा जैव-विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। पेड़ न होने से ये



प्राकृतिक प्रक्रियायें बाधित होती हैं जिससे मृदा क्षरण, वन्यजीवों के लिए पर्यावास संकट तथा समग्र रूप से जीवन की गुणवत्ता में कमी आती है। यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रही तो दिल्ली को बढ़ते तापमान, गंभीर जल संकट, जैव-विविधता में गिरावट तथा खराब वायु गुणवत्ता के कारण आम जनजीवन में भारी गिरावट का सामना करना पड़ेगा। दुर्भाग्य से आम लोगों की सोच है कि सरकार को इसके बारे में कुछ करना चाहिए, जबकि लोग स्वयं इसमें काफी परिवर्तन ला सकते हैं। दिल्ली की पर्यावरणीय चुनौतियों के एकदम उलट राजस्थान का पिपलांतरी गांव आशा की एक किरण तथा टिकाऊ विकास का एक माडल पेश करता है। उदयपुर के निकट स्थित पिपलांतरी को गांव में पैदा हर लड़की के लिए 111 पौधे लगाने की विशिष्ट पहल के लिए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई है। पूर्व ग्राम प्रमुख श्याम सुंदर पालीवाल ने यह व्यवहार अपनी मृत बेटी की याद में शुरू किया था जिसने गांव का परिदृश्य तथा उसका सामाजिक-आर्थिक ढांचा बदल दिया है। इसके बाद से पिपलांतरी में 350,000 पेड़ लगाए गए जिससे एक समय बंजर रहा यह क्षेत्र पूरी तरह हरा भरा हो गया है। इसके अनेक लाभ हुए हैं जिनमें वायु गुणवत्ता में सुधार, भूमिगत जल स्तर में वृद्धि तथा स्थानीय संसाधनों पर सामुदायिक स्वामित्व की भावना शामिल हैं। इस पहल से ग्रामीण भारत में व्याप्त 'जेंडर पूर्वाग्रह' को चुनौती मिली है। पिपलांतरी में अनेक पर्यावरणीय लाभ दिखे हैं। बढ़ते वनाच्छादन से मृदा क्षरण पर लगाम लगी है, कृषि उत्पादकता बढ़ी है तथा विभिन्न प्रजातियों को पर्यावास मिला है जिससे जैव-विविधता बढ़ी है। दिल्ली की स्थिति तथा पिपलांतरी की सफलता सक्रिय पर्यावरणीय नीतियों एवं सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता जताती है। दिल्ली जैसे क्षेत्रों को पिपलांतरी के उदाहरण से कई सबक सीखने चाहिए।

# चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न

2024 चुनाव प्रचार अभियान में आक्रामकता छाई रही। इसके साथ ही मीडिया में तीखा संघर्ष तथा गंभीर वैचारिक द्वंद्व भी सामने आया है।



कुमार चेलप्पन
(लेखक, द पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में आक्रामकता छाई रही। इसके साथ ही मीडिया में तीखा संघर्ष तथा गंभीर वैचारिक द्वंद्व भी सामने आया है। विगत शनिवार को लोकसभा चुनाव में सातवें चरण का मतदान संपन्न होने के बाद लंबी चली चुनाव प्रक्रिया पूर्ण हुई ओर सारी जनता चुनाव परिणामों की प्रतीक्षा करने लगी। मंगलवार को चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद राष्ट्रपति चुनावों में विजेता को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगी। यदि कोई पार्टी अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा पार करने में सफल नहीं होती है तो गठबंधन सरकार का गठन होगा जिसमें विभिन्न विचारधाराओं वाले दल एकसाथ आ जाएंगे। मजेदार बात है कि भले ही गैर-भाजपा दलों की विचारधारायें अलग-अलग हों, पर वे मोदी-विरोध के नाम पर फिलहाल एकजुट दिख रहे हैं।

एक्जिट पोलों के अनुसार भाजपा तथा उसके नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग सरकार बनाने की स्थिति में आ जाएगा। लेकिन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल राजनीतिक दल एक्जिट पोलों के अनुमान स्वीकार करने को तैयार नहीं थे और वे मतगणना के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे थे। 2024 के चुनाव प्रचार अभियान पर गौर करें तो यह आक्रामकता से भरा रहा है जिसमें प्रधानमंत्री मोदी समेत अन्य नेताओं ने विरोधियों के बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। मीडिया द्वारा तथ्यों के विकृतीकरण से कुछ समुदायों में गुस्सा भी भड़का। भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा करने के बाद भाजपा की योजना में संविधान संशोधन का कोई एजेंडा नहीं था। लेकिन भाजपा विरोधियों का आक्रामक अभियान इस मामले में एकजुट था कि यदि भाजपा चुनाव जीत जाती है तो फिर देश में चुनाव नहीं होंगे तथा संविधान को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

स्वयं को प्रतीक्षारत प्रधानमंत्री समझने वाले राहुल गांधी एक कदम और आगे बढ़े। उन्होंने घोषणा कर दी कि भाजपा हमेशा के लिए अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा ओबीसी का आरक्षण समाप्त कर देगी। हालांकि, भाजपा ने बार-बार इन आरोपों का खंडन किया, पर केरल और तमिलनाडु में इस अवधारणा का प्रचार किया गया कि मोदी किसी प्रकार के आरक्षण के खिलाफ हैं। इस बीच कांग्रेस, माकपा और समान विचारधारा वाली पार्टियों ने नरेन्द्र मोदी तथा संघ परिवार पर दक्षिण भारत में भयानक गर्मी और पानी की कमी तक पैदा करने का आरोप लगा दिया।

इसके बाद भारी बरसात हुई तथा केरल में तेज समुद्री हवायें चलने लगीं। मजेदार बात है कि कांग्रेस और माकपा ने इसका ठीकरा भी मोदी पर फोड़ने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री द्वारा एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कातर की विषयवस्तु को विपक्षी नेताओं ने तोड़-मरोड़ कर यह आरोप लगा दिया कि प्रधानमंत्री ने स्वयं को 'ईश्वर' बता दिया है।

वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी ने साक्षात्कार में कहा था कि वे 140 करोड़ भारतीयों को अपना देवता मानते और उनकी पूजा करते हैं। विपक्ष के इन अपराधों को माफ नहीं किया जा सकता है। सामान्य लोगों के लिए चुनाव भाषण सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं। इनमें विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय नेता मतदाताओं को देश में अलग-अलग समय शासन करने वाली पार्टियों की विफलता बताते हैं। मतदाताओं को यह जान कर आश्चर्य होता है कि जो पार्टी स्वयं को भारत पर शासन का अधिकारी मानती थी, उसने मतदाताओं के साथ क्या किया है। प्रख्यात इतिहासकार आर.सी. मजूमदार ने दस खंडों वाली एक श्रृंखला 'द हिस्ट्री एंड कल्चर आफ इंडियन पीपुल' का संपादन किया था। इसे कुलपति डा. के.एम. मुंशी की पहल पर भारतीय विद्या भवन ने प्रकाशित किया था। लेकिन इसे देश के वामपंथी इतिहासकारों ने 'अश्पृश्य उत्पाद' घोषित कर दिया। वामपंथी तथा देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने देश से बहुत कुछ छिपाया है।

2024 का आम चुनाव एक ऐसी घटना है जिसे मतदाता जल्दी से जल्दी भुलाना चाहेंगे। इसके पहले कभी चुनाव प्रचार इतनी आक्रामकता के स्तर तक नहीं पहुंचा था। इससे यह भी स्पष्ट है कि मीडिया को अपनी प्रेक्षक की भूमिका अच्छी तरह समझनी चाहिए। 'द गार्जियन' के संपादक स्वर्गीय सी.पी. स्काट ने पत्रकारिता को परिभाषित करते हुए कहा था कि इसका अर्थ है, 'तथ्य पवित्र होते हैं, पर लोगों की राय स्वतंत्र होती है।' इसे पत्रकारिता का प्रमुख सिद्धान्त माना जाता है। लेकिन विडंबना है कि आजकल की पत्रकारिता में इस सिद्धान्त को भुला दिया गया है जिसके चलते आज तथ्य तथा लोगों की राय, सब कुछ स्वतंत्र हो गया है। इसके कारण विभिन्न मीडिया समूह अपनी पसंद के अनुसार तथ्यों का स्वयं चयन कर उनको विकृत करने तथा उनके आधार पर लोगों की राय बनाने का प्रयास करते हैं। वर्तमान समय में यदि अधिकांश अखबारों की राय पर गौर किया जाए तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पहले ही चुनाव जीत चुका है और अब उसे केवल नई सरकार गठित करने की प्रतीक्षा है। इस कारण उनके द्वारा किए जनमत सर्वेक्षण तथा लोगों की राय एक प्रकार से मजाक बन गई है। अब लोकसभा चुनाव के सातों चरणों का मतदान पूरा होने के बाद केवल 4 जून, 2024 को ही पता चलेगा कि हवा किस दिशा में चल रही थी। इसलिए संपूर्ण रूप से चुनाव परिणाम आने से पहले अखबारों और खबरिया चैनलों को इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में किसी का पक्ष नहीं लेना चाहिए। हालांकि, इस तर्क का विस्तार राजनीति तक स्वाभाविक रूप से होता है कि 'मेरा कुर्ता तुम्हारे कुर्ते से ज्यादा सफेद है', लेकिन इसके कारण विपक्षियों पर अकारण आक्रामक बयानबाजी नहीं होनी चाहिए तथा उनको नीचा दिखाने के प्रयास नहीं होने चाहिए।

मुख्य राजनीतिक पार्टियों के अनेक प्रमुख नेताओं ने निन्दनीय और घृणित बयान दिए हैं। एक कुख्यात अपरोधी और माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी द्वारा 'शहीद' बताना अत्यधिक निन्दनीय और आश्चर्यजनक कृत्य है। हम भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद को शहीद कहते आए हैं, पर पहली बार एक माफिया डॉन को एक राजनीतिक पार्टी के अध्यक्ष द्वारा 'शहीद' का दर्जा दिया गया है।

कांग्रेस नीत विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के कुछ नेताओं ने एक ऐसे व्यक्ति की प्रशंसा की जिसे चारा घोटाले में संलिप्त होने के कारण आजन्म कारावास की सजा दी गई है। 'इंडिया' के नेताओं ने उसे भारत का सर्वाधिक ईमानदार नेता बता दिया, जबकि गंभीर चिकित्सा समस्याओं के कारण वह जमानत पर रिहा है। पूना में पोर्श्च कार दुर्घटना में दो लोगों की जान गई। यह दुर्घटना इस बात का प्रमाण है कि कुछ भाजपा नेता भी पक्षपात के आरोपों से मुक्त नहीं हैं। भाजपा महाराष्ट्र में सरकार की गठबंधन सहयोगी है जिसमें रांकापा के एक धड़े की प्रमुख सहभागिता है। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए स्पष्ट है कि केवल ज्ञानवान, विवेकी व स्वच्छ छवि वाले नेताओं को ही चुनाव जीत कर केन्द्र सरकार का हिस्सा बनना चाहिए। अपराधों के दोषियों तथा माफिया डॉनों का चुनाव संघर्ष में कोई हिस्सा नहीं होना चाहिए। अतीत में चुनावों को अपराधियों, भ्रष्टाचारियों, काले धन का भंडारण करने वाले व माफिया तत्वों से मुक्ति दिलाने के अनेक प्रयास हुए हैं, पर दुर्भाग्य से वे अपनी चरम परिणति तक नहीं पहुंचे हैं। यदि जघन्य अपराधों के दोषी मुख्तार अंसारी जैसे माफिया डॉनों को जिम्मेदार राजनेताओं द्वारा 'शहीद' का दर्जा दिया जाएगा तथा चारा घोटाले में आजन्म कारावास की सजा प्राप्त व्यक्ति को भारत का सर्वाधिक ईमानदार बताया जाएगा तो स्वच्छ चुनावों की कल्पना ही कठिन हो जाएगी।

हालांकि, अतीत में खासकर टी.एन. शेषन के उल्लेखनीय व असाधारण प्रयासों से चुनाव प्रक्रिया काफी स्वच्छ हुई है, पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। कुल मिला कर कहें तो भारतीय निर्वाचन आयोग को चुनाव प्रक्रिया की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार करना होगा। समाज-विरोधी व राष्ट्र-विरोधी तत्वों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा नहीं मिलना चाहिए क्योंकि जनता ही देश की स्वामी है। लोकतंत्र में निर्णय जनता को ही करना चाहिए।

# अपराध और अंतरचेतना

"ध्यान के माध्यम से आध्यात्मिक लचीलापन आपराधिक व्यवहार को सुधारने में मदद कर सकता है।"

ब्रह्मकुमार निकुंज
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



हाल ही में हुई एक हिट-एंड-रन त्रासदी से पूरा देश स्तब्ध रह गया, जिसमें एक किशोर, जो कथित तौर पर एक लग्जरी कार के पहिये के पीछे नशे में था, एक मोटरसाइकिल से टकरा गया, जिसमें दो होनहार युवा आईटी पेशेवरों की जान चली गई। आपराधिक मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, किसी अपराध के होने से पहले उसे अंजाम दिया जाना चाहिए। इसलिए, बिना कार्रवाई के कोई अपराध नहीं हो सकता।

इसलिए, वे कहते हैं कि अधिकांश मामलों में, कोई व्यक्ति अत्यधिक तनाव, अप्रतिरोध्य प्रलोभन, बेकाबू जुनून, गहरे मोह, अत्यधिक उकसावे या घोर निराशा के क्षण में या दृढ़ विश्वास या विवेक की अमर पुकार के जवाब में अपराध करता है। इसलिए, उनके अनुसार यदि वह बेचैनी की इन स्थितियों के दबाव को कुछ मिनटों या शायद कुछ सेकंड के लिए भी झेल सकता है, तो वह शायद अपराध क्षेत्र से बाहर हो सकता है और कम से कम किसी भी संज्ञेय अपराध के आरोप से मुक्त हो सकता है। दूसरे दृष्टिकोण से विचार करने पर यह कहा जा सकता है कि यदि मनुष्य की विवेक बुद्धि, उसका आत्म-सम्मान, उसकी भावनाओं पर उसका नियंत्रण, उसका संयमित निर्णय, उसकी श्रेष्ठ भावनाएँ तथा उसकी आध्यात्मिक या नैतिक भावना ने उसका साथ न छोड़ा होता, तो शायद नकारात्मक शक्तियों का अंधाधुंध तूफान शांत हो जाता और वह अपराध करने से बचता और इस प्रकार उस दर्दनाक अनुभव से बच जाता जो आम तौर पर अपराध के बाद होता है।

एक बार जब कोई जघन्य अपराध हो जाता है, तो मनुष्य के भीतर की कोमल आत्मा को किसी आपराधिक अपराध के लिए जेल जाने या अपने दीवानी अपराध





के लिए संबंधित अधिनियम के तहत सजा के रूप में भारी राशि का भुगतान करने या दोनों को भुगतने से पहले ही अपमानजनक और कष्टदायक अनुभव से गुजरना पड़ता है। न केवल वह उदास महसूस करता है और अपने सीने पर भारी बोझ होता है, बल्कि वह अपनी अंतरात्मा का सामना करने, आईने के सामने खड़े होने और अपना चेहरा पहले की तरह देखने में भी असमर्थ होता है। हमें इस बात पर विचार करना होगा कि क्या कानून उन सभी कृत्यों को कवर करता है जो सार्वजनिक कल्याण को नुकसान पहुंचा सकते हैं? इसलिए कोई यह कह सकता है कि अपराध की कोई वस्तुनिष्ठ, सरल परिभाषा नहीं है।

क्योंकि अपराध का अर्थ उस विशेष समाज से प्रभावित होता है जिसमें हम रहते हैं। जैसे, कुछ अपराध सख्त कानूनी परिभाषाओं के भीतर होते हैं और कुछ ऐसे होते हैं जो कोड या परंपराओं से संबंधित होते हैं जिन्हें मानक परिभाषाएँ कहा जाता है। वे आम तौर पर धर्म जैसे औपचारिक नैतिक कोड या सामाजिक रूप से स्वीकार्य व्यवहार जैसे अनौपचारिक कोड होते हैं। अपराध के कृत्य और न्यायालय द्वारा दंड हमेशा की तरह चलते रहते हैं। हालाँकि, एक महत्वपूर्ण प्रश्न जिस पर किसी भी सरकार या न्यायपालिका ने गंभीरता से और लगन से खुद को संबोधित नहीं किया है, वह बना हुआ है। यह प्रश्न किसी व्यक्ति के अपराध करने से पहले और अपराध करने के बाद की मन:स्थिति से संबंधित है। यह सर्वविदित है कि किसी व्यक्ति को अपराध करने के लिए उकसाने वाली ताकतें क्रोध की पागल करने वाली भावनाएं, घृणा, ईर्ष्या, प्रतिद्वंद्विता, प्रतिशोध या दुश्मनी की भस्म करने वाली आग, बढ़ा हुआ लालच, उत्तेजित तीव्र जुनून, फुला हुआ या घायल अहंकार, भावनात्मक लगाव का उभार या अज्ञात का गंभीर भय के अलावा और कुछ नहीं हैं।

जब तक हम नागरिकों के मन से इन नकारात्मक लक्षणों को बहुत कम या पूरी तरह से हटा नहीं देते, तब तक हम अपराध को कम नहीं कर सकते या अपराध रहित समाज नहीं बना सकते। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे समाज द्वारा अपराध के जन्मपूर्व और जन्मोत्तर पहलुओं से कभी भी पर्याप्त रूप से निपटा नहीं गया है। यह शायद ही कभी महसूस किया जाता है कि वास्तव में ऐसे उपायों की आवश्यकता है जो नागरिकों की तनाव और दबाव की स्थितियों या लालच, अहंकार और जुनून के तूफानों के प्रति मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रतिरक्षा को बढ़ाएं। यह आध्यात्मिक शिक्षा और ध्यान में मार्गदर्शन के बिना नहीं किया जा सकता है।

क्योंकि यह ध्यान ही है जो किसी व्यक्ति में क्रोध, घृणा और अन्य नकारात्मक और आपराधिक प्रवृत्तियों की छिपी हुई जड़ों को जला सकता है। इसके लिए कुल मिलाकर खर्च और इसके लिए आवश्यक जनशक्ति और प्रयास कानून के पहियों को तेल लगाने और चलाने के लिए आवश्यक बहुत कम होंगे।

## आप की बात

### राजनीतिक चुनौती

**आम चुनाव** कई राजनीतिक दलों के लिए निर्णायक मोड़ हो सकते हैं। अस्तित्व की लड़ाई लड़ने वाली बसपा, जदयू, शिवसेना, अकाली दल, इनेलो, जेडीएस, बीआरएस के लिए यह चुनौती गंभीर है। 2007 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत हासिल करने वाली बसपा अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। 2014 से लेकर अब तक पार्टी के प्रदर्शन में गिरावट आई है। इसी तरह जदयू ने भी कई बार अपने राजनीतिक सहयोगी बदले हैं, लेकिन सफ्लता की राह मुश्किल होती जा रही है। भाजपा से अलग होने के बाद शिवसेना की स्थिति और जटिल हो गई है। सत्ता की लालसा में पार्टी ने कांग्रेस और राकांपा के साथ गठबंधन किया लेकिन इससे वह विभाजित हो गई। अब बाला साहब ठाकरे की विरासत को लेकर मतदाता ही तय करेंगे कि वे किसे उनका सच्चा वारिसत मानते हैं, उद्धव ठाकरे को या एकनाथ शिंदे को। अकाली दल की स्थिति भी ठीक नहीं है। कृषि सुधार कानूनों के विरोध में भाजपा से अलग होने के बाद पार्टी का जनाधार घटा है। हरियाणा में इनेलो और जजपा अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। दक्षिण भारत में जेडीएस और बीआरएस की स्थिति भी संघर्षमय है। ऐसे दलों को चुनाव परिणामों का विश्लेषण कर राजनीतिक चुनौती का सामना करना होगा।

**- अवनीश गुप्ता**, आजमगढ़

### विपक्ष के बदले सुर

**मतगणना** से एक दिन पहले विपक्षी इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग से बतचीत कर अपनी मांगे रखी जिसके जवाब में आयोग में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से उनकी सभी शंकाओं के समाधान के साथ-साथ यह भी कहा कि चुनाव आयोग के ऊपर बार-बार बिना वहज आरोप लगाते रहना और बार-बार सुप्रीमकोर्ट का दरवाजा खटखटाना देश की पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर धब्बा लगाने का प्रयास है। चुनाव आयोग ने अपनी प्रेस कान्फ्रेंस में लोकसभा चुनाव की व्यापकता और गहनता की रूपरेखा प्रस्तुत कर बताया कि ये चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक आयोजन हैं। नतीजे आना शुरू होने के बाद विपक्ष के सुर बदल गए, अब ईवीएम भी ईमानदार हो गई, चुनाव आयोग निष्पक्ष हो गया, चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं हुई तथा यायपालिका भी निषक्ष है। विपक्ष का इस प्रकार गिरगिट की तरह रंग बदलना और देश के मजबूत प्रजातंत्रकी जड़ें खोदने के साथ-साथ जानादेश का तिरस्कार करना भी है। विपक्ष को अपने दोहरे रवैया पर मंथन करना चाहिए। विपक्ष समेत सभी राजनीतिक दलों को अपनी जय पराजय के कारणों की गंभीर समीक्षा कर जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करना चाहिए।

**- सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### खेलों में नस्लभेद

**कुछ दिन** पहले फुटबॉल की विश्व शासी संस्था फीफा ने कहा कि उसने फुटबॉल में नस्लवादी दुर्व्यवहार से निपटने के लिए पांच स्तंभों वाली योजना प्रस्तावित की है। नस्लभेद ने सिर्फ समाजों में नहीं बल्कि खेलों में भी अपनी पैठ बना ली है। इसके कारण फीफा को भी इस पर कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ा। जर्मनी फुटबॉल टीम के कोच जूलियन नैगल्समैन ने एक नस्लवादी सर्वेक्षण का हवाला दिया जिसमें प्रतिभागियों से पूछा गया था कि क्या वे राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिक श्वेत खिलाड़ियों को चाहते हैं? अप्रैल में हुए इस सर्वेक्षण को जर्मन सार्वजनिक प्रसारक डब्लूडीआर द्वारा प्रसारित किया गया था। इस तरह के सर्वेक्षण केवल खेल ही नहीं बल्कि किसी भी संस्थान में नहीं होने चाहिए। जर्मन कोच ने बिलकुल सही कहा है कि जब जर्मन टीम जीतती है तो कहा जाता है कि हमारा देश जीता है मगर जब वो हार जाती है तो नस्लभेदी लोग कहते हैं ये विदेशी खिलाडियों वाली टीम पराजित हुई है। दुनिया भर में आज नस्लभेद, रंगभेद, लिंगभेद और धर्मभेद से छुटकारा पाने के लिए विभिन्न सामाजिक संस्थाएँ निरंतर प्रयासरत हैं। ऐसी भेदभाव करने वाली प्रवृत्तियों को सभी जगह समाप्त होना चाहिए।

**-जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### संकट में ट्रंप

**अमेरिका** में मैनहटन कोर्ट की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को 34 अपराधों में दोषी ठहराना जितनी बड़ी घटना है, उससे कहीं ज्यादा अहम है इस पर ट्रंप और उनके समर्थकों का रिएक्शन। समर्थक ट्रंप के हक में सड़कों पर उतर गए और सोशल मीडिया पर सिविल वॉर तक की धमकी दे रहे हैं। यह स्थिति दुनिया में लोकतंत्र का स्तंभ माने जाने वाले अमेरिका के लिए अत्यन्त दु:खद है। आश्चर्य है कि अमेरिका के कानून में कोर्ट से अपराधी घोषित किए गए व्यक्ति को भी चुनाव लड़ने से रोकने का कोई नियम नहीं है। रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप को इन आरोपों के बावजूद अच्छी-खासी बढ़त मिल रही है। ट्रंप के समर्थक आक्रामक मूड में नजर आ रहे हैं। हालांकि, अमेरिकी अपराध संहिता के अनुसार ये अपराध बहुत निम्न श्रेणी के हैं, लेकिन देखना होगा कि क्या इसके बावजूद रिपब्लिकन उनको अपना राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाते हैं अथवा किसी अन्य का चयन करते हैं। फिलहाल ट्रंप संकट में हैं और उनका राजनीतिक भविष्य दांव पर लगा है। उल्लेखनीय है कि उन्होंने बवाल कर जनादेश उलटने का प्रयास भी किया था।

**- विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# यह जीत एक-एक भाजपा कार्यकर्ताओ और आम जनता की जीत है : विधायक दीपेश साहू



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल की जीत की खुशी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने सड़कों पर ढोल नागाड़ो और फटाको के आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया। मतगणना स्थल पर कार्यकर्ताओं ने सड़क पर जमकर आतिशबाजी करते नजर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाते नजर आये। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने दुर्ग लोकसभा सीट पर फतह हासिल कर ली है। विजय बघेल की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं मे भारी उत्साह और उमंग देखने को मिला है। मतगणना स्थल के बाहर कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा है। कार्यकर्ता पटाखे फोड़कर नागाड़े की धुन मे विधायक दीपेश साहू कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयों के साथ थिरकते नजर आए। इसके साथ ही जयश्री राम के नारे से पूरा इलाका गुंजयमान हो गया है जीत की जश्न मे बेमेतरा के सिग्नल चौक पर कार्यकर्त्ताओ को झूमते देख बेमेतरा विधायक दीपेश साहू भी झूमने लगे और खुशी जाहिर करते नजर आये।

## कार्यकर्त्ताओ की कड़ी मेहनत और अथक परिश्रम का मिला फल

लोकसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय बघेल जी के जीत के बाद मीडिया को सम्बोधित करते हूए बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने सर्वप्रथम विधानसभा क्षेत्र जनताओं और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने मीडिया को सम्बोधित करते हूए कहा की ये जीत हमारे विधानसभा क्षेत्र के एक-एक भारतीय जनता पार्टी, क्षेत्र की एक-एक जनता, आम मजदूर, युवा साथियो, महिलाओ, और सभी वर्गों के लोगो की जीत है। ये जीत हम सबकी जीत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक निर्देशन पर पिछले 10 सालो कई जनकल्याण कारी योजनाओं को लाने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया हैं। इन योजनाओं को हमारे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने आम जनता क्षेत्र के किसान, महिला, युवाओं के साथ मिलकर योजनाओं को लाभ दिलाने का काम किया है। इसलिए क्षेत्र की जनता चाहती हैं की एक बार फिर केन्द्र मे मोदी की सरकार बने और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। मै इस जीत का श्रेय क्षेत्र की जनताओं और कार्यकर्ताओ को देना चाहता हुं। विजय बघेल 5 साल से लगातार क्षेत्र की जनता से जुड़ाव रहा और उनकी मांगों पर खरा उतरे। लगातार क्षेत्र के हित में विकास कार्य करते रहे जिसका परिणाम है कि आज हमें एक बार फिर विजय जैसे एक लोकप्रिय सांसद मिला है। रिकॉर्डमतों से जीत हासिल कर एक बार फिर सांसद बने हैं। पूरे जिले में यदि लीड मिली है तो सबसे ज्यादा बेमेतरा विधानसभा में यहां की एक एक कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत लगन और परिश्रम के बदौलत सबसे अधिक बेमेतरा विधानसभा में देखने को मिला है। भारतीय जनता पार्टी के एक एक कार्यकर्ताओ के अथक परिश्रम और कठिन प्रयासों की बदौलत विजय जीत हासिल किए हैं। इसके लिए मैं सभी कार्यकर्ताओं का बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। लगातार किसानों के हित में मजदूरों के हित मे सेवा करने का काम मोदी ने किया है। इसके साथ-साथ विजय बघेल पिछले 5 सालो से लगातार क्षेत्र की जनता से जुड़कर जनताओं की बीच जाते रहे हैं और लगातार क्षेत्र की जनताओं के हित में विकास कार्य करते रहे है जिसका परिणाम हैं की आज हम रिकॉर्ड मतों से बेमेतरा विधानसभा से जीत दर्ज किये हैं। पुरे जिले के तीनो विधानसभा मे यदि सबसे ज्यादा लीड मिली हैं तो वो हैं बेमेतरा विधानसभा से मिली हैं। बेमेतरा विधानसभा के निष्ठावान, कर्तव्य परायण कार्यकर्ताओं के कारण, वरिष्ठ नेताओं के कारण यह जीत मिली है। साहू ने कहा मैं क्षेत्र के सभी एक एक कार्यकर्ताओं और जनताओं का बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहता हूं। जिनकी कठिन परिश्रम और लगाना के बदौलत ये जीत दर्ज किये हैं।

### भाजपा को बेमेतरा विधानसभा मिले सर्वाधिक मत

जिले के बेमेतरा विधानसभा में भाजपा को साजा व नवगढ़ विधानसभा की अपेक्षा अधिक मत प्राप्त हुए। बेमेतरा विधानसभा में भाजपा को 115077 मत व कांग्रेस को 66339 मत प्राप्त हुए। इस विधानसभा में भाजपा ने 48738 की लीड प्राप्त की। नवागढ़ विधानसभा में भाजपा को एक 111912 मत प्राप्त हुए तो वही कांग्रेस को 71412 मत मिले। नवगढ़ विधानसभा से बीजेपी को 39467 की बढ़त मिली। साजा विधानसभा से भाजपा को 111215 मत व कांग्रेस को 74750 मत प्राप्त हुए। भाजपा को 36 465 मतो की बढ़त मिली। तीनों विधानसभा में सबसे कम लीड साजा विधानसभा से भाजपा को मिली है।

### मंत्री, विधायक सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता रहे मौजूद

मंत्री दयालदास बघेल, साजा विधायक ईश्वर साहू, संजय बघेल, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र वर्मा भाजपा जिला महामंत्री, राजू देवांगन पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष , भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मोतीलाल साहू, राकेश मोहन शर्मा, हर्षवर्धन तिवारी, राजेश शर्मा, केशव साहू,धर्मेंद्र साहू, रेवा राम निषाद, परमेश्वर साहू, डॉ भुनेश्वर साहू, विकास तम्बोली, डॉ विनय साहू, लक्ष्मीनारायण यादव, बिमलेश निषाद, तारण राजपूत, तुषार साहू, संतोष वर्मा युगल देवांगन, सनी ठाकुर ,योगेश वर्मा, समीर वर्मा, गोपी देवांगन, पुण्यांश श्रीवास, कमलेश वर्मा, राकेश वर्मा, जितेन्द्र साहू, गजानंद साहू, ओमकार साहू, राहुल साहू, साकेत साहू, दीना साहू, महेंद्र साहू, पिंकी साहू, रीना साहू, ममता साहू, ओमेश्वरी साहू सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# कबीरधाम जिला चिकित्सालय में समय पर नहीं पहुंचते डॉ. एवं कर्मचारी

## मरीजों को होती है दिक्कत, सख्त हुए जिला अस्पताल के सिविल सर्जन, लगाई फटकार

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



इन दिनों स्वास्थ्य विभाग प्रशासनिक कसावट के मूड में है जिस जिले की स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होती दिख रही है, इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ केशव कुमार ध्रुव ने बताया कि उच्च अधिकारियों द्वारा निरीक्षण में पाया गया है कि प्राय चिकित्सा अधिकारी विशेषज्ञ एवं समस्त जिला चिकित्सालय स्टाफ ड्यूटी पर विलंब से आते हैं अथवा बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहते हैं जिससे जिला चिकित्सालय की उपचार व्यवस्था प्रभावित होती है एवं मरीज को समय से उपचार नहीं मिल पाता है आपातकालीन के समय में मरीजों की जांच हुआ उपचार समय पर मिलना अति आवश्यक है जिला चिकित्सालय में दूरस्थ वनांचल क्षेत्र से तथा अन्य स्थानों से उपचार हेतु आए मरीजों को समय पर उपचार न मिलने की स्थिति में बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिससे जिला चिकित्सालय की छवि धूमिल होती है एवं यह कृत स्वक्शाचारी स्वभाव को परीक्षित करता है जो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 नियम तीन के उप नियम 1 2 एवं 3 के स्पष्ट उल्लंघन है अतः सभी विशेषज्ञ सभी चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त जिला चिकित्सालय के स्टाफ को समय पर आने के दिशा निर्देश दिए हैं एवं हिदायत दी है कि बिना किसी पूर्व सूचना के ड्यूटी से अनुपस्थित एवं विलंबित पाए जाने पर कर्मचारी अधिकारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी इसके लिए अधिकारी एवं कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# अमृत सरोवर तालाब डुंडा एवं ग्राम भिनपुरी में नीम का पौधा रोपित




पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अमृत सरोवर तालाब डुंडा एवं ग्राम भिनपुरी में नीम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल सरक्षण के प्रति जागरूक किया और हरित भविष्य की शपथ भी दिलाई। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम Land Restoration, Desertification And Drought Resilience" है। इस थीम का फोकस 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर निपटने की क्षमता है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह के समय हुआ, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत, टेकचन्द्र अग्रवाल, सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्राम भिनपुरी के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। कलेक्टर शर्मा ने नीम का पौधा रोपते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपनी धरती को हरा-भरा बनाए रखने के लिए पौधारोपण में योगदान दे। पौधारोपण न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण भी सुनिश्चित करता है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को साल में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई कि वे अपने जीवन में पर्यावरण संरक्षण के नियमों का पालन करेंगे, प्लास्टिक का उपयोग कम करेंगे, जल संरक्षण करेंगे और अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे। ग्रामवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कलेक्टर के साथ मिलकर पौधारोपण में भाग लिया। ग्रामीणों ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा ने किया पौधारोपण

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा ने विश्व पर्यावरण दिवस जल जन अभियान के अंतर्गत कल्पतरुह हमारी पृथ्वी हमारा भविष्य कार्यक्रम में पौधारोपण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार दिनेश गौतम, लिनेश क्लब अध्यक्ष श्रीमति विनोद राघव, सहयोग संस्था सदस्य व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य नलेश्वर साहू रहे तथा आशीर्वचन ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी बी के शशि दीदी ने किया। शशि दीदी ने कहा कि पर्यावरण का सीधा संबंध हमारे अंतःकरण मन से है, आज हम सभी पर्यावरण को सुधारने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं कि पेड़ लगाना, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना ये सब तो हम करते ही हैं, लेकिन सके पीछे कारण क्या है, पर्यावरण दिवस मनाने की आवश्यकता ही क्यों पड़ी, 1972 में पर्यावरण दिवस मनाने का संकल्प लिया गया, और 1974 से लगातार हर वर्ष हम सभी पर्यावरण दिवस मना रहे हैं। क्योंकि पर्यावरण हैं तो हम हैं, आज हम देखते हैं कि प्रकृति के तत्व जल वायु अग्नि आकाश और पृथ्वी, प्रकृति के ये पांचों तत्व हम सभी की निःस्वार्थ रूप से सेवा कर रहे हैं लेकिन आज प्रकृति का हम सबने दोहन किया है, बड़ी बड़ी इमारतों को खड़ा करके, या बड़ी बड़ी फैक्ट्रियां लगा करके हम सबने प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ा है, अभी हम सभी मिलकर के प्रकृति के संतुलन को बनाने का प्रयास करेंगे, तो इन सबके पीछे जो कारण है, कि अंधाधुन पेड़ कटे जा रहे हैं उसका कारण है मनुष्य की अत्याधिक इच्छाएं, लालच, ईर्ष्या ये जो अवगुण हैं ये मनुष्य के अंदर से ही पनपते हैं, तो अगर हम प्रकृति को बचाना चाहते हैं, तो सबसे बड़ा जो प्रदुषण है, वह है मनुष्य के मन का प्रदुषण, अगर मन के अंदर ये विकृतियां आ गई हैं तो प्रदुषण तो बढ़ता ही जायेगा, तो सबसे जरुरी है कि मन में हम इन सबके प्रति एक कृतघ्नता, दया का भाव, रहम का भाव पैदा करें। क्योंकि हम सब इनके बलबूते हैं, ये हैं तो हम सुरक्षित हैं, और ये नहीं तो हमारा भी वजूद नहीं है। क्योंकि दुनिया चल ही है, इन चीजों से प्रकृति, पुरुष और परमात्मा। प्रकृति अर्थात हमारा शरीर, पुरुष अर्थात आत्मा, और तीसरा परमात्मा। पर्यावरण और अध्यात्म का बहुत गहरा संबंध है। आध्यात्मिकता हमें वास्तविकता की ओर ले जा कर प्रकृति और पुरूष (आत्मा) के गहरे संबंध का अनुभव कराती है। भारतीय संस्कृति पर्यावरण के साथ बहुत नजदीक से जुड़ी है। हमारी जीवनशैली सदा ही पर्यावरणमित्र शैली रही है। परंतु वर्तमान समय प्रकृति और अध्यात्म का समन्वय विगड़ गया है। हम प्रकृति का उपयोग उसका शोषण करने के लिए नहीं बल्कि विकास की मशाल को जलाकर रखने के लिए करें। ये उद्गार ब्रह्माकुमारी संस्थान रेस्ट हॉउस रोड में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लिनेश क्लब अध्यक्ष विनोद राघव जी ने दीप प्रज्वलन करने के उपरांत व्यक्त किये। कार्यक्रम में उपस्थित सहयोग संस्था सदस्य व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य नलेश्वर साहू जी ने कहा कि प्रदूषण के फलस्वरूप प्रकृति के पांचों तत्वों का विध्वंसक रूप देखने को मिल रहा है। प्रकृति यह संदेश दे रही है कि अब यह जागने का समय है। अब प्रकृति के साथ जुडक़र उसे देवतुल्य मानने की परंपरा को जीवित रखने की आवश्यकता है। हमें आध्यात्मिक जीवन को अपनाकर अपने हृदय में प्रकृति के प्रति निच्छ्ल प्रेम जगाने की आवश्यकता है। अब हम सभी आदतों को परिवतन करें और प्रकृति की रक्षा के लिए कुछ संकल्प करें। आधुनिक जीवन शैली के कारण बढ़ते प्रदूषण को रोक लगाना आवश्यक है प्रत्येक व्यक्ति यह संकल्प ले कि अपने जीवन काल में कम से कम 10 पेड अवश्य लगाये एवं उसका संरक्षण करें। इससे पर्यावरण संतुलित रहेगा। प्रसिद्ध साहित्यकार दिनेश गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण को नजर अन्दाज करना ही मानव जीवन के लिए विपत्तियों का कारण बन गया है। पांचों तत्वों की सुरक्षा के लिए भारत की अहम भूमिका रही है। तभी तो पांचों तत्वों की पूजा की जाती है। आईये इस विश्व पर्यावरण दिवस पर शांति और सदभाव का वातावरण बनाने का लक्ष्य रखें। भौतिक पर्यावरण को बचाते हुए इस बार सूक्ष्म पर्यावरण पर भी नजर डाली जाय। उन्होंने कहा मॉल या मंदिर में एक ही लोग आते हैं। हालांकि हर जगह की ऊर्जा अलग-अलग होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि एक ही लोग अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग विचार और भावनाएं पैदा करते हैं। एक ही लोग रेस्टोरेंट में खाना खाते हैं और आश्रमों, गुरूद्धवारों में ब्रह्माभोजन व लगंर भी। लेकिन खाना खाते समय उनके मन में उठने वाले विचार अलग अलग होते है। सभी अतिथियों द्वारा पौधा रोपण कर कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# तूफान से कागज की तरह उड़ गया मोबाइल टावर




## तबाही का मंजर सैकड़ो पेड़ बिजली खंभे गिरा

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मंगलवार की रात्रि लगभग 11:30 बजे अचानक मौसम में बदलाव हुआ और तेज आंधी तूफान से देखते ही देखते सरकारी भवन में लगे टीन शेड एवं आइडिया का मोबाइल टावर कागज की पत्ते की तरह जमीन पर गिरा हल्की बूंदाबांदी और ओलावृष्टि के साथ तूफान का रौद्र रूप इतना अधिक था कि डिवाइडर में विज्ञापन के लिए लोहे के एंगल से बने होल्डिंग ताश के पत्तों की तरह मुड़ गए सैकड़ो पेड़ धाराशाही हो गए बिजली के 25 पोल गिर गए तथा सैकड़ो पेड़ बिजली तार में फंस गए एवं नगर पालिका बाजार भवन में लगे प्लास्टिक कवर तथा हाथ ठेला और साइन बोर्ड सूखे पत्ते की तरह तूफान में उड़ गए लगभग 15 से 20 मिनट तक लगातार करीब 500 किलोमीटर प्रती घंटे की रफ्तार से आए तूफान से समूचा बेमेतरा शहर पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया और बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बंद हो गई। अचानक आए तूफान से कोई हताहत नहीं हुआ बल्कि जिला शिक्षा कार्यालय का समूचा टीन शेड उड़कर सड़क में आ गया इसी तरह कार्यालय के ठीक सामने शासकीय गर्ल्स स्कूल एवं महात्मा गांधी स्कूल के टीन शेड भी सड़क में पड़ा हुआ था बेसिक स्कूल का भी यही हाल है इसी तरह महिला पुलिस तथा पालिका बाजार के सामने लगाए गए प्लास्टिक के कवर नया बस स्टैंड में स्थित हाथ ठेला एवम लोहे के बड़े-बड़े होल्डिंग मुड़ गए सी मार्ट पोस्ट ऑफिस के सामने टावरी लाज के ऊपर 3 मंजिले में लगे आइडिया मोबाईल का लगभग 50 फीट ऊंचा टावर तूफान से उखाड़ कर नीचे गिर गया टावरी लॉज के बाजू में पुराना कॉलेज का खाली मैदान था तो कोई हताहत नहीं हुए और एक बड़ी दुर्घटना से आसपास के लोग बाल बाल बच गए। लगभग 20 मिनट से अधिक तूफान का रौद्र रूप बेमेतरा शहर में तबाही मचाते रहा इस दरमियान पूरी बिजली व्यवस्था ठप हो चुकी थी और तेज गर्जना तथा चने के आकार की ओलावृष्टि और बारिश के कारण आम नागरिक अपने-अपने घरों में दुबके के रहे। तूफान के साथ तेज गर्जना और गरज चमक इतना भयानक था कि लोग डरे शहर में हुए थे।

### शहर के 25 स्थानो पर बिजली का पोल गिरा

आंधी तूफान से शहर के अलग-अलग करीब 25 स्थानो पर बिजली के पोल गिर गए जिससे बिजली व्यवस्था रात्रि में ही बंद हो गई और लगभग घंटे बाद शहर के कुछ हिस्से में बिजली बहाल की गई लेकिन शहर की आधी आबादी रात भर अंधेरे में डूबा रहा और लोग रतजगा करते रहे बेसिक स्कूल मैदान में खेल प्रेमियों के लिए लगाए गए बिजली के पोल भी तूफान से उड़ गए और लगभग दर्जन भर स्थान में बिजली के पोल से तार टूटने तथा 35 से अलग स्थान पर पेड़ टूट कर बिजली के तार में गिर जाने से शहर की बिजली व्यवस्था बंद रही इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक यंत्री गुलाब साहू ने बताया कि बुधवार को सुबह से ही बिजली व्यवस्था बहाल करने के लिए कंपनी के मैदानी अमले के साथ काम प्रारंभ किया गया जिसमें बेसिक ग्राउंड के सामने लगे ट्रांसफार्मर में पेड़ गिर जाने से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है और लगभग 3000 से अधिक उपभोक्त ाओं की बिजली बुधवार को भी बंद रही।तूफान का असर शासकीय गर्ल्स स्कूल एवं आत्मानंद स्कूल के लगभग 10 से 12 कमरे में लगे टीन शेड उड़कर तहसील कार्यालय के पास आकर गिर गया इसी तरह जिला शिक्षा कार्यालय का टीन शेड तूफान से उड़कर बेसिक ग्राउंड मैदान में गिरा तथा उत्तर बुनियादी शाला में रिनोवेट कर लगाए गए लाखों रुपए के टीन सेट उड़ गया तथा स्कूल परिसर में वर्षों पुराना पेड़ टू लेन सड़क में धाराशाही होकर गिर गया।

### आइडिया का मोबाइल टावर खाली जगह में गिरा

पोस्ट ऑफिस के सामने टॉवरी लाज के तीन मंजिल के ऊपर लगे आईडिया टावर तूफान से पुराना कॉलेज मैदान में गिरने से आसपास के दुकान बाल बाल बच गए घटना के बाद सुबह आइडिया कंपनी के अधिकारी मौके पर आकर मोबाइल टावर का निरीक्षण का हटाने की तैयारी में लगे रहे तूफान का वेग इतना अत्यधिक था कि कई घरों के खिड़कियां टूट गई बीच से 15 से 20 मिनट तक लगातार आंधी का रौद्र रूप बेमेतरा शहर के अंदर चला इस दरमियान कपकपा देने वाली तेज गर्जना होती रही लोग बाग अपने घरों में ही दुबके रहे।

# सहयोग बेमेतरा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर 50 पौधों का रोपण किया



## विश्व विश्व पर्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सहयोग

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा के प्रातः 6:30बजे आयोजित पौधारोपण अभियान में नगर एवं अंचल से आए लोगो ने प्रातः बारिश के बीच बांधा तालाब पार पिकरी बेमेतरा में कहवा, कोनोकार्पस, पलास के पौधों का रोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी जागरूकता दिखाई है। पौधारोपण कार्यक्रम में नगर के विभिन्न समाज प्रमुखों को आमंत्रित किया था जिसमें साहू समाज के नगर अध्यक्ष रामाधार साहू, पूज्य सिंधी पंचायत बेमेतरा के अध्यक्ष लालचंद मोटवानी, गौड़ ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष जीवन लाल शर्मा, नंदवाना ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष शुशील शर्मा, चौहान समाज के अध्यक्ष टिकेन्द्र सिंह चौहान और विनोद चौहान, सिख समाज से सरदार मंजीत सिंग सलूजा, वर्मा समाज से पवन वर्मा(लक्ष्य अकादमी),एवं माहेश्वरी समाज के सदस्य लक्ष्मी नारायण राठी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सहयोग के एक आव्हान पर नगर के प्रभुद्ध जन पौधारोपण करने पहुचे आयोजन में मंच से सभी अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण की बात कही इन्होंने कहा कि हम अपनी सुविधा के लिए ए सी कूलर टीवी आदि लगा लेते है परंतु हम एक पौधा नही लगाते जो हमे प्राण वायु देते है पालीथिन का बहुतायत में उपयोग कर धरती को बंजर बना रहे है,पौधे हमारे परिवार के सदस्य है हमारे बुजुर्ग इन्हें सहेजते थे इनकी पूजा करते थे इनसे औषधि प्राप्त करते थे परंतु हम ज्ञान के आभाव में बड़े बड़े पेड़ो को बड़ी निर्दयता से काट रहे है। पौधारोपण में आलोक तिवारी,शुशील चौबे,बृजेश सोनी,डॉ सुभाष चौबे पिकरी के वार्ड वासी नगरजन लक्ष्य अकादमी के कैडेट्स बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सहयोग की ओर से प्रमुख रूप से संजय दुबे पत्रकार, राकेश माखीजा अंतु माखीजा, संजय त्रिपाठी,सुशील चौबे, देवर बीजा से मुकेश देवांगन, ज्ञान प्रसाद निषाद, उत्तम साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उक्त पौधारोपण अभियान में रमन सुबोध अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

# आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, में बुद्धिजीव संपदा और पेटेंट, डिज़ाइन फाइलिंग कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जीआरएनआईआईपीएम, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के आईपीआर प्रशिक्षण संस्थान और द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, रायपुर ने 'बुद्धिजीव संपदा (आईपीआर) और पेटेंट, डिज़ाइन फाइलिंग कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विगत 3 जून 2024 को ऑनलाइन आयोजित किया गया, कार्यक्रम में अंडरग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों, शिक्षकों आदि ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय जीआरएनआईआईपीएम के डॉ.भारत एन सूर्यवंशी, सहायक नियंत्रक पेटेंट और डिज़ाइन थे। इस कार्यक्रम का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्य प्रकाश दुबे ने सभी आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए आई पी आर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर व्यक्ति को आईपीआर के बारे में जानना चाहिए क्योंकि यह राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है। डॉ. भारत ने आईपीआर के प्रमुख बिंदुओं के आधार पर व्यक्त किया कि आधिकारिक आईपीआर संरक्षण के तहत, नवाचारों, उत्पादों, और कल्पनाओं को संरक्षित किया जाता है, जिससे निवेशकों और उत्पादकों को सुरक्षा मिलती है और उनकी स्थायित्वता बनी रहती है। पेटेंट के माध्यम से नए और अद्वितीय आविष्कारों को संरक्षित किया जाता है, जिससे उत्पादकों को उनके नए और अनूठे विचारों का मूल्यांकन मिलता है। उत्पाद डिज़ाइन को पंजीकृत करके उसके अनुकूलन, रंग, और आकार की संरक्षा की जाती है, जिससे व्यावसायिक स्थिरता और विशिष्टता मिलती है। आईपीआर के माध्यम से, निर्माताओं को उनकी संपत्ति के ऊपर नियंत्रण और अधिकार मिलते हैं, जिससे वे अपने विचारों को सुरक्षित रख सकते हैं और उनसे लाभ उठा सकते हैं। आईपीआर के अधिकार उत्पादों और ब्रांडों को विशिष्टता और पहचान प्रदान करते हैं, जिससे उत्पादकों को बाजार में अपनी पहचान बनाने में मदद मिलती है। आईपीआर संरक्षण नई विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास को प्रोत्साहित करता है, जो समाज में अधिक उत्पादकता और विकास को बढ़ावा देता है। इन प्रमुख बिंदुओं के माध्यम से, आईपीआर नियमित उत्पादकों के लिए सुरक्षित और स्थायी अभिवृद्धि की संभावनाएं प्रदान करता है। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, कुलसचिव प्रोफेसर मनीष उपाध्याय ने सभी आयोजकों को बधाई दी और ऑनलाइन जुड़े हुए मुख्य वक्ता का आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों, शोधार्थियों को अपनी बौद्धिक संपदाओं को संरक्षित करने में मदद करती हैं। कार्यक्रम का सफल आयोजन दिलीप मिश्रा, डॉ पीयूष ठाकुर, और डॉ रमेश यादव के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में अलग-अलग शिक्षण संस्थाओं से लगभग 719 प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया।




# संतोष पाण्डेय पर राजनांदगाव की जनता को संतोष है इसलिए मिला जनता का आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश मे जनता ने भाजपा की केंद्र मे सरकार बना कर ये साबित कर दिया की 2024 मे केंद्र मे भी मोदी ही पहली पसंद है पुनः तीसरी बार नरेन्द्र मोदी सरकार बनने जा रही है और राजनांदगाव विधायक विधानसभा रमन सिंह और और कवर्धा विधायक उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और संतोष पाण्डेय सरलता व कड़ी मेहनत ने ये साबित कर दिया की जनता भूपेश बघेल व कांग्रेस के भय और आतंक से छुटकारा चाहती थी और अमन चैन चाहती थी तभी तो जनता ने भारतीय जनता पार्टी को 11 मे 10 सीटों पर प्रचण्ड बहुमत देकर चुना कवर्धा के संतोष पाण्डेय सबसे शांत स्वभाव एवं प्रखर प्रवक्ता और ईमानदार राजनांदगाव सांसद के रूप मे जनता ने उनके कार्यकाल को देखा तभी तो मुख्यमंत्री मंत्री रहे भूपेश बघेल को हार का सामना करना पड़ा और संतोष भैय्या पर जनता ने पुनः विश्वास जताया है अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सदस्य व आरएसएस राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के रायपुर संभाग के संयोजक इकराम (जानू) खान है खान ने कहा की प्रदेश मे 11 मे से 10 भाजपा को जीत दिलाकर केंद्र मे सरकार बनना है।

# हाथी के हमले से एक बालक की मौत, खरसिया रेंज के कुकुरीचोली गांव की घटना, वन विभाग की टीम मौके पर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में बुधवार की सुबह हाथी के हमले से एक बालक की मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला रायगढ़ वन मंडल के खरसिया रेंज का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कूकरीचोली निवासी लक्ष्मी नारायण डनसेना पिता अर्जुन डनसेना 16 साल का बुधवार की सुबह अचानक हाथी से सामना हो गया जिसके बाद हाथी में अपने भारी भरकम पैरों से उसे कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि बालक किसी काम के सिलसिले में घर से निकला था और जब वह पुसलदा-



बेहरामुडा के बीच रेलवे लाइन किनारे पहुंचा ही था, तभी हाथी से उसका सामना हो गया और यह घटना घटित हो गई।

## आसपास के गांवों में दहशत

हाथी के हमले से एक बालक की मौत होने की जानकारी आग की भांति आसपास क्षेत्रों में फैल गई, जिसके बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम के अलावा छाल थाने की पुलिस मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

क्षेत्र में चार हाथी कर रहे विचरण

बताया जा रहा है कि इन दिनों कुकुरीचोली क्षेत्र के जंगलों में चार हाथी विचरण कर रहे है जिसमें एक नर, दो मादा एवं 1 शावक शामिल है। इस घटना के बाद वन विभाग की टीम गांव के ग्रामीणों को जंगलों की तरफनही जाने की सलाह दे रहे हैं।

## सप्ताह भर पहले पहुंचा था 70 हाथियों का दल

एक अन्य जानकारी के अनुसार करीब सप्ताह भर पहले 70 हाथियों का एक बडा दल खरसिया रेंज में आ पहुंचा था। जहां इन हाथियों के द्वारा गुर्दा सर्किल के छोटे जामपाली क्षेत्र में एक किसान के खेत में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया गया था। साथ ही एक किसान के बोरवेल पाईप को तोड़ दिया था। इसके अलावा एक कच्चा मकान को भी हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। 70 हाथियों के इस दल में 19 नर, 32 मादा के साथ ही 19 शावक भी थे।

## परिजनों को दी गई सहायता राशि

बुधवार की सुबह हाथी के हमले से एक 16 साल के बालक की मौत की खबर मिलते ही खरसिया वन विभाग की टीम घटना स्थलपर पहुंचकर मृतक के परिजनों को तत्कालिक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रूपये देते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# रायगढ़ लोकसभा भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया 2 लाख से अधिक मतों से जीते चुनाव

## राधेश्याम राठिया ने समस्त कार्यकर्ताओं को दिया जीत का श्रेय

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ लोकसभा भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने मतगणना स्थल केआईटी कालेज में कांग्रेस प्रत्याशी मेनका देवी सिंह पर 2 लाख से अधिक मतों से बढ़त पाने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि इस जीत का श्रेय समस्त कार्यकर्ताओं को जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री, लोकसभा के विधायकों, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। जिनके बदौलत आज



भाजपा यहां तक पहुंची है। बहुत खुशी की बात है कि यहां रिकार्ड टूटने की कगार पर है। रायगढ़ लोकसभा सीट में विष्णुदेव साय के रिकार्ड तोड़ने के संबंध में राधेश्याम राठिया ने कहा कि साय जी का हा जादू है उन्होंने मंत्र दिया था, इस बार हमारे कार्यकर्ताओ को डट कर काम करने के लिये कहा गया था। साय जी ने अपने ही रिकार्ड को तोड़ने हमारे कार्यकर्ताओं को सुझाव दिये थे। रायगढ़, सारंगढ़ और जशपुर जिले में कई मांग हैं इसमें कुछ मांगे मिलती जुलती है। जिसमें प्रमुख रेल टर्मिनल की मांग है। उस विषय का आगे लेकर जाना चाहूंगा। यहां एयरपोर्ट की मांग है, जिसमें पहले ही कार्य हुए थे जो कुछ कारणवश रूका हुआ है, मै उसे भी आगे लेकर जाउंगा। सारंगढ़ और जशपुर में रेल लाइन की मांग है साथ ही जशपुर को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने की मांग है उसे भी पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण व विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान ऑफ एक्सन के तहत् विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चन्द्र कुमार अजगल्ले जिला न्यायाधीश मुंगेली, स्वर्णलता टोप्पो, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट, कंचन लता आचला सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली एवं कु. श्वेता ठाकुर, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो मुंगेली के द्वारा 05.जून को जिला न्यायालय परिसर मुंगेली



में वृक्षारोपण किया गया। उक्त अवसर पर टीकम चंद्राकर, चीफसक्ब् सुरेश खुसरो डिप्टी चीफसक्ब् के साथ-साथ न्यायालयीन कर्मचारी एवं पैरालीगल वालिंटियर्स भी उपस्थित रहें। इसके अतिरिक्त कंचन लता आचला सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली द्वारा जिला जेल मुंगेली, थाना लालपुर, वृध्दाश्रम रामगढ़ एवं आत्मानंद शासकीय स्कूल परिसर लालपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनों को पर्यावरण का महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण कानून की जानकारी दी गयी।

# सट्टा-पट्टी लिखते दो व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़ा आरोपियों से 3,580 रूपये व सट्टा-पट्टी जब्त

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को मुखबीर से सूचना मिली कि कबीर चौक बीमा अस्पताल के पास भुवन आदित्य नामक व्यक्ति तथा सहाबुद्दीन खान नामक व्यक्ति द्वारा सट्टा-पट्टी लिखा जा रहा है। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल थाने से कार्रवाई के स्टाफकबीर चौक रवाना किया गया। जहां जूटमिल पुलिस



द्वारा कबीर चौक बीमा अस्पताल के पास भुवन आदित्य पिता कन्हैया आदित्य उम्र 25 वर्ष निवासी बाजीनपाली शिव नगर थाना जूटमिल रायगढ़ को सट्टा लिखते पकड़ा गया जिसके कब्जे से नगदी रकम 2120 रूपये, एक सफेद कागज में विभिन्न अंको में लिखा सट्टा-पट्टी, पेन की जप्ती की गई है। वहीं कबीर चौक के पास एक अन्य रेड कार्रवाई में पुलिस ने सहाबुद्दीन खान पिता सहनुद्दीन खान उम्र 35 वर्ष निवासी गांधी नगर वार्ड क्र. 33, थाना जूटमिल रायगढ़ को सट्टा-पट्टी लिखते पकड़ा गया है जिसके कब्जे नगदी रकम 1460 रूपये, एक पेन और सट्टा पट्टी की जप्ती की गई है।

## तालाब पार खरसिया में जुआ खेल रहे 05 जुआरी गिरफ्तार, फड से 5,250 जप्त



**रायगढ़।** बीती रात्रि गस्त दौरान 04 जून के 01.20 बजे चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय कुमार नाग के नेतृत्व में चौकी खरसिया पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम मटखनवा तालाबपार खरसिया में सार्वजनिक स्थान में तासपत्ती से से काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे जुआडियान अजीत जायसवाल पिता संतोष जायसवाल उम्र 24 साल साकिन तुरीभंठा खरसिया, दानिश खान पिता अनवर खान उम्र 23 साल साकिन गंजपीछे खरसिया,राहुल राठौर पिता स्व विजय राठौर उम्र 28 वर्ष सापुरानी बस्ती खरसिया, जय सारथी पिता राजेश सारथी उम्र 30 वर्ष निवासी हमालपारा नया मोहल्ला खरसिया, गुलशन साहु पिता राजेन्द्र साहु उम्र 33 वर्ष सा. गंजपीछे खरसिया चौकी खरसिया जिला रायगढ़ को पकड़ा गया है।

# पुलिस ने गुम हुए बालक को परिजनों के सुपुर्द कर लौटाई खुशियां

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

पूंजीपथरा पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र से लापता हुए बालक को काफी प्रयास से ढूंढ निकाला और उसे परिजनों के सुपुर्द कर परिवार की खुशियां लौटाई है। गुम बालक का परिवार मूलतरू ओडिशा के रहने वाले हैं, पिता प्लांट में काम करता है, बालक के रायगढ़ में अचानक लापता हो जाने से पूरा परिवार काफी परेशान था। गुम बालक को लेकर 6 जनवरी को थाना पूंजीपथरा में बालक की मां रिपोर्ट दर्ज कराई कि करीब 5 साल पहले अपने पति और दो बच्चों के साथ रायगढ़ आकर छाल-घरघोड़ा रोड़ में किराया मकान लेकर रह रहे हैं। पति तराईमाल प्लांट में काम करते हैं। 22 नवंबर 2023 को महिला अपने छोटे बेटे को लेकर अपने गांव (उड़ीसा) चली गई। पति और बड़ा बेटा (उम्र करीब 13 वर्ष) किराया मकान पर थे। बड़ा



लड़का को उसका पिता तराईमाल में अपने परिचित के घर पर रखकर प्लांट काम पर जाते थे। 27 नवंबर को बालक तराईमाल से अचानक कहीं चला गया। परिवारजनों ने अपने गांव, रिस्तेदार में बालक का काफी पता किये, पता नहीं चलने पर 6 जनवरी को बालक के गुम होने की रिपोर्ट थाना पूंजीपथरा में दर्ज कराया गया। थाना पूंजीपथरा में धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गुम बालक की जांच पतासाजी में लिया गया। बालक के परिजनों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि उनका रायगढ़ में कोई खास जान परिचित नहीं है। बालक घर के मोबाइल नंबर जानता है पर उसने माता-पिता या किसी रिस्तेदार से संपर्क नहीं किया, जिससे परिवार परेशान थे । पुलिस लगातार विभिन्न व्हाटसअप ग्रुप और गुम बालक के हुलिए की जानकारी सक्रिय मुखबीरों को देकर पतासाजी किया जा रहा था, इस दौरान गुम बालक के गोरखा, कोतरारोड़ रायगढ़ एक होटल में देखे जाने की जानकारी मिली । पुलिस गोरखा में पतासाजी किया गया पता चला बालक कुछ दिन गोरखा में रहा उसके बाद वहां से भी चला गया है। पुलिस लगातार होटल, ढाबा में अपने मुखबिर सक्रिय गुम बालक की पतासाजी में जुटी रही कि कल गुम बालक को तमनार क्षेत्र में होने की सूचना पर पुलिस ने पैरालीगल वालंटियर के साथ तमनार जाकर बालक को दस्तयाब कर लाया गया जिसे काउंसलिग आदि की कार्रवाई पश्चात परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

# मेनका देवी ने कहा उनका सीधा मुकाबला सीएम से था

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया 2 लाख से अधिक वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी मेनका देवी सिंह को चुनाव हराकर नया रिकार्ड बना लिया है। कल मतगणना स्थल में लगातार भाजपा को मिल रही बढ़ते को देखते हुए कांग्रेस प्रत्याशी मेनका देवी सिंह मतगणना स्थल से



वापस लौट गई। इस दौरान उन्होंने जाते समय मीडिया से चर्चा करते हुए मतदाताओं को सहयोग के लिये धन्यवाद दिया है। कांग्रेस प्रत्याशी मेनका देवी सिंह ने कहा कि जीत के लिये उन्होंने काफी मेहनत की थी। हालांकि कुछ कमी की वजह से नतीजा उनके पक्ष में नही रहा।

## नि :शुल्क क्रैशकोर्स कोचिंग से नीट (यूजी) परीक्षा में सफल छात्र

**मुंगेली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित डॉ. ब्रॉस मास्टर की एकेडमी मुंगेली द्वारा विगत चार वर्षों से लगातार 45 दिवसीय निःशुल्क जेईई-नीट क्रैश कोर्स कोचिंग दिया जा रहा



है जहां गणित संकाय के छात्र अभिनव दिवाकर ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया। गत दिवस एनटीए द्वारा नीट यूजी परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई जिसमें संस्था के सहयोग एवं मार्गदर्शन से मुकेश साहू ने 95: 573 अंक प्राप्त कर सफल हुए साथ ही कटऑफपार करने वाले छात्रों में सुजीत दिवाकर 258 अंक 67.7:, जागृति बंजारे 186 अंक 55:, योगेश्वरी रात्रे 185 अंक 54. 8:, रेशमी मरावी 166 अंक 50.5:, काजल साहू 154 अंक 47.4:, मंजू दिवाकर 147 अंक 45.6:, दीप्ति दिवाकर एवं पुष्पेन्द्र जोगीवंश 140 अंक 43.5:, खुशी लहरे 134 अंक 41.7: तथा रंजीता बंजारे ने 130 अंक 40. 4: प्राप्त कर सफल हुए।

# पर्यावरण दिवस में वन अमला ने किया श्रमदान, इंदिरा विहार पार्क में साफ सफाई किया गया, पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

5 जून यानि पर्यावरण दिवस में हर साल वन मंडल रायगढ़ में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। ताकि लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा सके। ऐसे में बुधवार को पर्यावरण दिवस पर रायगढ़ वन परिक्षेत्र के अधिकारी व स्टाप के द्वारा श्रमदान करने का निर्णय लिया गया और इंदिरा विहार में श्रमदान कर पूरे पार्क की साफ सफाई की गई। सुबह करीब सात बजे रायगढ़ वन परिक्षेत्र के वन अधिकारी व स्टाप इंदिरा विहार पहुंचे। इसके बाद यहां मुख्य गेट से लेकर भीतर पार्क के अलग अलग जगहों पर श्रमदान किया गया। बताया जा रहा है कि पार्क में कई बार पर्यटक आते हैं, लेकिन कचरा कुड़ेदान में डालने के बजाए उसे इधर उधर फेंक दिया जाता है। ऐसे में पर्यावरण को बचाने के लिए एक संदेश देते हुए पार्क की साफ सफाई किया गया। इसके बाद पर्यावरण अनुकूल आदतों को अपनाने के लिए संकल्प लिया गया। कार्यक्रम



के दौरान रायगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी लीला पटेल, डिप्टी रेंजर दिनबंधु प्रधान, वनपाल ऋषिकेश्वर सिदार, वनपाल रजनी कुजूर, वनपाल राजकुमार सारथी, रामझरना प्रभारी गितेश्वर पटेल, इंदिरा विहार प्रभारी भूषण जांगड़े, परिसर रक्षक विजय ठाकुर, लाखन सिदार, पालू साहू, सहित अन्य वनकर्मी व स्टाप मौजूद थे।

**अभियान चलाकर कर रहे लोगों को जागरूक**-विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि पर्यावरण को संतुलित व सुरक्षित रखने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है और लगातार लोगों को पर्यावरण बचाने संबंधी जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी परिसर रक्षकों के द्वारा पर्यावरण संबंधी कई तरह की जानकारियां दी जा रही है।

# समर्पित संस्था द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यकम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

समर्पित संस्था द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 05 जून को नगर पालिका सामुदायिक भवन, पुराना बस स्टैण्ड, मुंगेली जिला मुंगेली में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारो एवं उनके हितार्थ वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरुक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में जिला लीड बैंक के प्रबंधक ललित कुमार हेबरॉन व वित्तीय साक्षरता सलाहकार दिलीप कुमार पान उपस्थित थे। मुख्य अतिथि की आसंदी से ललित कुमार हेबरॉन ने कहा कि वित्तीय शिक्षा वर्तमान समय की महत्व पूर्ण आवश्यकता है क्योंकि वित्तीय समझ से व्यक्ति अपनी व परिवार की आर्थिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित कर सकता है। उन्होंने कहा कि बैंक से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति का यह अधिकार है कि वह अपने जमा घन व निवेश की विस्तृत जानकारी बैंक प्रबंधन से प्राप्त कर सकता है और यदि बैंक प्रबंधन जानकारी नहीं देता है तो उसे तत्काल बैंकिंग लोकपाल से सपर्क करना चाहिये। वितीय साक्षरता सलाहकार दिलीप कुमार पान ने प्रतिभागियों को बैंक खाता का महत्व खाता खोलने के नियम खाता संचालन व वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी, साथ ही उनहोंने कहा की बैंक उपभोक्ताओं को खाता खोलने से पहले यह सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि उक्त बैंक भारतीय रिजर्व बैंक से मान्यता प्राप्त है कि नहीं। कार्यक्रम के उद्देश्य के विषय में जानकारी देते हुये समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैक ने देश से जुड़े उपभोक्ताओं सामने आने बाली विभिन्न परेशानियों को देखते हुये उन्हें जागरूक करने के लिये जमा कर्ता शिक्षा और जागरुकता और कार्यक्रम की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि जमाकर्ता अपने अधिकार और वित्तीय किश्त के प्रति अज्ञानता के कारण ही लगातार चिटफंड कंपनी ऑन लाइन शॉपिंग, दूरभाष में एटीएम की जानकारी आदि माध्यमों से ठगी का शिकार हो रहा है। इन सभी को ध्यान में रखते हुये कार्यशाला के माध्यम से बैंक उपभोक्ताओं को जागरूक बनाया जा रहा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आवासीय विद्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, शिक्षक-शिक्षिका तथा कोचिंग के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने गांव घर से पानी, खाद एवं मिट्टी साथ लाये। पानी को एक बाल्टी में तथा खाद एवं मिट्टी को एक धमेला में एकत्रित किया गया। सभी उपस्थितजनों द्वारा एकत्रित किये गये जल तथा खाद में हाथ लगाकर महापंचामृत तथा महाखाद बनाया गया उसके बाद वृक्ष के चारो तरफसभी ने साफ -सफाई, खुदाई कर महाखाद डालकर महापंचामृत सींचा गया। तत्पश्चात् सभी ने वृक्ष के चारों तरफ सुरक्षा कवच के रूप में हाथ से हाथ जोड़ गोलाकार खड़े होकर पर्यावरण संरक्षण के संबंध में पर्यावरण को बचाना है-हम सबकी जिम्मेदारी है। पर्यावरण है तो हम हैं। वन है तो



जीवन है। के नारे लगाये गये। तत्पश्चात विद्यालय के कक्षा छठवीं से नवमीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रोजेक्ट के रूप में कपड़े के थैले में संग्रहित किये गये विभिन्न प्रकार के बीजों को रोपे गये। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने किया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जे.पी. कौशिक एवं संस्था के व्यवस्थापक एच. आर. भास्कर उपस्थित रहे। सर्व प्रथम अतिथियों का स्वागत चंदन, शाल, श्रीफल एवं बुके भेंटकर किया गया। संस्थान द्वारा दिये जा रहे निःशुल्क कोचिंग के सहयोग एवं मार्गदर्शन से नीट परीक्षा में सफ्ल छात्र मुकेश कुमार साहू का उपस्थित अतिथियों ने शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने कोचिंग के छात्रों को विश्व पर्यावरण के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प लेना चाहिए वास्तविक रूप में समाज के लिए आप एक बीज के रूप प्रस्फुटित हो रहे हैं हम सबका दायित्व है कि आप सभी को सपोर्ट एवं पर्यावरण की तरह संरक्षण करें। सफलता के लिए आत्मविश्वास, धैर्य एवं खुद के प्रति ईमानदार होना जरूरी है डाक्टर का काम केवल ईलाज करना नहीं होता बल्कि मानव सेवा मुख्य उद्देश्य है।

## हम सब मिलकर लगाएं पौधे, पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन सभी का दायित्व : कलेक्टर

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला ऑडिटोरियम प्रांगण में रोपे गए विभिन्न प्रजाति के पौधे

- विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला ऑडिटोरियम प्रांगण में रोपे गए विभिन्न प्रजाति के पौधे
- कलेक्टर ने कचनार, एसपी ने नीम एवं डीएफओ ने लगाया आम का पौध
- पर्यावरण को सुरक्षित करने की विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com


05 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधिकारी विवेक शुक्ला एवं वनमंडलाधिकारी प्रियंका पांडेय ने आज वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला ऑडिटोरियम प्रागंण में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाये एवं कलेक्टर ने पर्यावरण को सुरक्षित बनाये रखने की सभी को शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर ऑडिटोरियम प्रांगण में कलेक्टर के कचनार, पुलिस अधीक्षक ने नीम, डीएफओ ने आम, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य ने जामुन एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे ने बादाम का पौधा लगाया। इस दौरान संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यार्थी ने भी पौधरोपण किया। कलेक्टर आकाश छिकारा ने विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हमें पौध रोपण करने के साथ ही उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने



कहा कि प्रकृति ने जो हमें संसाधन दिए हैं उनका सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगातार पर्यावरण प्रदुषित होने से ओजोन परत एवं ग्रीन हाउस को नुकसान हो रहा है। जिसके बचाव के लिए हमें अपने आस पास के वातावरण को सुरक्षित बनाना है। पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना करना संभव नहीं है। हमें अपने प्रकृति के दिए गए संसाधनों का उपयोग बेहतर तरीके से करना है। इसके लिए हमें तालाब, नदी, जल, मिट्टी के स्त्रोत का संरक्षण करने सहित अन्य स्थानों पर पौधे लगाकर पर्यावरण को नुकसान होने से बचाना है। पर्यावरण को बचाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है पौधे लगाकर हम अपने वर्तमान के साथ भविष्य को सुरक्षित रखना है। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण आज के समय में चुनौती बन गई है। हम छोटी-छोटी चीजों को नजर अंदाज कर रहे जिससे लगातार गर्मी बढ़ एवं तापमान में ईजाफा हो रहा है। इसलिए जरूरी है कि हम दैनिक जीवन में छोटे-छोटे परिवर्तन के साथ पेड़ लगाकर बड़ा लाभ अर्जित करें। उन्होंने ट्रिपल आर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। वनमंडलाधिकारी प्रियंका पांडेय ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह दिवस मानव जाति को पर्यावरण के साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने से हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है और कार्बनडाईऑक्साईड कम होती है जिससे तापमान बढ़ता नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण को सुरक्षित बनाये रखने के लिए पौध रोपण करने और पेड़ बनने तक उनकी सुरक्षा का संकल्प दिलाया।

# क्षेत्र क्र. 46 मे 2023 विधानसभा एवं रायपुर लोकसभा मे जनमत विपरीत क्यों?

## राजनीति मे जातिगत समीकरण विकास व योग्यता को करता है प्रभावित



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

2024 के रायपुर लोकसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने ऐतिहासिक मतों से जीत हासिल की है, जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव मे सुनील सोनी जो बीजेपी से लोकसभा प्रत्याशी रहे उन्होंने लगभग 3.48 लाख वोटों से जीत हासिल की थी।

## रायपुर लोकसभा मे 9 विधानसभा परन्तु वोट मार्जिन को लेकर भाटापारा क्षेत्र पर नजर

गौरतलब है कि रायपुर लोकसभा के अंतर्गत 9 विधानसभा क्षेत्र सम्मलित है। जिसमें बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर पश्चिम, रायपुर उत्तर, रायपुर दक्षिण, आरंग व अभनपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इन सभी विधानसभा मे भाटापारा को छोड़ सभी मे बीजेपी के प्रत्याशी को जनप्रतिनिधित्व का जनादेश मिला। परंतु भाटापारा विधानसभा सभा को दुर्भाग्य से सत्तापक्ष का जनप्रतिनिधित्व हासिल करने मे असफल रहा। जिसके चलते पूरे प्रदेश की लोगों की नजर रायपुर लोकसभा चुनाव के अंतर्गत भाटापारा विधानसभा चुनाव मे जीत के मार्जिन मे क्षेत्रवासियों के जनादेश के वोट प्रतिशत को लेकर नजरें जमायें हुये थे। परंतु भाटापारा विधानसभा चुनाव के जनादेश के विपरीत यहां के मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव मे बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी को इक्कीस हजार चार सौ (21400) वोटों से जीत का मार्जिन देकर बीजेपी के प्रति अपना जनमत बरकरार रखने का संदेश दिया है, जिससे क्षेत्र के मूलभूत आवश्यकताओं को विकास की गति मिल सके।

## क्षेत्र क्र. 46 मे 2023 विधानसभा एवं रायपुर लोकसभा में जनमत विपरीत क्यों

गौरतलब है की राज्य मे प्रदेश की सरकार बदले जाने को लेकर एक लहर चल रही थी परंतु इसके विपरीत धारा के दिशा मे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सत्तापक्ष के विपरीत जनप्रतिनिधित्व का जनादेश प्राप्त हुआ जिसके चलते बीजेपी प्रत्याशी शिवरतन शर्मा को 11414 मतों से हार का सामना करना पड़ा, जो भाटापारा के विकास के दृष्टिकोण से दुर्भाग्य का विषय रहा। परंतु इसी 6 माह के बाद लोकसभा चुनाव मे भाटापारा के क्षेत्र का जनमत बीजेपी लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष मे प्राप्त होता है।

## क्षेत्र क्र. 46 मे रायपुर लोकसभा चुनाव के तुलना मे विधानसभा चुनाव मे जातिगत समीकरण रहा हावी

गौरतलब है की 2024 के लोकसभा चुनाव मे दोनों राष्ट्रीय पार्टी से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार थे, जिसके चलते भाटापारा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत जातीय समीकरण को लेकर राजनीतिक सरगर्मी कही भी नही देखी जबकि इसके विपरीत 2023 के विधानसभा चुनाव मे दुर्गामी विकास के सारे मापदंडों को दरकिनार करते हुये जातीय समीकरण हावी था। जिसमें सामान्य वर्ग से पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा बीजेपी के प्रत्याशी थे, व कांग्रेस के ओबीसी वर्ग से इन्द्र साव को टिकट मिला था। जिसके चलते जातिवाद की हवा ने जोर पकड़ व सारे विकास व योग्यता के मापदंडों को दरकिनार कर दिया व ओबीसी वर्ग के प्रत्याशी को जातीय समीकरण का सबसे ज्यादा लाभ मिला। जबकि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र ओबीसी बाहुल्य क्षेत्र माना जाता परंतु लोकतंत्र मे यह दुर्भाग्य है की जातीय समीकरणों के ही चलते योग्य प्रतिभाशील कर्मठ जुझारू लोग जनप्रतिनिधित्व से चुनकर नही आ पाते जिसके चलते राजनीति जातीय समीकरण मे सिमट कर रह जाता है व दुर्गामी विकास व मूलभूत आवश्यकता शून्य रह जाता है।

# जिले में लोगों को मिलेंगे निःशुल्क पौधे

## कलेक्टर ने पौधों से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

हरियाली के लिए लोगों को निःशुल्क पौधे बांटने का कारवां शुरू हो गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय परिसर में विविध प्रजातियों के पौधों से भरे वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कोंडागांव दक्षिण वन मंडल के वन मंडलाधिकारी आरके जांगड़े, भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी नवीन कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई उपस्थित थे। वन विभाग की 'पौधा तुहर द्वार' योजना के तहत कोंडागांव जिले के घरों तक निःशुल्क पौधा पहुंचाकर दिया जाएगा। यह योजना लगभग डेढ़ माह तक चलेगी, जिसमें आंवला, मुनगा, नीबू, गंगा ईमली, काजू, सीताफल, अमरूद एवं आम आदि प्रजाति के पौधों को आम जनों को मांग मुताबिक पौधों को घर, दुकान, आफिस या किसी भी जगह पहुंचाकर वृक्षारोपण करने के लिए निःशुल्क दिया जायेगा। इस योजना के तहत फ्री में पौधा पाने के लिए लोगों को वन विभाग के दफ्तर तक आने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी क्योंकि बल्कि इस योजना के तहत 7587014628 पर संपर्क करना होगा। जिसके बाद विभाग 2 से 3 दिन के भीतर पौधा लेकर सीधे घर पहुंचेगा। इस योजना के तहत एक व्यक्ति एक बार में ज्यादा से ज्यादा 5 पौधें की मांग कर सकता है। पांच से अधिक पौधों की मांग पर कोपाबेड़ा और कुम्हारपारा स्थित रोपणी से संपर्क कर पौधे प्राप्त किए जा सकते हैं।

### अधिकारियों ने किया पौधरोपण

इस अवसर पर कलेक्टर दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, वन मंडलाधिकारी रमेश कुमार, भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी नवीन कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने जिला कार्यालय परिसर में पौधों का रोपण भी किया। 05 जून 2024 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परिवार न्यायालय भवन परिसर कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव में न्यायिक अधिकारीगण/अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 05 जून 2024 को उत्तरा कुमार कश्यप जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में प्रिंशिला पॉल होरो, जिला अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, कमलेश कुमार जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.एस सी.) पॉक्सो कोण्डागांव, शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव एवं कु. गायत्री साय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव व समस्त अधिवक्तागण/कर्मचारीगण के द्वारा परिवार न्यायालय परिसर कोण्डागांव में बारी-बारी से विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर पर्यावरण दिवस मनाया गया। तथा प्रत्येक वृक्षो को एकत्र कर नाम देकर अधिकृत किया गया।

# एनएमडीसी विश्व पर्यावरण दिवस 2024 पर सुस्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है

## विश्व पर्यावरण दिवस 2024 पर पर्यावरण के संरक्षण की प्रतिज्ञा ली गई

पायनियर संवाददाता < हैदराबाद/रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के जिम्मेवार माइनर और सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक, एनएमडीसी ने हैदराबाद में अपने प्रधान कार्यालय और संपूर्ण भारत की परियोजनाओं में पर्यावरण पोषण की प्रतिज्ञा लेते हुए विश्व पर्यावरण दिवस 2024 मनाया। समारोह की शुरुआत औपचारिक दीप प्रज्वलन से हुई। तत्पश्चात अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) और बी. विश्वनाथ, सीवीओ एवं वरिष्ठ प्रबंधन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पर्यावरण की संरक्षण की प्रतिज्ञा ली। भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता की थीम के अनुरूप एक विशेष वीडियो जारी किया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए और सुस्थिरता के महत्व पर जोर देते हुए, अमिताभ मुखर्जी ने कहा, पृथ्वी एकमात्र ग्रह है जो जीवन का समर्थन करता है और स्वयं में सुधार करने की क्षमता रखता है, लेकिन सवाल उठता है कि हमें कौन संभालेगा? क्या हम जिम्मेदारी से रह रहे हैं और अपनी भविष्य की पीढ़ी के लिए संसाधनों को संरक्षित कर रहे हैं। हमें व्यक्तिगत स्तर पर अपने कार्बन फुटप्रिंट का ध्यान रखने की आवश्यकता है। हमारे कदम सीधे अंतर-पीढ़ी इक्विटी से संबंधित हैं, इसलिए बेहतर कल के लिए एक बुद्धिमान और स्थायी विकल्प चुनें। विनय कुमार ने सतत विकास के लिए जल प्रबंधन, वनों की कटाई, ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों के साथ



चर्चा की। उन्होंने आगे कहा, हमें संरक्षण पर कार्य करते हुए आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करना होगा। इस कार्यक्रम में अमिताभ मुखर्जी द्वारा एनएमडीसी पर्यावरण दिवस 2024 संस्मरणों का भी शुभारंभ किया गया। एनएमडीसी प्रधान कार्यालय में आयोजित पर्यावरण दिवस प्रतियोगिता के विजेताओं को अमिताभ मुखर्जी, विनय कुमार और बी विश्वनाथ ने सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी ने अपने प्रमुख परियोजना स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। पर्यावरण संरक्षण में अधिक जागरूकता और भागीदारी को बढ़ाने के लिए छात्रों और कर्मचारियों के लिए पोस्टर-बनाने और निबंध लेखन की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इन पहलों के माध्यम से, एनएमडीसी ने सुस्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में अपनी भूमिका की पुष्टि की। कंपनी पर्यावरणीय प्रबंधन को प्राथमिकता देती है, यह सुनिश्चित करती है कि इसके संचालन भूमंडल और भविष्य की पीढ़ियों के हित में योगदान दें।

# 05.00 लाख के ईनाम माओवादी मद्देड़ एरिया कमेटी सदस्य सहित 9 माओवादी गिरफ्तार

## हत्या, आईईडी लगाने, रोड काटने, पाम्पलेट लगाने एवं लेवी वसुली जैसे घटनाओ में थे शामिल

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान थाना फरसेगढ़ एवं मद्देड़ की कार्यवाही में अलग-अलग स्थानों से 09 माओवादियों को पकड़ा गया। थाना मद्देड़ क्षेत्रान्तर्गत सर्च कार्यवाही में सोमनपल्ली एवं बंदेपारा मार्ग से 04 माओवादियों को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से विस्फोटक, पिटठू, सेफ्टी फ्यूज, जिलेटिन स्टीक, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के शासन विरोधी पाम्पलेट एवं बैनर बरामद किया गया। थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत 15/05/2024 को थाना प्रभारी फरसेगढ़ की वाहन में आईईडी ब्लास्ट कर हमला करने में शामिल 05 माओवादी आरोपी को मंडेम-कुपरेल से पकड़ा गया। पकड़े गये माओवादियों पर 10-10 हजार का ईनाम उद्घोषित है। लच्छु पूनेम पिता स्व. पूनेम कोवा उम्र 35 वर्ष निवासी स्कूलपारा कांवड़गांव थाना गंगालूर, मद्देड एरिया कमेटी ईनाम 05.00 लाख, वर्ष 1998 से सक्रिय, रमेश कुड़ियम पिता वंगा कुड़ियम उम्र 28 वर्ष निवासी स्कूलपारा सोमनपल्ली थाना मद्देड़, पदनाम- मिलिशिया सदस्य/ वसूली का कार्य, वर्ष 2013 से सक्रिय, रमेश कुम्मा पिता स्व. पेंटा कुम्मा उम्र 25 वर्ष निवासी स्कूलपारा बंदेपारा थाना मद्देड़, पदनाम चलारम आरपीसी सीएनएम सदस्य, वर्ष 2007 से सक्रिय, कुम्मा पेंटा पिता कुम्मा रामा उम्र 22 वर्ष निवासी स्कूलपारा बंदेपारा थाना मद्देड़, पदनाम कचलारम आरपीसी सीएनएम सदस्य, वर्ष 2016 से सक्रिय, गुडडू कुम्मा पिता मैदा कुम्मा उम्र 25 वर्ष निवासी मण्डेम थाना फरसेगढ जिला बीजापुर, पदनाम मिलिशिया सदस्य,10.00 का ईनाम, वर्ष 2015 से सक्रिय, बुधु कुम्मा पिता नारंगो उम्र 30 वर्ष निवासी मण्डेम थाना फरसेगढ जिला बीजापुर पदनाम मिलिशिया सदस्य,10.00 का ईनाम, वर्ष 2012 से सक्रिय, सुरेश ओयाम पिता माण्डो ओयाम उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी मण्डेम गुबलपारा थाना फरसेगढ जिला बीजापुर, पदनाम मिलिशिया सदस्य, 10.00 का ईनाम, वर्ष 2015 से सक्रिय, विनोद कोरसा पिता स्व. मंगलू कोरसा उम्र 25 वर्ष निवासी कुपरेल थाना फरसेगढ़ पदनाम मिलिशिया सदस्य,10.00 का ईनाम, वर्ष 2015 से सक्रिय, मुन्ना कुम्मा पिता नरगो कुम्मा उम्र 25 वर्ष निवासी कुपरेल थाना फरसेगढ़, पदनाम- मिलिशिया सदस्य,10.00 का ईनाम, वर्ष 2015 से सक्रिय शामिल थे। थाना मद्देड़ क्षेत्रान्तर्गत डीआरजी के बल द्वारा सर्चिंग कार्यवाही के दौरान सोमनपल्ली एवं बंदेपारा जाने वाली रोड पर पहाड़ से सटे मार्ग के दोनो किनारे आईईडी लगाने की योजना बनाते 04 माओवादियों को पकड़ा गया। पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से विस्फोटक, पिटठू, सेफ्टी फ्यूज, जिलेटिन स्टीक, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के शासन विरोधी पाम्पलेट एवं बैनर बरामद किया गया। पकडे गये माओवादी क्षेत्र में आईईडी लगाने, लेवी वसुली, रोड काटने, पाम्पलेट लगाने, एवं मीटिंग के लिये ग्रामीणों को एकत्रित करते थे। 15/05/2024 को थाना प्रभारी फरसेगढ़ की वाहन में आईईडी ब्लास्ट करने की घटना में शामिल 05 माओवादी मिलिशिया सदस्यों को कुपरेल एवं मण्डेम से पकड़ा गया। पकड़े गये माओवादियों पर 10-10 हजार का ईनाम उद्घोषित है। पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना मद्देड एवं थाना फरसेगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है।

## गुलाबी पात्रो का निधन



**सरायपाली।** लेख रंजन बी. पात्रो (सेजेस इंग्लिश मीडियम) की माताजी गुलाबी पात्रो का स्वर्गवास हो गया। उनके गृह ग्राम तोषगांव में उनका दाह संस्कार किया गया। 79 वर्षीय गुलाबी पात्रो सुप्रसिद्ध जननेता स्व. कॉमरेड लोकनाथ बी. पात्रो की धर्मपत्नी थीं। सबके दुख सुख में शामिल होने वाली गुलाबी पात्रो अपने गृहग्राम तोषगांव एवं सरायपाली में एक सम्मानित महिला के रूप में जानी जाती थीं।

# नियमों की अनदेखी कर चल रहे 4 वाहनों पर लगाया गया 9500 रुपए का जुर्माना




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नियमों की अनदेखी करते हुए मुसाफिरों की जान से खिलवाड़ करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग के पास वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बिना फिटनेस या लायसेंस के वाहन चलाने वालों के साथ ही क्षमता से अधिक सामान का परिवहन करने वाले और मालवाहक वाहनों में सवारी बिठाकर ले जाने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। परिवहन विभाग द्वारा ऐसे 4 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 9500 रुपए का जुर्माना लगाया और नियमानुसार वाहन चलाने की चेतावनी दी।

# शाश्वत विकास की दिशा में और एक कदम बढ़ातें हुए मैग्निफ्लैक्स इंडिया की ओर से मैग्निजिओ की शुरुआत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मैग्निफ्लेक्स इस लक्ज़री मैट्रेस ब्रान्ड की ओर से मैग्निजिओ इस नए मैट्रेस की शुरुआत करनें की घोषणा की। यह मैट्रेस सर्वोत्कृष्ट आराम देनेंवाली होनें के साथ ही शाश्वत पर्यावरण की गारंटी भी देती है। विश्वभर में बढ़ते तापमान और पर्यावरण पर होनेंवाले घातक परिणाम के चलते यह दिखाई देता है की अपना ग्रह बड़े संकट की कगार पर खड़ा है। मैग्निजिओ की शुरुआत करतें हुए मैग्निफ्लेक्स इंडिया ने अब शाश्वत भविष्य की ओर अपनीं यात्रा शुरु की है। मैग्निफ्लेक्स ने यह योजना बनायी है की हर एक मैग्निजिओ की खरीद पर ग्राहक के नाम से एक पेड़ लगाया जाएगा और उस का प्रमाणपत्र उन्हें या उनकें



परिजनों के नाम से जारी किया जाएगा। अपनें इस नए उत्पाद के बारें में जानकारी देते हुए मैग्निफ्लेक्स के प्रबंध निदेशक आनंद निचानी ने कहा मैग्निफ्लेक्स ने हरदम बढ़ोत्तरी पर ध्यान देनें के साथ ही नवीनतम निर्मिती के साथ ग्राहकों के समाधान पर अधिक ध्यान दिया है। हर एक ग्राहकों की बदलती जरुरतों को पूर्ण करनें के लिए हमनें हरदम ग्राहकों को प्रिमियम स्लीप सोल्युशन्स उपलब्ध करानें पर हमें गर्व है। मैग्निजिओ के माध्यम से हम आरामदायक उपायों के साथ हम पर्यावरण के प्रती हमारी जिम्मेदारी भी हम पूर्ण कर रहें है।

# स्वस्थ समाज बनाएंगे, हम पर्यावरण को बचाएंगे थीम पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत कोंडागांव छत्तीसगढ़ विश्व पर्यावरण दिवस अंतर्गत 05 जून 2024 को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत् जिला के सभी विकासखंडों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समस्त जनपद पंचायतों, 20 संकुल स्तरीय संगठन एवं स्वच्छता समूह के महिला सदस्यों के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीण क्षेत्र में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजन कर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें फलदार एवं छायादार



पौधों का रोपण किया गया। उत्तर दिवस विश्व पर्यावरण दिवस पर विकासखंड स्तर पर 2575 पौधों से अधिक पौधों पर रोपण किया गया। स्वस्थ समाज बनाएंगे, हम पर्यावरण को बचाएंगे। पर्यावरण संरक्षण ही हमारी जिम्मेदारी है, इसके संरक्षण में हमारी भागीदारी। इस कार्यक्रम में भण्डार सिवनी फरसगांव, सीईओ फरसगांव, विनय सिंह जिला मिशन प्रबधंक, दुर्योधन मेघ जिला कार्यक्रम प्रबधंक, टिकेन्द हिरवानी विकासखंड प्रबधंक, महेश्वर राठौड़ यंग प्रोफेशनल उपस्थित रहे।

# लूट की झूठी घटना की कहानी बताकर पुलिस को गुमराह करने वाले आरोपी गिरफ्तार

## अवैध रूप से बिना लायसेंसी हथियार की खरीदी बिक्री करने वाले आरोपीगण गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लूट की झूठी कहानी बात कर पुलिस को गुमराह करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है । इस संबंध में सिटी कोतवाली में एसडीओपी मनोज तिर्की ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 03.06.2024 को जिला अस्पताल बेमेतरा में एक व्यक्ति की गोली मारकर कर घायल होने से उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती है कि सूचना पर बेमेतरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये घायल व्यक्ति चौधरी तस्लीम से पूछताछ करने पर घायल व्यक्ति द्वारा पुलिस को तीन अज्ञात व्यक्ति द्वारा काले कलर के पल्हार मोटर सायकल में जाकर लूट का प्रयास कर कट्टा में गोली मारकर लूट की झूठी घटना की कहानी चलाकर गुमराह किया। पुलिस द्वारा घायल व्यक्ति के बताये तथ्थयों की तस्दीक उपरांत घटना घटित नहीं होने की पुष्टि होने पर घायल व्यक्ति से अच्छी तरह पुछताछ करने पर घायल आरोपी चौधरी तस्लीम द्वारा बताया गया कि बेमेतरा में स्थित पेट्रोल पंप के मैनेजर दिनेश शर्मा द्वारा किसी गंभीर घटना कारित करने के उद्देश्य से विना लायसेसी देशी पिस्टल व राउण्ड खरीदने के लिए 70,000/- में रायपुर से मंगाना, चौधरी तस्लीम व अजय रायपुर से आये आरोपी सिमगा से प्राप्त कर देशी पिस्टल व राउण्ड मिलने पर त्या अपने पास पूर्व से रखे देशी पिस्टल व राउण्णा का तीन पेड़िया बाईपास बेमेतरा के सुनसान जगह में दोनों से अलग-अलग देशी पिस्टल टेस्ट फायर करना तथा कार में बैठकर टेस्टींग के दौरान देशी पिस्टल से फायर होकर आरोपी चौधरी तस्लीम के बाएं पैर में गोली लगने पश्चात तीन आरोपीगणो दिनेश शर्मा उर्फ महराज एवं अन्य द्वारा झूठी कहानी की योजना बनाकर घायल आरोपी चौधरी तस्लीम को जिला अस्पताल बेमेतरा में भर्ती कराने की घटना पर से थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में 04.06.2024 को अपराध धारा 25, 27, 29 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुये पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेज दुर्ग रामगोपाल गर्ग के संतृत मानिटरिंग एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक चन्द्रवेदव वर्मा व सायबर सेल प्रभारी उप निरी. मयंक मिश्रा एवं स्टाफ को अपराध विवेचना कार्यवाही में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना दौरान आरोपीगणों से पृथक पृथक नगदी रकम 70,000 रूपये, दो नग देशी पिस्टल, 06 नग राउण्ड, 02 नग मैग्जीन, नीले कलर की कार पा. सीजी 04 पीडी 7431 कीमती 8,00,000/6, एवं गोटर सायकल कमांक यूपी 195 1582 कीमती 40,000/रू. एवं तीन नग मोबाइल कीमती लगभग 28.000/रू. को जप्त किया गया।


## शपथ पत्र

मैं श्रीमती सोनू सिंह, पति हेमन्त सिंह बनाफर, उम्र-42 वर्ष, जाति-क्षत्री, निवासी कोर्ट कॉलोनी जशपुर, तहसील-जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.) की होकर निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक कथन करती हूँ:-

1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते की निवासी हूँ।
2. यह कि शपथकर्ता का विवाह श्री हेमन्त सिंह बनाफर, पिता स्वा. श्री चंद्रभान सिंह बनाफर, निवासी भटगांव, तहसील-बिलाईगढ़, जिला-सारंगढ़ (छ.ग.) के साथ विवाह दिनांक 05 जून 2002 को सामाजिक रिति रिवाज के साथ सम्पन्न हो चुका है।
3. यह कि विवाह से पूर्व मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में सोनू सिंह पिता श्री मधुसूदन सिंह, जाति-क्षत्री, निवासी ग्राम-खजांची टोली जशपुर, तहसील जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.) दर्ज है।
4. यह कि विवाह होने के पश्चात मेरा नाम श्रीमती सोनू सिंह बनाफर पति हेमन्त सिंह बनाफर, उम्र-42, जाति-क्षत्री, निवासी कोर्ट कॉलोनी जशपुर, तहसील-जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.) जानी एवं पहचानी जाती हूँ तथा सर्विस बुक, आधार कार्ड, बैंक पासबुक में व अन्य समस्त दस्तावेजों में नाम दर्ज करना चाहती हूँ।
5. यह कि मैं यह शपथ पत्र विवाह के पश्चात मेरा संशोधित सरनेम बनाफर मेरी सर्विस बुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक एवं आवश्यक दस्तावेज में अंकित किये जाने हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूँ।

शपथकर्ता

### सत्यापन

मैं श्रीमती सोनू सिंह पति हेमन्त सिंह बनाफर, उम्र-42 वर्ष, जाति-क्षत्री, निवासी कोर्ट कॉलोनी जशपुर, तहसील-जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.) को होकर यह सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 05 की समस्त बाते मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है।

जशपुर नगर
दिनांक 05.06.2024 सत्यापनकर्ता



## ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट – IVA) (नियम 8(6))

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में जिसे इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल–एचएफएल) कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गांव –122015 (हरियाणा) के पास बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री और शाखा कार्यालय "पहली मंजिल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रालपुर के सामने, सीजी 492001" वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम") के तहत जबकि आईआईएफएल–एचएफएल के प्राधिकारी अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नलिखित ऋण खातों/प्रोसपेक्ट सं. में जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया था, जिसमें आईआईएफएल–एचएफएल की बकाया राशियों की वसूली के लिए "जहां है जैसा है और बिना किसी आधार के बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट www.iiflonehome.com पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार(रों)/ सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण | सांकेतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. सुनील कुमार सिंह 2. एस के मोबाईल रिपेयरिंग सेन्टर 3. सपना सिंह (प्रॉस्पेक्ट नं. 838969) | 23.11.2019 रु. 25,42,743/– (रु. पच्चीस लाख ब्यालीस हजार सात सौ तैतालीस मात्र) बोली वृद्धि राशि: रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं. 179/24, पी.एच नं. 104, आर एन एम रायपुर, मौज़ा डांगनिया रायपुर, छत्तीसगढ़–492001 (क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट) | 11.06.2020 कुल बकाया दिनांक 03.05.2024 तक रु. 33,18,164/– (रु. तैतीस लाख अट्ठारह हजार एक सौ चौसठ मात्र) | रु. 19,18,000/– (रु. उन्नीस लाख अट्ठारह हजार मात्र) धरोहर राशि (ईएमडी): रु. 1,91,800/– (रु. एक लाख इक्यान्वे हजार आठ सौ मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि / समय |
|---|---|---|
| 19.06.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1400 बजे | 21.06.2024 को अपराह्न 05.00 बजे | 24.06.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1300 बजे |

भुगतान का प्रकार:– ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड द्वारा किया जाएगा। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा।
टिप्पणी: प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। सफल बोली पर शेष भुगतान के लिए आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से भुगतान करना होगा। खातों का विवरण इस प्रकार है: क) खाते का नाम:– आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नाम:– स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, ग) खाता संख्या:–9902879xxxxx उसके बाद प्रॉस्पेक्ट नंबर, घ) आईएफएससी कोड:– SCBL0036001 ङ) बैंक का पता: स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, 90 एम.जी. रोड, फोर्ट, मुंबई–400001

नियम और शर्तें:–
1. ई–नीलामी में भाग लेने हेतु, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के साथ अपना विवरण पंजीकृत करना आवश्यक है, को पहले से ही लॉगिन अकाउंट, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति के साथ अपना "निविदा फॉर्म" उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम के तहत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपने प्रस्ताव में सुधार करना होगा। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से 5 मिनट के लिए बढ़ाया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) जमा करना होगा और बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान के निर्धारित भुगतान के मोड से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टांप शुल्क, व्यय, और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित बकाये का वहन करना होगा।
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें। ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोली फॉर्म जमा करने से पूर्व।
6. विवरण के लिए, ई–नीलामी पर सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता ईमेल आईडी : care@iiflonehome.com सहायता हेल्पलाइन नं. 1800 2672 499 से संपर्क कर सकते हैं।
7. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए सोमवार से शुक्रवार 09:30 बजे से 18:00 बजे तक आईआईएफएल एचएफएल के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल पर care@iiflonehome.com लिखें
8. उपरोक्त उधारकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को वापस ले लें। अन्यथा आईआईएफएल–एचएफएल किसी भी परिस्थिति में संपत्ति के नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
9. इसके अलावा ऋणी को नोटिस दिया जाता है, यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
10. उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
11. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 की उप धारा (1) के तहत 15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना**

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान दिनांकित ब्याज और सहायक खर्चों के साथ करने के लिए सूचित किया जाता है। ऐसा न करने पर संपत्ति को नीलाम/बेच दिया जाएगा और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा

स्थान : छत्तीसगढ़, तिथि : 06.06.2024 हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

# मोहला-मानपुर ने बचाई दाऊ की लाज, पर इतनी भी नहीं कि जीत हासिल हो

## फिर चला गांधी, नेहरू परिवार व कांग्रेस के पंजे के प्रति आस्था का जादू, वनांचल में फिर फिसड्डी साबित हुई भाजपा, नेतृत्व पर सवाल, नाकामी सामने

पायनियर संवाददाता ‹ मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव संसदीय सीट में ऐसेनतीजे सामने आए कि विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेसी कब्जे की बदौलत जीत का सपना संजोए पूर्व सीएम भूपेश बघेल को मुँह की खानी पड़ गई। वहीं कांग्रेस के गढ़ मोहला मानपुर में कांग्रेस की परंपरागत बडी लीड में सेंधमारी के दावे कर रहे क्षेत्रीय भाजपाईयो की नाकामी बड़े रूप में फिर से सामने आई जहाँ भूपेश बघेल ने इस विधान सभा क्षेत्र में बीते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली लीड से कहीं ज्यादा 39340 मतों से लीड ली। ऐसा कतई नहीं है कि मोहला-मानपुर में कांग्रेसी विधायक काबिज हैं भूपेश बघेल को लीड मिली। दरअसल चुनावी इतिहास गवाह है कि इलाके की ग्रामीण जनता के बीच आजादी के बाद से ही बतौर स्वतंत्रता सेनानी गाँधी नेहरू परिवार और पंजे पर अगाध आस्था दिखती है। शायद यही बडी वजह है कि चाहे विधायक की बात करें या सांसद की इलाके की ग्रामीण जनता जो भी चुनाव में खड़ा हो कांग्रेस के पक्ष में ही ज्यादातर मतदान करती रही है। इलाके में कांग्रेसी विधायक का चुना जाना भी इसी की परिणीति लगता है।



### कांग्रेस अध्यक्ष का कुशल नेतृत्व, कांग्रेस परंपरा को बरकरार रखने में कामयाब, विधायक जमीन से दूर दिखे

दूसरी ओर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी का विधान सभा चुनाव के साथ साथ लोक सभा चुनाव में कुशल नेतृत्व उभरा है। अचानक से सरकारी नौकरी छोड़ विधायकी व कांग्रेस कुनबे में इंद्रशाह की दखल के तकरीबन बाद से अपने ही गढ़ में बिखरे कांग्रेस जनों, अवहेलना झेल रहे पुराने वरिष्ठ कार्यकताओं को फिर से एकजुट कर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी न केवल कार्यकर्ताओ को संगठित करने में बल्कि कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक को बरकारार रखते हुए उसमें बढ़ोतरी कराने में भी कामयाब हुए। वहीं लोकसभा चुनाव में विधायक को जमीनी स्तर पर उतने नहीं दिखे जितना स्वयं के लिए लड़े गए विधान सभा चुनाव में दिखे।

### भाजपाई दावों में शेर, जमीन में ढेर, विधान सभा के बाद लोकसभा में भी लुटिया डुबोई

आम तौर पर सोशल मीडिया व अन्य प्लेटफार्म में दावों में शेर की तरह बनने वाले भाजपाई विधानसभा की तरह लोकसभा चुनाव में भी ढेर नजर आए। बल्कि मोहला मानपुर में भाजपाईयों ने विधान सभा से बड़ी लुटिया लोकसभा चुनाव में भाजपा की डुबाई है। विधानसभा में भाजपा करीब 32 हज़ार वोटों से पिछडी थी। वहीं लोकसभा चुनाव में करीब 40 हजार वोट से भाजपा पिछड़ गई। इससे यही लगता है जैसे भाजपाई केवल दावों में ही सिमटे रह गए। अपने दावों को अमल में लाने में भाजपा नेतृत्व फै ल साबित हुई। ऐसा लग रहा है तथाकथित नक्सल खौफ़ के पर्दे पीछे छुपी क्षेत्रीय भाजपा की नाकामी लोकसभा चुनाव के नतीजे ने फिर से जाहिर कर दी। भाजपाई मोदी की गारंटी, डबल इंजन के महत्व व केंद्र तथा राज्य सरकार की उपलब्धीयों को ग्रामीण जनता तक बखूबी पहुंचाकर भाजपा के पक्ष में जनाधार जुटाने के बजाय दंभी दावों में ही मशगुल नजर रह जाते हैं ऐसा प्रतीत होता है। यही वजह है कि बीते विधान सभा चुनाव में इस इलाके में पहली बार मौजुदा कांग्रेस विधायक का विभिन्न मसलों में बड़ा विरोध सामने आने के बावजूद इस मौके को भुनाकर भाजपा को जिताने में भी भाजपाई नाकाम रहे।

### सीएम, डिप्टी सीएम व सांसद ने इनके भरोसे किया था जीत का दावा, इन्होंने झुठला दिया

चुनाव के पूर्व व चुनाव के दरम्यान क्षेत्रीय मीडिया द्वारा मोहला मानपुर में भाजपा संगठन की नाकामी व नेतृत्व की कमजोरी पर पूछे गए सवालों के जवाब ने इस चुनाव में मोहला मानपुर से बेहतर प्रदर्शन व जीत का दावा किया था। सीएम ने कहा था यहां भाजपा संगठन मजबूत है 4 जून का इंतजार कीजिये इस बार जनता का आशीर्वाद जरूर मिलेगा। डिप्टी सीएम व मोहला मानपुर के प्रभारी मंत्री ने हर चुनाव में मोहला मानपुर से भाजपा की हार व संगठन की कमजोरी के सवाल पर कहा था कि जनता से प्रार्थना में पहले कमी रही होगी इस बार ये कमी नहीं होगी। हम इस बार मोहला-मानपुर से भी जीत दर्ज करेंगे। वहीं सांसद संतोष पांडे ने भी मीडिया के समक्ष इस इलाके से जीत की बात कही थी। जाहिर सी बात है ये शीर्ष लीडरों ने क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियो पर मेहनत का भरोशा जताते हुए ही ये दावे किये थे व जीत की उम्मीद जताई थी। लेकिन क्षेत्र का भाजपा नेतृत्व व संगठन अपने शीर्ष लीडरों के भरोसे पर खरा नहीं उतर सके। ऐसे में भाजपा संगठन व नेतृत्व पर बड़ा सवाल उठना लाजमी है।

### उपयुक्त पदाधिकारी चयन व संगठन नेतृत्व में तो नहीं चूक रही भाजपा

लगातार भाजपा इस इलाके से हार रही है। भाजपा संगठन व नेतृत्व में इससे सवालिया निशान खड़ा होना लाजमी है। क्या भाजपा इस इलाके में कुशल नेतृत्व व काम के पदाधिकारी चयन करने में चूक रही है ये भी बड़ा सवाल है। कहीं एक दूसरे को गिराने के फे र में आपसी कलह के चलते भाजपा यहाँ उठ नही पा रही है और पार्टी की लुटिया यहाँ डूबी की डूबी है। ये भी बड़ा सवाल है। जिसपर बीजेपी आला कमान को गंभीरता से विचार करना होगा। ताकि एक दूसरे को गिराने के फे र में पार्टी को न उठा पाने का संभावित दौर भाजपा खेमे से दूर हो सके।

मोहला-मानपुर क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्यासी को बडी लीड मिली है। ये लीड और यहाँ से मिली जीत जनता जनार्दन व कार्यकर्ताओ को समर्पित है। आगे के चुनावों में हम और ज्यादा बेहतर प्रदर्शन करेंगे।
**-अनिल मानिकपुरी,** अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी मोहला-मानपुर

मोहला-मानपुर इलाके में हार के बारे में हम विचार करेंगे। पार्टी फोरम में बात रखेंगे। जो परिणाम है वो निश्चित ही अपेक्षित नही है। इसमें हम गहन विचार करेंगे।
**- मदन साहू,** जिला भाजपाध्यक्ष, मोहला मानपुर

# संस्कारधानी को उपेक्षित करने वाले को जनता ने सही सबक सिखाया : किशुन यदु

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अठारहवीं लोकसभा चुनाव के परिणाम आने पर राजनांदगांव लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडेय की जीत पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने उन्हें अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की हैं और राजनांदगांव लोकसभा की जनता का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि सुशासन पर दुबारा जो भरोसा जनता ने जताया है उसे हर कीमत पर पूरा किया जाएगा । किशुन यदु ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि मंगलवार को जो चुनाव परिणाम सामने आये हैं वो भूपेश बघेल के अहंकार का खात्मा है। पांच वर्ष मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने जिस तरह से राजनांदगांव की उपेक्षा की उससे आम जनता ने पहले ही तय कर लिया था कि किसी भी सूरत में उन्हें जीतने नहीं देना है । किशुन यदु ने कहा कि संतोष पांडेय जी के पांच



वर्षों के कार्यकाल में राजनांदगांव लोकसभा ने विकास के जो नए आयाम गढ़े हैं जनता ने उस पर फिर एक बार भरोसा जताया है और निश्चित तौर पर इस बार डबल इंजन की सरकार में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की हम नई गाथा गढ़ेंगे। किशुन यदु ने कहा कि पिछले पांच वर्षों तक राज्य में केवल घोटालेबाजों को संरक्षण , अपराध को बढ़ावा और तरह तरह के काले कारनामों के जरिये भूपेश बघेल ने केवल अपना और अपने अधिकारियों का घर भरने का काम किया लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही हमने ना सिर्फ अपराधों पर अंकुश लगाया बल्कि जनहित के मुद्दों पर तत्काल प्रभाव से काम करना शुरू किया । लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव की जनता ने अपना जनादेश भाजपा को दे कर फिर एक बार साबित कर दिया है कि किसी भी चुनाव में पैसे के दम पर जनता को खरीदा नहीं जा सकता । जनता सदैव केवल सुशासन को चुनती है और इस बार भी जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया ।

किशुन यदु ने कहा कि भूपेश बघेल के गुर्गों ने संस्कारधानी का माहौल खराब करने का लगातार प्रयास किया व् चुनाव के दोरान विवादित लोगों को सामने रख कर तरह तरह के हथकंडे अपनाये लेकिन जनता ने सरल सौम्य संतोष पांडेय पर भरोसा कायम रखा और अगले पांच साल हम फिर जनता के सहयोग से जनहित के सभी विकास कार्यों को पूरा करेंगे।

# 40 साल बाद नांदगांव की जनता ने दोहराया सांसद, भाजपा से ऐसा करने वाले पहले हैं संतोष

## बड़े अंतर से जीत का रिकॉर्ड अब भी कायम, पूर्व सीएम की हार का इतिहास भी रिपीट

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

1984 के आम चुनावों के बाद अब जाकर कोई सांसद राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में लगातार दूसरी बार चुना गया है। यह रिकॉर्ड संतोष पांडेय के हिस्से आया है। उन्होंने 2019 में जीत के बाद इस बार कांग्रेस के दिग्गज चेहरे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को शिकस्त देकर अपना ग्राफ बढ़ाया है।

भाजपा ने यहां सांसदों की टिकट दोहराने से भी खुद को अब तक दूर रखा था। लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने इस बार संतोष पांडेय पर भरोसा जताते हुए टिकट दी। जबकि इस दौरान ही कयास लगने शुरु हो चुके थे कि कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को यहां से मैदान में उतारकर इस सीट पर भाजपा के लिए चुनौतियां बढ़ा सकती है। हुआ भी यही। लोकसभा में भूपेश बनाम संतोष होने के बाद कांटे की टक्कर देखने को




मिली। 4 जून को मतगणना के दौरान भी भूपेश शुरुआती दौर में बढ़त में रहे। अधिकतर राउंड में दोनों के बीच कड़ा संघर्ष रहा। लेकिन अंततः परिणाम संतोष पांडेय के पक्ष में आए।

**डॉ. रमन से बड़ी जीत मिली :** आंकड़ों का एक दिलचस्प रिकॉर्ड भी है जो राजनांदगांव लोकसभा के चुनावी परिणामों से जुड़ा हुआ है। संतोष पांडेय यहां से दोबारा सांसद चुने गए पहले भाजपा उम्मीदवार हैं। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हराया है। कमोबेश ऐसी ही परिस्थितियां 1999 में बनीं थीं। तब अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे मोतीलाल वोरा को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया था। उनके सामने डॉ. रमन सिंह को चुनाव लड़ाया था जो कि उस समय पूर्व विधायक ही थे। इस चुनाव में अप्रत्याशित रुप से डॉ. रमन ने जीत दर्ज की थी। उनकी जीत का अंतर 26 हजार 715 था। जो कि इस संसदीय क्षेत्र में किसी विजेता की जीत का सबसे कम अंतर है।

**अभिषेक का रिकॉर्ड नहीं टूटा :** दूसरी ओर डॉ. रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह ने वर्ष 2014 में यहां से सांसदी का चुनाव लड़ा। तब भाजपा छत्तीसगढ़ में सरकार में थी। यह उनका पहला चुनाव था। कांग्रेस ने उनके सामने कमलेश्वर वर्मा को टिकट दिया था। अभिषेक की लोकप्रियता भी का नतीजा रहा कि उन्होंने इस संसदीय क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी लीड लेकिन 2 लाख 35 हजार 911 वोटों से चुनाव जीता। यह रिकॉर्ड अब भी कायम है।

# खरीफ में धान आधार, प्रमाणित बीजों के विक्रय दर निर्धारित

पायनियर संवाददाता ‹ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

किसानों हेतु खरीफ 2024 की तैयारी को देखते हुए कृषकों को सुविधा प्रदान करने के लिए जिले में इस वर्ष विभिन्न फसलों के कुल 5895 क्विंटल बीज वितरण करने का लक्ष्य तय किया गया है। जिनमें से कृषकों के अग्रिम उठाव हेतु अभी तक जिले के समस्त सहकारी समितियों में 4715 क्विंटल बीज भंडारित किया जा चुका है तथा भंडारण कार्य निरंतर जारी है।



उल्लेखनीय है कि शासन के द्वारा खरीफ 2024 में धान आधार/प्रमाणित बीजों के विक्रय दर निर्धारित किया गया है। जो इस प्रकार है धान (मोटा) 3400 दर (प्रति क्विंटल), धान (पतला) 3900 (प्रति क्विंटल), धान (सुगंधित) 4500 (प्रति क्विंटल), कोदो 7200 (प्रति क्विंटल), अरहर 11514 (प्रति क्विंटल), उड़द 12500 (प्रति क्विंटल), मूंग 11200 (प्रति क्विंटल), सोयाबीन 8200 (प्रति क्विंटल), मूंगफली 11900 (प्रति क्विंटल), तिल 19300 (प्रति क्विंटल), सन 11600 दर (प्रति क्विंटल) निर्धारित है इसके अलावा आधार बीजो के विक्रय दरें प्रमाणित बीजो के विक्रय दरो से 100 रू. प्रति क्विंटल अधिक होगी। अतः कृषक समितियों से भंडारित प्रमाणित बीज का तत्काल आवश्यकतानुसार अग्रिम उठाव कर सकते है। इसी प्रकार जिले में खरीफ 2024 हेतु 25200 मि.टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके विरूद्ध अभी तक 17070 मि.टन उर्वरक जिले में उपलब्ध है। जिनमें से यूरिया का 4764 मि.टन, डी.ए.पी. 3543 मि.टन, एस.एस.पी. 1605 मि.टन, पोटाश 1146 मि.टन एवं इफ्को का 2014 मि.टन भंडारण विभिन्न समितियों में कृषकों के उठाव के लिए भण्डारित हैं। शासन द्वारा दरें निर्धारित की गई है। जो इस प्रकार है

# वृक्षारोपण कर दी गई विधिक जानकारी

पायनियर संवाददाता ‹ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

ग्राम दपका और व्यवहार न्यायालय परिसर खैरागढ़ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यहां मनरेगा कार्य कर रहे मजदूरों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप ने पर्यावरण के बारे में बताते हुए कहा कि मनुष्य और पर्यावरण एक दूसरे के अभिन्न अंग है , पूरी सृष्टि प्रकृति और पर्यावरण पर निर्भर है। अगर प्रकृति संरक्षित होगी तो मानवीय जीवन सुरक्षित



होगा। मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग ने मनरेगा स्थल पर उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव द्वारा अपने हित के लिए लगातार पृथ्वी के संसाधनों का दोहन करने के कारण होने वाली क्षति को रोकने और पृथ्वी को बचाने के लिए पर्यावरण दिवस की शुरुआत की गई।

## विस मेंरिकॉर्ड 57 हजार वोटों से पिछड़े भूपेशबघेल, लगातार हार से कांग्रेस नेताओं की छविदांव पर

# पिछली हार के बाद इस बार नांदगांव में कांग्रेस चूकी, इसकी बड़ी वजह संगठन में लाईन नहीं, लीडरशीप कमजोर, जिम्मेदार नेताओं की खेमेबाजी भी उबरने नहीं दे रही

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

हॉट सीट रही राजनांदगांव लोकसभा में कांग्रेस चूक गई है। नतीजे दिखाते हैं कि, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जीत मुश्किल नहीं थीऔर वो कड़ी टक्कर में थे। कांग्रेस की हार का बड़ा कारण राजनांदगांव विधानसभा साबित हुई। यहां कांग्रेसी संगठन का निष्क्रियता, जिम्मेदार नेताओं के प्रयासों में कमी और गैरजरुरी-विवादास्पद नेता की दखल ने बड़ा नुकसान पहुंचाया।

संसदीय क्षेत्र की आठ में से तीन विधानसभा में भूपेश बघेल को बड़ी लीड हासिल हुई। मोहला-मानपुर में तो उन्होंने रिकॉर्ड ही कायम कर दिया। यहां से उन्हें 39 हजार 340 वोटों की बढ़त मिली। खुज्जी में 14 हजार 919और पंडरिया में 3 हजार



412 वोट से वे आगे रहे। इन तीन विधानसभाओं को मिलाकर 57 हजार 671 वोटों की बढ़त उन्हें मिली। जबकि अकेले राजनांदगांव विधानसभा में उन्हें 57 हजार 666 वोटों से हार मिली।

राजनांदगांव विधानसभा में कांग्रेस को मिली ये हार अब तक का सबसे गहरा आघात है। यह उस विधानसभा के परिणाम हैं जहां कांग्रेस के एक दर्जन से ज्यादा निगम-मंडल में जगह हासिल करने वाले नेता शामिल हैं। शहर की सत्ता भी यहां कांग्रेस के पास है। कुछ महिनों पहले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस को यहां उतनी बड़ी हार नहीं मिली थी जितनी इस बार मिली है। कवर्धा जैसी विधानसभाओं में भाजपा को लीड के लिए संघर्ष करना पड़ा। लेकिन राजनांदगांव में कांग्रेस डैमेज कंट्रोल करने के बजाए खुद ही बिखर गई और नतीजोंमें हारने नया रिकॉर्ड बना दिया।

### संगठन पर भरोसा नहीं कर पा रहा नेतृत्व

राजनांदगांव में कांग्रेस संगठन की खस्ताहाल स्थिति पार्टी को उबरने का मौका नहीं दे रही है। जिस तरह की खेमेबाजी, आरोप-प्रत्यारोप, शिकायतों का दौर और निष्क्रियता यहां के कांग्रेसी नेताओं में दिखती है उसने प्रदेश नेतृत्व के लिए भी मुश्किलें पैदा की हैं। यहां संगठन में जिस तरह की अस्पष्टता है उसके चलते जमीनी वास्तविकता नेतृत्व तक नहीं पहुंच पाती। हालात यह हैं कि इसके चलते प्रदेश संगठन किसी नेता पर भरोसा नहीं जता पा रहा है। राजनांदगांव के नेताओं को न प्रदेश संगठन में बड़ी जिम्मेदारियां मिलती हैं और न चुनाव में टिकट।

### विधायक का टकराव, पूरे जिले में संगठन ध्वस्त

संसदीय क्षेत्र में विधानसभा में विधायकों और कांग्रेसियों का अंदरुनी टकराव भी जगजाहिर है। छुरिया में विधायक भोलाराम साहूलगातार भिड़ंत को लेकर चर्चा में रहते हैं। पूर्व विधायक छन्नी साहू और छुरिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन को लेकर उनके तेवर कई बार सामने आ चुके हैं। इसी तरह डोंगरगढ़ में कांग्रेस विधायक हर्षित स्वामी बघेल और पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल का आपसी टकराव भी संगठन पर हावी है। खैरागढ़ में भी कमोबेश यही स्थिति है और विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा पर लाईन से अलग चलने, कांग्रेसियों को तवज्जो न देने की शिकायतें हैं। कुल मिलाकर, पूरे जिले में विधायकअपनी मनमानियां कर रहे हैं तो दूसरी ओरजिम्मेदार नेता खेमेबाजी और आरोप-प्रत्यारोप के सिलसिले को ही बढ़ा रहे हैं। संगठन के पास स्वीकार्य नेता न होने से पूरी पार्टी बिखरी हुई है।

### जनाधार घटना भाजपा की नैतिक हार का जनादेश : रूपेश दुबे

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं राजनांदगांव लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने जनादेश को स्वीकार करते हुए कहा कि राजनांदगांव लोकसभा में भाजपा की नैतिक हार हुई है क्योंकि 2019 के चुनाव में भाजपा ने 51 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे जो कि 2024 के इस चुनाव में घटकर 49.25 प्रतिशत हो गया है। इससे यह साबित हुआ है कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में जनता ने भाजपा को नकारा है। लोकतांत्रिक चुनाव में हार जीत एक सामान्य प्रक्रिया है लेकिन जिस प्रकार से इस चुनाव में भाजपा के मंदिर,धर्म, जातपात के मुद्दे को ध्वस्त कर सुनियोजित एग्जिट पोल को जनता ने फेल करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ़ मुखरित संदेश दिया है उससे भी साफ हुआ कि भाजपा का जनादेश घटा है। उसी क्रम में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में भी भाजपा की नैतिक हार का जनादेश जनता ने दिया है।

**नवाज के दखल से नाराजगी बढ़ी :** राजनांदगांव विधानसभा में मिली हार में प्रबंधन को लेकर भी कई तरह की चचाएं सामने आ रही हैं। मतदान से पहले कांग्रेस नेता नवाज खान का यहां अप्रत्यक्ष रुप से दखल देना भी इसमें शामिल है। राजनांदगांव, डोंगरगांव और डोंगरगढ़ और खैरागढ़ में नवाज ने अपने लोगों के मार्फत हस्तक्षेप किया। पहले ही संगठन में और कार्यकताओं में नवाज को लेकर गहरी नाराजगी है। चुनाव के दौरान नवाज के नाम पर कांग्रेस में भारी भिड़ंत की स्थिति भी रही। हालात यह रहे कि भूपेश नेनवाज को खुद से और चुनाव से भी प्रत्यक्ष रुप से दूर ही रखा।

# नाबालिग को झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी बादल कुमार रायगढ़ से हुआ गिरफ्तार, पहले सा था शादीशुदा

## पीड़िता को बरामद कर पुलिस ने परिजनों को सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

एक पहले से विवाहित व्यक्ति ने नाबालिग बालिका को झांसा देकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। मामला थाना नारायणपुर क्षेत्र का है। पीड़िता के पिता ने थाना में जाकर सूचना दिया कि इसकी नाबालिग पुत्री उम्र 16 साल 22 मई की रात्रि में खाना खाकर बड़ी बहन के पास सो गई थी, दूसरे दिन प्रातः में देखे कि इसकी पुत्री घर में नहीं है, आस-पास पता तलाश किये, उसका मोबाईल भी बंद था। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर धारा 363 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान सायबर सेल एवं मुखबीर के सहयोग से अपहृता का लोकेशन 4 जून को रायगढ़ में पता चलने पर



आगामी कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा तत्काल उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ के नेतृत्व में थाना नारायणपुर से एक टीम रायगढ़ भेजी गई, टीम द्वारा टारपाली थाना चक्रधरनगर के मोहल्ले में जाकर पतासाजी की जा रही थी उसी दौरान नाबालिग पीड़िता एवं संदेही बादल दोनों रोड में पैदल जाते हुये मिले, उनके पास एक 02 साल का बच्चा भी था। पुलिस टीम द्वारा उनको रोककर पूछताछ किया गया इसी दौरान पुलिस को पता चला कि वह बच्चा बादल कुमार का है, बादल सिंह की पत्नि कुछ दिन पूर्व अपने बच्चों को छोड़कर मायके में रह रही है। पुलिस द्वारा बादल कुमार को अभिरक्षा में लेकर वापस थाना लाया एवं नाबालिग बालिका को बरामद कर उसके परिजनों को सौपा गया। पुलिस द्वारा बादल कुमार से पूछताछ करने पर वह बताया कि वह रायग़ढ़ में काम करता है। उसका नाबालिग बालिका से विगत 03-04 माह से प्रेम संबंध है, उसे शादी करने का झांसा देकर 16 अप्रेल को दुष्कर्म किया है। बादल कुमार ने पूर्व से नाबालिग बालिका के साथ बातचीत कर 23 मई के प्रातः में 04 बजे बस से नाबालिग को कुनकुरी से रायगढ़ बुलाया एवं अपने बच्चे को साथ में रखने हेतु कहा, तब बादल कुमार ने अपने एक परिजन को फोन कर अपने बच्चे को कुनकुरी बस स्टैंड में लाने के लिए कहा, उक्त बच्चे को बादल कुमार के एक परिजन ने नाबालिग बालिका के गोद में रख दिया। तत्पष्चात् नाबालिग बालिका 10 बजे रायगढ़ पहुंची एवं एक अन्य व्यक्ति के मोबाईल से बादल कुमार को फोन कर सूचना दी, फिर बादल सिंह ने नाबालिग बालिका को वहां एक मोहल्ले में किराये के मकान में ले जाकर 23 अप्रेल से 4 जून तक शादी करने का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। बादल कुमार ने मकान मालिक को नाबालिक बालिका को अपनी पत्नी एवं बच्चे को स्वयं का बताया था, *अभियुक्त बादल कुमार उम्र 25 साल निवासी नवाटोली थाना कुनकुरी* का कृत्य उपरोक्त धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने पर उसे 5 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# छत्तीसगढ़ की जनता को कोटि कोटि नमन: रामविचार नेताम

## लोकसभा चुनाव में एक बढ़ोतरी के साथ सभी सीटें बरकरार

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 7 के विधायक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने सरगुजा संभाग सहित पूरे छत्तीसगढ़ में मिली जीत पर एक चर्चा के दौरान अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त कर 'विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को साकार किया है। केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्ता सम्हालने के लिए मिले जनादेश के दृष्टिगत पूरे देश भर में उत्साह का माहौल है। कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता बधाई की पात्र है जिन्होंने पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विगत 10 वर्षों से विकसित भारत के रूप में किए गए कार्यों को देखते हुए अपना मत प्रदान किया इसके लिए वह बधाई के पात्र है। अब छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार के माध्यम से विक्सित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए अब कोई दिक्कत सामने नहीं आएंगे। नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने 'सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास' के अपने उद्घोष में निहित 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के संकल्प के साथ काम किया है आगे भी यह करती रहेगी। नेताम ने कहा कि भाजपा-एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत के साथ जनता जनार्दन ने सत्ता सौंपी है और भाजपा जन-विश्वास की कसौटी पर खरी उतरेगी। नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को कोटि कोटि नमन है, जिन्होंने भरपूर आशीर्वाद देते हुए प्रदेश की 11 में से 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर भाजपा और मोदी जी पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। पिछले चुनाव में हमें 9 सीटें मिली थीं, हमारे केंद्रीय नेताओं के कुशल मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से हमने न केवल अपनी सभी सीटें बरकरार रखीं, बल्कि उसमें एक और बढ़ोतरी कर ली। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने इतिहास बनाया है आजाद भारत में केवल दूसरी बार ऐसा हुआ है जब कोई व्यक्ति लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रहा हैं।

# धमतरी, महासमुद, कवर्धा, राजनांदगांव के सूने मकानों में दिन में हुए चोरी का खुलासा, मुख्य आरोपी कर्नाल हरियाणा से अपने दोस्तो को बुलाया था चोरी करने

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



26 मई 2024 को दिन में श्यामा प्रसाद मुखर्जी निवासी मैत्री विहार कॉलोनी धमतरी के सूने मकान में अज्ञात चोरो द्वारा दरवाजा का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे चांदी के जेवरात एवं भगवान की मूर्तियां, चांदी के सिक्के एवं चांदी से बने अन्य सामान एवं नगदी रकम 200000. रु को चोरी कर फरार हो गये थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अज्ञात आरोपियो की पतासाजी करने सायबर सेल तकनीकी एवं थाना सिटी कोतवाली धमतरी को आरोपियों को पकड़ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। जिस पर सायबर सेल तकनीकी एवं सिटी कोतवाली धमतरी द्वारा आरोपी पतासाजी की जा रही थी। विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण किया गया, घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को बारिकी से अध्ययन किया गया। घटना स्थल के आसपास तीन व्यक्तियों का संदिग्ध हॉलत कॉलोनी में घुमते हुए देखा गया। चोरी करने के पहले एवं बाद में उनके आने-जाने के रास्ते धमतरी से रायपुर से दुर्ग क्षेत्रो में लगे लगभग 500 सीसीटीवी कैमरो का फुटेज को बारिकी से देखा गया। इसी प्रकार की घटना जिला कबीरधाम, महासमुंद, राजनांदगांव में हुये चोरी का सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर फुटेज का मिलान किया गया, तीनो घटना का वारदात तरिका एवं फुटेज से प्राप्त हुलिया एवं मोटर सायकल में समानता पाया गया। संदेही आरोपियों को पकड़ने हेतु 04 अलग-अलग टीम गठित कर आसपास शरहदी राज्यों एवं जिलो के लिये रवाना कर पतासाजी की जा रही थी। पतासाजी के दौरान टीम को मुखबीर से सूचना मिला की तीनों आरोपियों में से एक आरोपी का हुलिया दुर्ग निवासी शेख फैजल रूप में पहचान किया गया जो माह मई में चोरी के प्रकरण में जेल में निरूद्ध रहा है। जिसे पकड़कर पुछताछ करने पर अपने साथी कार्तिक वाल्मिकीए विशाल के साथ चोरी करना स्वीकार किया। फैजल के बताये अनुसार आरोपी कार्तिक एवं विशाल को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिनसे चोरी के घटना के संबंध में पुछताछ करने पर जिला धमतरी में चोरी करना स्वीकार किया गया एवं कड़ाई से पुछताछ करने पर जिला कबीरधाम, महासमुंदए राजनांदगांव में भी चोरी करना बताये। घटना का विवरण 20/04/24 को महासमुद, 22/05/24 को सोनी काली खेमड़ा थाना बसना, 23/04/24 को गोकुलधाम कालोनी कवर्धा, 28/05/24 मैत्री विहार कालोनी धमतरी, 29/05/24 कोई दर्शन काली कौरिणभाठा राजनांदगांव, बरामद सम्पत्ति- सोने-चांदी के जेवरात, नगदी रकम जुमला कीमती 7,13,000 रूपये, 1 नग मोटर साइकल, 01नाग इंडिगो कार, घटना में प्रयुक्त औजार। पकडे गये आरोपियो में विक्की वर्मा पिता स्व0 राजेश वर्मा उम्र 30 साल सा0 सड़क नं 09 पंप हाउस के पास जोन. 03 न्यू कुर्सीपार भिलाई, शेख फैजल पिता स्व. शेख मौजिब उम्र 23 साल साकिन पावर हाऊस निलाई कैंप-02 सोनकर मोहल्ला जिला दुर्ग। कार्तिक वाल्मिकी पिता देवराज वाल्मिकी उम्र 26 साल साकिन साकिन गंगल कालोनी पुरानी टैंक करनाल हरियाणा, विशाल वाल्मिकी पिता अनिल वाल्मिकी उम्र 21 साल साकिन मंगल कालोनी पुरानी टैंक करनाल हरियाणा,, लाला राम साहू पिता स्व0झड़ीराम साहू उम्र 48 साल साकिन मंगल बाजार छावनी जिला दुर्ग सोनार। उक्त आरोपी को पकड़ने में सायबर सेल तकनीकी प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे थाना प्रभारी सिटी कोतवाली धमतरी निरीक्षक शरद ताम्रकर, उनि लक्ष्मीकांत शुक्ला, सउनि अनिल यदुए सायबर सेल तकनीकी प्रआरए देवेन्द्र राजपूत, लोकेश नेताम आरक्षक आनंद कटकवार, कृष्ण कन्हैया पाटिल, वीरेन्द्र सोनकर, विकास द्विवेदी, युवराज ठाकुर, मुकेश मिश्रा, योगेश नागए दीपक साहू मनोज साहू, फनेश साहू योगेश ध्रुव, कमल जोशी, धीरज डड़सेना, गोपाल चन्द्राकर, किशोर देशमुख की सराहनीय भूमिका रही।

# 20 दिवसीय समर कैंप, कोचिंग क्लास एवं कैरियर गाइडेंस का हुआ समापन



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला साहू संघ धमतरी के निर्देशानुसार परिक्षेत्र साहू संघ दरबा द्वारा आयोजित 9वी, 10वी,11वी, 12वी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए हाईस्कूल चटौद और बिरेझर में कोचिंग क्लास, कैरियर मार्गदर्शन व सभी ग्रामीण में कक्षा पहली से आठवीं तक संचालित समर कैंप का जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू, जिला उपाध्यक्ष तोरण साहू, तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू, तहसील उपाध्यक्ष गायत्री साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष कमलेश साहू, प्रेमचंद साहू, रिखी राम साहू, संरक्षक विश्वनाथ साहू, संतराम साहू, सचिव ओमप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष केआर साहू,मंत्री नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष तुलेंद्र साहू, चित्ररेखा साहू, डॉ दुलारु राम साहू , ग्रामीण अध्यक्ष रामचंद्र साहू की आतिथ्य में समापन हुआ। सभी अतिथियों ने समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहे रचनात्मक कार्यों और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन.मन.धन से समर्पित सामाजिक पदाधिकारियों, शिक्षकों, मोटिवेशनल एवं कैरियर स्पीकरों की प्रशंसा किए। इससे हमारे धमतरी जिले का शिक्षा का स्तर उत्कृष्ट बनेगा स बच्चे रोजगार के साथ.साथ स्वरोजगार की ओर भी आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर शिक्षकगण, पालकगण व परिक्षेत्र पदाधिकारीगण, विद्यार्थीगण सहित सभी ग्रामीण अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यूथ हॉस्टल धमतरी ने किया पर्यावरण मित्रो का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




यूथ हॉस्टल धमतरी द्वारा 5 जून को प्रत्येक दिन वर्ष पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष धमतरी जिले के पर्यावरण मित्रो के सम्मान का कार्यक्रम धमतरी के मकई गार्डन में प्रातः 6 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पर्यावरण मित्र शत्रुघ्न पांडेय, मितेश राखेचा; जनजागरण सेवा समिति, पक्षी मित्र मोहन साहू, कु भूमिका मूलवानी, सर्प मित्र सूर्यकांत साहू एवं जल मित्र के रूप में भारतीय जैन संघटना धमतरी के जिला अध्यक्ष कुशल चोपड़ा जिला सचिव आकाश कटारिया राखी राखेचा उपस्थित रहे। यूथ हॉस्टल द्वारा सभी पर्यावरण मित्रो को श्रीफल, पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शत्रुघ्न पांडे ने बताया कि उनका जहां भी ट्रांसफर होता था वो उस क्षेत्र में वृक्षारोपण के माध्यम से उस क्षेत्र को हरा भरा करने का कार्य करते थे। धमतरी जिले के थाना कोतवाली, दुगली थाना, कुकरेल थाना एवं भखारा थाना सहित शहर के विभिन्न स्थानों में भी उनके द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया गया है। उनके द्वारा अभी तक 1 लाख 50 हजार से अधिक पौधारोपण किया जा चुका है। जिस समय इनके द्वारा यह कार्य प्रारंभ किया गया था उस समय जो लोग सहयोग करने के बजाय इन्हें पागल कहते थे वही लोग आज उनके इस कार्य की तारीफकरते नहीं थकते। मितेश राखेचा के बताया कि उन्होंने जब वृक्षारोपण का कार्य प्रारंभ किया तो उन्हें अपने मित्रो के साथ शहर के जागरूक युवाओं का तथा फॉरेस्ट विभाग का भी इस कार्य के लिए सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि आप किसी भी शुभ अवसर पर कुछ करे या न करे किन्तु कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसे एक साल तक संरक्षण जरूर प्रदान करे। ताकि आपके द्वारा लगाया गया पौधा वृक्ष बनकर लोगो को फल और छाया दे सके। इनके द्वारा भी हजारों पौधे लगाए गए है और उनमें से 200 से अधिक पौधे वृक्ष बनकर लोगो को छाया दे रहे है।

# शासकीय शिक्षक के दो बच्चे बनेंगें डॉक्टर संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के हैं विद्यार्थी

- संकल्प जशपुर से 6, कुनकुरी से 5 विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा की क्वालीफाई

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में खनिज निधि न्यास मद से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के दो विद्याथियों देव कुमार देवांगन ने 98.25 परसेंटाइल के साथ 720 में से 638 अंकों तथा तरुण कुमार देवांगन ने 96.50 परसेंटाइल के साथ 600 अंकों से नीट की परीक्षा क्वालीफाई है। दोनो ही विद्यार्थी सगे भाई हैं। लुड़ेग के निवासी इनके पिता सुरेन्द्र देवांगन पत्थलगांव विकासखण्ड के चिकनीपानी के शासकीय स्कूल में व्याख्याता है तथा माता मती ममता देवांगन गृहणी हैं। नीट की परीक्षा में जिलें के लिए रिकार्ड अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी देव कुमार देवांगन और उनके भाई तरुण को कलेक्टर रवि मित्तल और सीईओ अभिषेक कुमार ने बधाई दी है। जिला शिक्षा अधिकारी पी. के. भटनागर ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संकल्प शिक्षण संस्थान ने सफलता दुहराई है। संकल्प के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार संकल्प जशपुर से 06 तथा संकल्प कुनकुरी से 05 विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा क्वालीफाई की है। इस बार परीक्षा का कटऑफ सामान्य वर्ग मे 164-720 अंक, अपिव/अजा/अजजा के लिए 129-163 के बीच रहा है। संकल्प में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियो को एग्जाम ओरिएंटेड तैयारी कराई गई थी। पैटर्न बेस्ड प्रत्येक 15 दिन में पार्शियल और फुल सिलेबस टेस्ट का अभ्यास कराया गया था। क्वालीफाई करने वाले विद्यार्थियों में जशपुर से देव कुमार देवांगन, तरुण कुमार देवांगन, नीलम रत्नाकर, मेनका यादव, नेहा खलखो, सुनिधि खलखो और संकल्प कुनकुरी से वृंदा यादव, गोडविन एक्का, आशीस्था एक्का, विभा रानी यादव, प्राची प्रसाद हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर कुनकुरी के प्राचार्य युधिष्ठिर राम कैवर्त सहित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपर और कुनकुरी के सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# भाजपा प्रत्याशी राठिया की जीत पर विधायक रायमुनी ने बांटी मिठाई



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रत्यासी के भारी मतों से जीत पर जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने जशपुर में मिठाई बांट खुशी का इजहार किया,इस दौरान विधायक भगत ने मतदाताओं को भारी समर्थन देने पर आभार भी व्यक्त करते हुवे डबल इंजन की सरकार में विकास कार्य दोगुनी गति से होने का बात कहा। ज्ञात हो कि रायगढ़ लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्यासी के जीत का इजहार जशपुर विधायक ने मिठाइयां बांट किया,जीत का घोषणा होते हुए शहर के बस स्टैंड पहुंच विधायकभगत ने मिठाई बांट जनता का आभार व्यक्त किया। विदित हो कि जशपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्यासी के पक्ष में माहौल बनाने जशपुर विधायक ने पूरी ताकत झोंकी थी, इसी का प्रतिसाद है कि भाजपा के लोकसभा प्रत्यासी राधेश्याम राठिया को यहां 43 हजार से भी ज्यादा मतों से बढ़त मिला।जीत के बाद मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुवे जशपुर विधायक ने मिठाई बांट खुशी का इजहार किया और जनता को आश्वस्त किया कि डबल इंजन की सरकार में यहां विकास कार्य दोगुनी गति से होगा।

## पर्यावरण और प्रकृति की संरक्षण के लिए दिया जागरूकता संदेश

# कलेक्टर अग्रवाल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आम का पौधा रोपा। साथ ही अधिकारी कर्मचारियों ने भी परिसर में अमरूद, जामुन और रुद्राक्ष का पौधा रोपण किया। कलेक्टर अग्रवाल ने इस अवसर पर सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी से अपने घरों और आस-पास क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर पौधों को जीवित रखने की जिम्मेदारी लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले मानसून में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें और अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव और शहरों और जंगलों को खूब हरा-भरा बनाएं। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर द्वय राकेश गोलछा, पंकज डाहिरे, डिप्टी कलेक्टर रामसिंग सोरी, सहायक संचालक उद्यानिकी मिथिलेश देवांगन सहित कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य पर्यावरण और प्रकृति की संरक्षण करना है। प्रकृति के दोहन से वातावरण का तापमान बढ़ता है इससे लोगों को प्राकृतिक आपदा एवं जल संकट जैसी विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने हर साल बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका देख-भाल एवं संरक्षण के लिए संकल्प लेने कहा। वृक्षारोपण से जलवायु संतुलन बरकरार रहता है। साथ ही आसपास शुद्ध वातावरण और हरियाली भी बनी रहती है। वृक्षों से हमें सिर्फ छाया ही नही मिलता बल्कि शुद्ध वायु और फल-फूल आदि भी मिलते हैं।

# आपदा प्रबंधन के लिए बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ गठित किया निगम आयुक्त ने

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



आगामी बरसात के दिनो में अति वृष्टि होने पर नगर निगम भिलाई के निचली बस्तीयो में पानी भरने की संभावना बनी रहती है उसके बचाव के लिए नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बाढ़ से बचाव हेतु आपदा प्रबंधन के लिए बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ दल एवं कंट्रोल रूम की व्यवस्था नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में स्थापित की गई है। अपर आयुक्त अशोक कुमार द्विवेदी इसके नोडल अधिकारी होगें। जिनके मार्ग दर्शेन में अधिकारी एवं कर्मचारी आपदा प्रबंधन का कार्य संपादित करेगे। आवश्यकतानुसार नगर निगम का कंट्रोल रूम में ऑपरेटर राजदीप वैष्णव मो.नं. 9039136979, मिलाप साहू मो.नं. 9111681708 सुबह 6 से 2 एवं उमेश कोरी मो.नं. 8839022648, दिलीप कुमार हुमने मो.नं. 8234018349 दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक, उमा शंकर मो.नं. 998190447, टूम्मन लाल मो.नं. 6266620379, युवराज साहू मो.नं. 9970337382 रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक जो 24 घंटे खुले रहेगे अति वृष्टि के दौरान कंट्रोल रूम मे प्राप्त शिकायतो का निराकरण संबंधितो द्वारा किया जायेगा। सभी अधिकारी कर्मचारी अपने कार्य में मुस्तेद रहेगे।

# 1884 की मार्जिन से जीते भाजपा के भोजराज नाग, इधर कांग्रेस ने सत्ता का दुरुप्रयोग करने का लगाया आरोप

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

लोकसभा में एक बार फिर भाजपा ने अपने जीत का रिकार्ड कायम रखा। यहां से भाजपा के प्रत्याशी भोजराज नाग ने काटे की टक्कर में कांग्रेस प्रत्याशी बिरेश ठाकुर को 1884 से वोट से मात दे कर कांकेर लोकसभा के नए सांसद बने। मगर मंगलवार देर शाम तक कांग्रेस ने 1800 डाक मतपत्र जो रिजेक्ट किया गया था, उस पर फिर से रिकॉउंटिंग के लिए कांकेर में आवेदन दिया। जहा मामले को लेकर काफी गहमा गहमी भाजपा और कांग्रेस के बीच रही। वही गुंडरदेही विधानसभा अंतर्गत बूथ क्रमांक 157 में मतगणना नहीं होने का आरोप विधायक कुंवर निषाद ने लगाया और कुंवर ने बताया कि यहां करीबन 353 मत पड़े है। इस दौरान दिग्गज कांग्रेसियों ने मतगणना स्थल पर जमकर हंगामा किया, और धरने पर बैठ गए। मगर इस बार भी बालोद जिले के तीनों विधानसभा कांकेर लोकसभा में जीत के लिए काफी अहम भूमिका निभाई। तीनो विधानसभा संजारी बालोद से भाजपा 20894 वोट से आगे रही तो गुंडरदेही विधानसभा से 14875 वोट से लीड रही वही डौंडीलोहारा विधानसभा से कांग्रेस को 18209 की लीड मिली। जहा दोनो विधानसभा संजारी बालोद और गुंडरदेही की लीड ने भाजपा को बढ़त बनाने में अहम भूमिका निभाई। लेकिन इस बार की भाजपा की जीत 2019 की अपेक्षा कम रही। पिछले बार भाजपा को 6914 वोट से जीत हासिल की थी। वही इस बार जीत आंकड़ा कम हो गया जिससे ये तो कहा जा सकता है कि कांग्रेस को वोट प्रतिशत पहले की अपेक्षा इस बार ज्यादा रहा है। विधानसभा चुनाव में मिली तीनो सीट पर जीत के बाद ये माना जा रहा था कि इस जीत का मार्जिन लोकसभा में भी कांग्रेस को मिलेगा, मगर ऐसा नही हुआ जहा इस बात को लेकर कांग्रेस खेमे में मायुसी साफ नजर आई। जिले के तीनों विधानसभा का मतगणना पाकुरभाट के लाइलीहुड कॉलेज में किया गया। मतगणना के दौरान दिन भर कांग्रेस और भाजपा के समर्थक कॉलेज की गेट के बाहर डटे रहे, तो मतगणना स्थल में गणना में बैठे कार्यकताओं के पसीने हर चक्र पर छुटते नजर आए। जहां कभी बीजेपी आगे होती तो कभी कांग्रेस। इस कांटे की टक्कर में आखिर भाजपा के भोजराज नाग ने बाजी मार ली।





## शहर से लेकर गांव में परिणामों पर लगी रही नजर

लोकसभा चुनाव के परिणाम को लेकर शहर से लेकर गांव में लोगों की नजर दिनभर मोबाइल टीवी स्क्रीन पर लगी रही। वहीं चुनावी परिणाम को देखने के लिए बालोद नगर के बस स्टैंड, घड़ी चौक और ग्राम झलमला चौक के पास में बड़ी स्क्रीन लगाकर लोगों ने चुनावी परिणाम का लुत्फ उठाया। एनडीए और इंडिया गठबंधन के परिणामों को लेकर चौक चौराहा से लेकर पान ठेलो और चाय की दुकान में सरकार किस की बनेगी इस बात को लेकर जम कर बहस कहा सुनी देखी गई और लोग एक दूसरे के साथ शर्त लगाते नजर आए।

## जीत का मार्जिन कम क्या मोह हुआ भंग

भाजपा की कांकेर लोकसभा में जीत का मार्जिन बहुत कम रहा, जो पिछले बार के जीत मार्जिन से 5 हजार कम बताया जा रहा है, ऐसे में यह कहना लाजमी नहीं होगा कि कांकेर लोकसभा से धीरे-धीरे भाजपा का मोह जनता के बीच से कम होता जा रहा है। मतदान के बाद से ही जहां भाजपा इस बार कांकेर लोकसभा को 50 हजार से 1 लाख वोट से जितने का दावा कर रही थी, मगर दावे सारे फे ल हो गए। छत्तीसगढ़ में 10 सीट में भाजपा जीती, जिसमे 9 सीटो में जीत का मार्जिन 50 हजार से 2 लाख के बीच का रहा। वही कांकेर लोकसभा में ही भाजपा को मामूली सी मार्जिन में संतुष्ट होना पढ़ा।



जब से छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार आई है, किसानों, महिलाओं और हर वर्ग के लिए काम हुआ है, दो साल का रुका बोनस हो या धान के अंतर की राशि हो, हमने सभी वादों को पूरा किया है, पहले विधानसभा चुनाव के परिणामो में हम पीछे रह गए थे, लेकिन वर्तमान में जो लगातार देश मे मोदी की गांरटी पूरी हो रही है, उज़की वजह से कांकेर का यह परिणाम आया है, हमने 10 लोकसभा जीती है, जिसमें भाजपा के हर कर्मठ कार्यकर्ता का प्रयास रहा है, जिसका यह परिणाम है।

**- पवन साहू,** जिलाध्यक्ष, भाजपा



जीत तो जीत होती है इसके लिए कांकेर लोकसभा की जनता का धन्यवाद लीड थोड़ी कम है, लेकिन संघर्ष पूर्ण रिज़ल्ट आया है, सभी कार्यकताओं और प्रत्याशी की मेहनत रही है। भाजपा इस सीट को लागातार जीत रही है, इस बार भी जीत का रिकार्ड कायम है, कांग्रेस अब हार रही है तो डाकमत पत्र का बहाना कर रही है सिर्फ अपने मन संतुष्टि के लिए वो कर रही है जीत तो हमारी हुई है।

**- यशवंत जैन,** बस्तरसहक्लस्टर प्रभारी लोकसभा चुनाव भाजपा



डौंडीलोहारा से इस बार भी कांग्रेस को लीड मिली है, मेरे विधानसभा की जनता ने फिर एक बार न्याय पर मुहर लगाई है, मैं अपने विधानसभा की जनता को तहे दिल से आभार प्रकट करती हूं, रही बात लोकसभा में इतने कम अंतर से हार की तो मैं बता दूं राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से यह सत्ता का दुरुपयोग कर रही है, और इस परिणाम में भी साय सरकार ने प्रशासन का इस्तेमाल कर परिणाम को तब्दील किया है।

**-अनिला भेड़ियां,** विधायक, डौंडीलोहारा



दूसरे दलों के विधायक होने के बाद भी कांकेर लोकसभा में भाजपा जीती है, ये बड़ी बात है सभी कार्यकताओं ने खूब संघर्ष किया है, भाजपा के नीति और योजनाओं पर जनता ने मुहर लगाया है। ये जीत सब की जीत है। कांकेर लोकसभा में भाजपा चुनाव जीत कर अपने जीत का रिकॉर्ड कायम रखी है।

**- यज्ञदत्त शर्मा,** सह संयोजक कांकेर लोकसभा भाजपा



भाजपा सरकार ने अपने सत्ता का दुरुपयोग किया है, जिला प्रशासन का इस्तेमाल कर मेरे गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 157 की गणना ही नहीं की गई है और जब हम इसका विरोध करने लगे तो हमारे ऊपर ही प्रशासन के द्वारा दबाव बनाया गया, हम का पुनः मतगणना का आवेदन उप जिला निर्वाचन अधिकारी को सौप चुके है।

**-कुंवर सिंह निषाद,**
विधायक, गुंडरदेही विस

# लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक शिवरतन शर्मा को मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने मिठाई खिला कर दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में भाजपा के बेहतरीन प्रदर्शन और एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने पर भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक शिवरतन शर्मा को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर राम प्रताप सिंह, संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों एक -दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। लोकसभा चुनाव के परिणाम जारी होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा के पक्ष में परिणाम आने पर कार्यकर्ताओं का




आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज का ये दिन हमारे देश और प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भी सभी जो संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दी और कहा कि विधानसभा में हमने 54 सीट पर जीत दर्ज कराई और लोकसभा में भी 11 में से 10 सीट हमने जीता हैं। जनता ने हमें जनादेश दिया है उसपर खरा उतरना है। मोदी की गारंटी जिस पर हम काफी काम कर चुके हैं उससे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ना है। कार्यक्रम को लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक शिवरतन शर्मा ने भी संबोधित किया और कहा कि इंडी गठबंधन को कुल मिलाकर जितनी सीटें मिली है उससे ज्यादा पर अकेले भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली हैं और छत्तीसगढ़ में भी हमने ऐतिहासिक जीत दर्ज की हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि 100 दिन में हमारी सरकार ने जो काम किया है उस पर छत्तीसगढ़ की जनता ने भरोसा जताया उसके लिए हम समस्त जनता को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। हमारे लाखों कार्यकर्ता भाई-बहनों ने जो मेहनत की है उसकी बदौलत ही हम इस बहुमत को प्राप्त कर सके हैं। इसके लिए उन्होंने सभी देवतुल्य कार्यकर्ता भाई-बहनों का आभार व्यक्त किया।

# डीएसपी ने बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वाले पुलिस कर्मियों का काटा चालान

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

यातायात नियमों का उल्लंघन करना अब पुलिस कर्मियों को भी भारी पड़ने वाला है। आमतौर पर देखा गया है कि यातायात पुलिस कर्मी बिना हेलमेट बाइक चलाते हैं। इसे लेकर एसएसपी ने सभी पुलिस स्टाफ को दोपहिया चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने पर उन्हें दुगना जुर्माना भरना पड़ेगा। दरअसल 4 जून को लोकसभा चुनाव मतगणना के दौरान इंजिनियरिंग कालेज सेजबहार में यातायात व्यवस्था के लिए सुबह 5 बजे से अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई थी। यातायात थाना से दो कर्मचारी एक प्रधान आरक्षक एवं एक आरक्षक अपने दोपहिया वाहन से बिना हेलमेट लगाये ड्यूटी स्थल पर पहुँचे थे। इंजिनियरिंग कालेज चौक पर पहले से उपस्थित उप पुलिस अधीक्षक गुरजीत सिंह ने देखा और दोनों को रोककर हेलमेट नही लगाने का कारण पूछा।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403